www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, रविवार, 2 अगस्त 2026 | कृष्ण पक्ष-चतुर्थी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 174 | पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

प्रीति-जैस्मिन-सोमन-साक्षी-प्रिया-अरुंधति ने जीते गोल्ड, जादुमणि को सिल्वर, भारत को अब तक 11 स्वर्ण पदक

■ कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत मेडल टैली में पांचवें स्थान पर पहुंचा

ग्लासगो/ए.। भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स में 10वां गोल्ड मेडल जीत लिया है। शनिवार को 4 मुक्केबाजों ने गोल्ड दिलाए। इनमें जैस्मिन लांबोरिया, प्रीति पवार, साक्षी चौधरी, प्रिया घंघास के बाद अरुंधति चौधरी ने विमेंस बॉक्सिंग के फाइनल मैच जीते। भारत ने पहली बार एक ही गेम्स में 5 बॉक्सिंग ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रीति ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी

हरियाणा की बॉक्सर प्रीति ने 2022 एशियन चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज और 2023 एशियन गेम्स में भी ब्रॉन्ज मेडल जीता। प्रीति 2024 पेरिस ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। 2026 एशियन चैंपियनशिप में उन्होंने गोल्ड मेडल जीता, जबकि 2025 वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल में भी गोल्ड अपने नाम किया। प्रीति की ट्रेनिंग एनएस एनआईएस पटियाला में होती है।

11	15	08
गोल्ड मेडल	सिल्वर मेडल	ब्रांज मेडल

साक्षी ने इंग्लैंड की खिलाड़ी को 5-0 से हराया

महिलाओं के 51 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में भारत की साक्षी चौधरी ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्होंने पूरे मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और यूनानिमस डिसीजन 5-0 से जीत हासिल की। साक्षी ने मुकाबले के दौरान बेहतरीन रणनीति अपनाई। उन्होंने बाएं हाथ से प्रतिद्वंद्वी के पंचों को रोका और दाएं हाथ से लगातार सटीक जवाबी हमले किए। उनके कई पंच सीधे प्रतिद्वंद्वी के चेहरे पर लगे, जिससे मुकाबले में उनकी पकड़ मजबूत होती गई।

स्प्लिट डिसीजन में जीतीं प्रिया

महिलाओं के 60 केजी फाइनल मुकाबले में भारत की प्रिया घंघास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। कड़े मुकाबले में उन्होंने स्प्लिट डिसीजन (4-1) से जीत हासिल की। प्रिया ने मुकाबले की तेज शुरुआत की, लेकिन उनकी प्रतिद्वंद्वी अल-अहमदियेह ने भी कुछ सटीक पंच लगाकर जोरदार जवाब दिया। फाइनल राउंड में दोनों मुक्केबाजों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। प्रिया थकी हुई नजर आ रही थीं, लेकिन उन्होंने लगातार आक्रामक रुख बनाए रखा और दमदार पंच लगाती रहीं।

नीरज चोपड़ा ने जीता सिल्वर

शुक्रवार को कॉमनवेल्थ गेम्स के आठवें दिन भारत ने कुल 6 मेडल जीते। सभी की नजरें नीरज चोपड़ा पर थी, जिन्होंने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। उन्होंने 85.83 मीटर का थ्रो किया। यशवीर सिंह ने ब्रोंज जीता, जिन्होंने 85.41 मीटर का अपना पर्सनल बेस्ट थ्रो किया। नीरज ने भी यशवीर की तारीफ की। स्पर्धा में श्रीलंका के रुमेश पथिराजे ने गोल्ड मेडल जीता, जिन्होंने 89.75 मीटर का थ्रो किया।

आज बेबाक

जिसका नाम ही पप्पू हो वह पप्पूगिरी नहीं तो और क्या करेगा? संसद परिसर में पप्पू यादव ने भगवा धारण कर साधु के वेश में जो शैतानी की है और भगवान श्रीराम के चित्र का अपमान किया है वह अक्षम्य है। उसके इस कुकृत्य पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के सांसद न सिर्फ खीसें निपोर रहे थे बल्कि इस नौटंकी के पात्र भी बने थे। इन कालनेमियों ने अपना असली चेहरा दिखा दिया है। इन्हें सबक नहीं सिखाया गया तो कल को पप्पू पगलेट संसद परिसर में पता नहीं और क्या करेगा? इसकी संसद सदस्यता तत्काल खत्म की जानी चाहिए।

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में पहलगाम जैसा हमला, दोनों श्रमिक छत्तीसगढ़ के निवासी, सीएम साय ने किया मुआवजे का ऐलान

आतंकियों ने ईंट भट्ठा मजदूरों के नाम पूछे 2 हिंदुओं को अलग करके गोली मारी, मौत

श्रीनगर/ए.। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में शुक्रवार रात पहलगाम जैसा हमला हुआ। आतंकवादियों ने ईंट-भट्ठे पर काम कर रहे 2 हिंदू मजदूरों को नाम पूछकर गोली मार दी। दोनों मृतक छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे।

हमले में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, दूसरे ने शनिवार सुबह श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मारे गए युवकों की पहचान 24 साल के दीपक रात्रे और 28 साल के भूपेंद्र भैना के रूप में हुई है।

भट्ठे पर यही दोनों हिंदू थे: अधिकारियों के अनुसार, हमला कुलगाम से करीब 20 किलोमीटर दूर केलाम में हुआ। स्थानीय लोगों के मुताबिक, उन्होंने 10-12 राउंड फायर की आवाज सुनी। घटना के समय वहां कई प्रवासी मजदूर थे, लेकिन सिर्फ यही दोनों हिंदू थे। इस हमले के बाद घटनास्थल के चारों तरफ करीब दो किलोमीटर का इलाका सील कर दिया गया है। आतंकियों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

4 माह पहले रोजी-रोटी की तलाश में पत्नी के साथ कश्मीर गए थे भूपेंद्र भैना

सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ वनांचल स्थित ग्राम छुइया निवासी मजदूर भूपेंद्र भैना की हत्या कर दी गई। घटना की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, भूपेंद्र भैना करीब तीन से चार महीने पहले अपनी पत्नी के साथ रोजी-रोटी की तलाश में कश्मीर गए थे। परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य होने के कारण वे मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। उनके माता-पिता और छोटा भाई भी रोजगार के सिलसिले में हिमाचल प्रदेश में मजदूरी करते हैं। भूपेंद्र का एक छोटा बच्चा गांव में अपनी दादी और बुआ के साथ रहता है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों के अनुसार, मासूम बच्चे को अभी तक यह नहीं बताया गया है कि उसके पिता अब कभी घर नहीं लौटेंगे। भूपेंद्र के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार कश्मीर में ही किए जाने की चर्चा है। हालांकि, परिजन और ग्रामीण उनकी अंतिम विदाई पैतृक गांव में हो, इसके लिए शव को छत्तीसगढ़ लाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने सरकार से पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने और शव गांव लाने की मांग की है।

श्रमिकों के परिजनों को 20-20 लाख की आर्थिक सहायता देंगे सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में आतंकवादियों द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रवासी श्रमिकों पर किए गए कायराना हमले में सक्ती जिले के निवासी दीपक रात्रे तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के निवासी भूपेंद्र भैना के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस जघन्य और अमानवीय आतंकी घटना की कठोर शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना मानवता के विरुद्ध अपराध है और ऐसे कायराना कृत्य किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस दु:ख की घड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार शोकाकुल परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता और मजबूती से खड़ी है। उन्होंने घोषणा की कि राज्य सरकार की ओर से दोनों दिवंगत श्रमिकों के परिजनों को 20-20 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

डिप्टी सीएम शर्मा ने की मृतक के परिजनों से बात

रायपुर/नवप्रदेश। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में छत्तीसगढ़ के दीपक रात्रे एवं भूपेन्द्र की निर्मम हत्या की सूचना मिलते ही उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान तत्काल दोनों दिवंगतों के परिजनों से दूरभाष पर चर्चा की। उन्होंने शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाते हुए इस कठिन समय में राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। श्री शर्मा ने अधिकारियों को भी आवश्यक समन्वय एवं हरसंभव सहायता करने के निर्देश दिए।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने एडीजी इंटेलिजेंस से की बात

रायपुर/नवप्रदेश। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के किलम क्षेत्र में आतंकवादियों ने दो मजदूरों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। हमले में दोनों मजदूर की मौत हो गई। हमले में दीपक कुमार रात्रे पिता उमा शंकर रात्रे, निवासी वार्ड 3, ग्राम बुंदेली, जिला जांजगीर-चांपा और भूपेंद्र कुमार भैना, पिता दशरथ भैना, निवासी एच.एन. 128, छुइया, बलौदा बाजार क्षेत्र के रूप में हुई है। दोनों छत्तीसगढ़ के निवासी हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष व सक्ती विधायक डॉ. चरणदास महंत ने आंतकी हमले की जानकारी लगने के बाद छत्तीसगढ़ के एडीजी गुप्तचर अमित कुमार से घटना की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही छत्तीसगढ़ के दो मजदूर की हुई मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों से संपर्क स्थापित कर आवश्यक सहयोग करने को कहा है।

ईरान पर भरोसा खत्म हो रहा, हम बहुत जोरदार हमला करेंगे: ट्रंप

वॉशिंगटन डीसी/ए.। अमेरिका और इजराइल ईरान के ऊर्जा ढांचे पर बड़े हमले की तैयारी कर रहे हैं। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, इस हफ्ते बिजली संयंत्रों और तेल रिफाइनरियों को निशाना बनाया जा सकता है। इस सैन्य योजना पर शुक्रवार को कैंप डेविड में हुई ट्रम्प की कैबिनेट बैठक में भी चर्चा हुई।

बैठक के दौरान ट्रम्प ने कहा, 'हम ईरान पर बहुत जोरदार हमला करेंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि अब उन्हें ईरान पर भरोसा नहीं रहा, क्योंकि 'वे झूठ बोलते हैं, बातचीत की बात करते हैं, लेकिन बार-बार अपना वादा तोड़ देते हैं।

अमेरिका हमला करता है तो जवाब पूरी तैयारी के साथ देंगे: ईरान - दूसरी तरफ ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अगर अमेरिका हमला करता है तो उसका जवाब पूरी तैयारी के साथ दिया जाएगा। उनके मुताबिक, जवाबी कार्रवाई में अमेरिका और इजराइल के अहम सैन्य ठिकानों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया जाएगा।

आईएफएस अधिकारी ओपी यादव बने पीसीसीएफ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के वरिष्ठ अधिकारी ओपी यादव (1995 बैच) को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) के पद पर पदोन्नत कर दिया है। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा शनिवार को इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किया गया। जारी आदेश के अनुसार, वर्तमान में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं प्रभारी प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव प्रबंधन एवं जैव विविधता संरक्षण-सह-मुख्य वन्यजीव वार्डन) के रूप में कार्यरत ओपी यादव को पदोन्नत कर प्रधान मुख्य वन संरक्षक बनाया गया है।

गरमा-गरम

सीबीआई का दावा-टामन ने घर से कैंडिडेट्स को दिया प्रश्न पत्र

■ ईडी कथित मनी लॉन्ड्रिंग, पैसों के लेन-देन और मनी ट्रेल की करेगी जांच

रायपुर/नवप्रदेश। सीजीपीएससी भर्ती घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व सीजीपीएससी अध्यक्ष टामन सोनवानी को विशेष अदालत में पेश किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अब ईडी कथित मनी लॉन्ड्रिंग, पैसों के लेन-देन और मनी ट्रेल की जांच आगे बढ़ाएगी। इससे पहले केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने इसी मामले में टामन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रश्न पत्र सरकारी आवास से देने का आरोप

सीबीआई की जांच में दावा किया गया है कि परीक्षा का प्रश्नपत्र कथित तौर पर टामन सोनवानी ने अपने सरकारी आवास पर कुछ कैंडिडेट्स को उपलब्ध कराया था। इसके बाद उप परीक्षा नियंत्रक ललित गणवीर के माध्यम से लीक प्रश्नपत्र कारोबारी तक पहुंचा। जांच एजेंसी के अनुसार, कारोबारी के बेटे और बहू ने उसी प्रश्नपत्र के आधार पर तैयारी की।

पहले एयरपोर्ट के नाम एक ही परिवार पर थे: मोदी

■ आंध्र प्रदेश में भोगपुरम एयरपोर्ट समेत 18000 करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू

अमरावती/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने आंध्र प्रदेश के भोगपुरम में कहा कि पहले एक ही परिवार के नाम पर एयरपोर्ट हो जाते थे, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने इसे बदला है। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार में विकास तेज गति से हो रहा है।

पीएम मोदी ने भोगपुरम में अल्लूरी सीताराम राजू एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इसके साथ ही कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आज का दिन आंध्रप्रदेश के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रधानमंत्री मोदी का कांग्रेस पर तंज

पीएम ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, पहले जो एयरपोर्ट बनते थे एक ही परिवार के नाम से चढ़ जाते थे, लेकिन हमारी सरकार ने इस परम्परा को समाप्त किया। हमने अयोध्या के हवाई अड्डे का नाम वाल्मीकि और पंजाब के हवाई अड्डे का नाम संत रविदास के नाम पर रखा। केंद्र की एनडीए सरकार ने फैसला किया है कि इस नए हवाई अड्डे का नाम अल्लूरी सीताराम राजू के नाम पर रखा जाएगा।

छोटे शहरों के लोग भी कर रहे हवाई यात्रा: प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले बारह सालों में देश के एविएशन सेक्टर ने असाधारण प्रगति की है। 2014 तक देश में केवल 74 एयरपोर्ट चालू थे। आज यह संख्या 166 है। एक समय था जब हवाई यात्रा केवल बड़े शहरों तक ही सीमित थी, लेकिन एनडीए सरकार के तहत, अब छोटे शहरों के आम लोग भी हवाई यात्रा कर पा रहे हैं। हाल ही में सरकार ने उड़ान योजना का दूसरा चरण शुरू किया है, जिसके लिए 29 हजार करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

सीएमओ लिखी कार की टक्कर से 2 महिलाओं की मौत, एक घायल

■ कांग्रेस जिलाध्यक्ष की बर्थडे पार्टी से लौट रहे थे, डैमेज कार नगर-पालिका में खड़ी मिली

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले के तखतपुर में 'सीएमओ' लिखी स्कोडा कार की टक्कर से बाइक सवार दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घटनास्थल से टूटी हुई 'सीएमओ' लिखी नंबर प्लेट जब्त कर जांच शुरू कर दी है। घटना जरहागांव थाना क्षेत्र की है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मुंगेली कांग्रेस जिलाध्यक्ष ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बाइक सवार 2 महिलाओं की मौत, युवक गंभीर

हादसे के समय बाइक पर ग्राम मझगांव निवासी भुनेश्वर साहू (32), किरण बांसोड़ (36) और हेमलता साहू (39) सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सड़क पर दूर जा गिरे। सिर पर गंभीर चोट लगने से किरण बांसोड़ और हेमलता साहू की मौत हो गई, जबकि भुनेश्वर साहू गंभीर रूप से घायल हो गया।

जीएसटी कलेक्शन में बम्पर उछाल

■ जुलाई में 2.11 लाख करोड़ पर पहुंचा जीएसटी संग्रह

नई दिल्ली/ए.। वित्त मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत का ग्रॉस गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) कलेक्शन जुलाई महीने में सालाना आधार पर 15.4% बढ़कर 2.11 लाख करोड़ (2.11 ट्रिलियन) रुपये पर पहुंच गया है। यह इस वित्त वर्ष के सबसे मजबूत मासिक प्रदर्शनों में से एक है, जिसमें मजबूत घरेलू लेनदेन और आयात से होने वाले कर संग्रह में आई तेज उछाल का बड़ा योगदान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रिफंड और चालू वित्त वर्ष के शुरुआती आंकड़े

जुलाई के दौरान जारी कुल रिफंड 13.1% बढ़कर 29,968 करोड़ रुपये रहा। वहीं, नेट घरेलू जीएसटी राजस्व 10.5% बढ़कर 1.27 लाख करोड़ रुपये हो गया और आयात से मिलने वाला नेट जीएसटी राजस्व 30.3% चढ़कर 54,223 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। चालू वित्त वर्ष (वित्तीय वर्ष 2027) के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) की बात करें तो ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 10.1% बढ़कर 8.42 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि नेट जीएसटी राजस्व 9.2% बढ़कर 7.21 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि में घरेलू जीएसटी संग्रह 4.5% बढ़कर 5.99 लाख करोड़ रुपये और आयात से मिलने वाला जीएसटी राजस्व 26.9% बढ़कर 2.43 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया।

मुलाकात : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय मंत्री से पर्याप्त रेलवे रैक उपलब्ध कराने का किया आग्रह

5 लाख मीट्रिक टन चावल उठाव के लिए मिले पर्याप्त रैक

रायपुर/नई दिल्ली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ से 5 लाख मीट्रिक टन चावल के शीघ्र उठाव तथा हर महीने पर्याप्त रेलवे रैक उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि इससे चावल के परिवहन में तेजी आएगी, गोदामों में नई फसल के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध होगी और किसानों से धान खरीदी की प्रक्रिया और अधिक सुचारु रूप से संचालित हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में छत्तीसगढ़ को केंद्रीय पूल के लिए 73 लाख टन चावल उपलब्ध कराने का लक्ष्य मिला है। चावल के समयबद्ध उठाव को सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने राज्य को हर महीने कम से कम 250 रेलवे रैक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मुख्यमंत्री के आग्रह पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह भी उपस्थित थे।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मिले सीएम विष्णुदेव साय, प्रदेश के विकास पर चर्चा

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से सौजन्य भेंट की। शिष्टाचार मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच छत्तीसगढ़ के विकास, सुशासन, संगठनात्मक समन्वय तथा जनहित से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों और केंद्र -राज्य समन्वय से आगे बढ़ रही विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी भी साझा की।

सेवा, शिद्दत और संकल्प से करें काम, बेमेतरा को बनाएं प्रदेश का अग्रणी जिला: अरुण साव

बेमेतरा/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जिले के समग्र विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक को संबोधित करते हुए साव ने अधिकारियों से कहा कि वे सेवा, शिद्दत और संकल्प के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा बेमेतरा को विकास के हर क्षेत्र में प्रदेश का अग्रणी जिला बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करें। उन्होंने कहा कि बेमेतरा भौगोलिक एवं प्रशासनिक दृष्टि से अनुकूल जिला है, जहां बेहतर कार्य करने की अपार संभावनाएं हैं।

उन्होंने कहा कि एक सफल अधिकारी वही होता है जो पूर्व नियोजित कार्ययोजना के साथ निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करता है। सभी अधिकारी जनसेवक की भावना से कार्य करते हुए जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरें, स्वयं का नियमित मूल्यांकन करें तथा अपनी कमियों को दूर कर बेहतर परिणाम सुनिश्चित करें।

मानसून, कृषि एवं स्वास्थ्य पर विशेष जोर

उप मुख्यमंत्री ने मानसून को देखते हुए किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने, मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने तथा जल संरक्षण, जल संवर्धन और जल संचयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत निर्मित योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कर उनके सुचारु संचालन पर भी बल दिया।बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ग्राम पंचायतों के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए।

समय–सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश

श्री साव ने जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी स्वीकृत निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, आदिवासी विकास प्राधिकरण सहित अन्य निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की।

हर पात्र हितग्राही तक पहुंचे योजनाओं का लाभ: उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए अधिकारियों को मैदानी स्तर पर सक्रिय रहकर समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करना होगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि सहित सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने, कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

जल संरक्षण, पर्यावरण एवं स्वच्छता पर विशेष फोकस

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण के बीच जल संकट और प्रदूषण बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। इसलिए जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने वर्षा जल संग्रहण, पुराने तालाबों एवं नहरों के जीर्णोद्धार, जल संरक्षण अभियान, व्यापक वृक्षारोपण, पार्कों के विकास तथा प्रदूषण नियंत्रण के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरे के पृथक्करण और सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई पर विशेष जोर दिया।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ खेल गतिविधियों को बढ़ावा

श्री साव ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ खेल गतिविधियों को भी बढ़ावा देना आवश्यक है। खेल बच्चों में अनुशासन, रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सामाजिक सहभागिता विकसित करते हैं तथा उन्हें नकारात्मक गतिविधियों से दूर रखते हैं। उन्होंने सभी बच्चों को खेलों से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।

न्यूज गैलरी

पीएमश्री आत्मानंद स्कूल में शाला प्रबंधक समिति का गठन

मगरलोड/नवप्रदेश। पीएम श्री आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल भैंसमुंडी मगरलोड में शाला प्रबंधन समिति एसएमसी का गठन किया गया बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य दयाराम साहू ने किया । उक्त बैठक में पालक समिति से 18 सदस्यों का चयन किया गया और 7 सदस्य मनोनीत कर 25 सदस्यों का जनभागदारी समिति चयन किया गया। इसी बिच जनभागदारी समिति अध्यक्ष का चयन चुनावी प्रक्रिया से रेखा साहू को चुना गया और तुमनचंद साहू को उपाध्यक्ष, एवं संस्था के प्राचार्य दया राम साहू को सचिव चुना गया। नगर पंचायत प्रतिनिधि पार्षद खिलावन साहू, और श्री मति तामेश्वरी सत्यनारायण साहू, शिक्षक समिति से हरि राम साहू और सु श्री हंसा सिंह, शिक्षा विद केवल राम साहू और राजेश साहू, पालक समिति से भेख राम सिन्हा, महमूद खान, नीलम साहू, देवेश साहू,मनोज पटेल, फलेंद्र कुमार साहू, देवकरण सेन, तामेश्वर सेन, श्रीमती यमुना, पुष्पांजलि, सत्यवती, प्रेमीन, फ़ोश्वरी, तारिणी, हेमलता, को चुना गया। शाला प्रबंधन समिति अभिभावकों जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों के समन्वय और उनके प्रयासों से विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में महेंद्र सिंह ठाकुर की सह सचिव में ऐतिहासिक जीत

डोंगरगाँव/नवप्रदेश। जिला अधिवक्ता संघ राजनांदगांव के हुए चुनाव में सह सचिव महेंद्र सिंह ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पंकज गुप्ता को भारी अंतर से पराजित किया। चुनाव परिणाम के अनुसार महेंद्र सिंह ठाकुर को कुल 371 मत प्राप्त हुए, जबकि पंकज गुप्ता को 185 मत मिले। वहीं 23 मत अवैध घोषित किए गए। इस तरह महेंद्र सिंह ठाकुर ने 186 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर सभी उम्मीदवारों में सर्वाधिक मत हासिल किए। इस जीत के पीछे वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ-साथ युवा अधिवक्ताओं का भी विशेष योगदान रहा। चुनाव परिणाम घोषित होते ही न्यायालय परिसर में उनके समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जीत के बाद महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि वे अधिवक्ताओं के विकास और कल्याण के लिए सदैव समर्पित रहेंगे तथा आने वाले समय में अधिवक्ताओं के हितों की मजबूती से लड़ाई लड़ी जाएगी। महेंद्र सिंह ठाकुर की इस बड़ी जीत से उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। देर रात तक जिला न्यायालय परिसर में समर्थकों द्वारा आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया गया। गौरतलब है कि महेंद्र सिंह ठाकुर, राजपूत क्षत्रिय समाज डोंगरगांव के विधिक सलाहकार भी हैं।

मुंशी प्रेमचंद ने भारतीय जनमानस में राष्ट्रीय चेतना का संचार किया: जायसवाल

धमतरी/नवप्रदेश। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के कुशल दिशा निर्देश एवं डॉ.गौकरण प्रसाद जायसवाल सहायक प्राध्यापक हिंदी के मार्गदर्शन में मुंशी प्रेमचंद जयंती का आयोजन किया गया । प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रेमचंद ने अपने उपन्यास और कहानी में भारतीय किसानों की पीड़ा, मानवीय चेतना, शहरी एवं ग्रामीण जीवन का सुंदर चित्रण किया है,उनकी रचनाएं आज भी प्रासंगिक है। डॉ.गौकरण प्रसाद जायसवाल ने मुंशी प्रेमचंद जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए हिंदी साहित्य में उनके योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद ने अपनी रचनाओं के माध्यम से जहां एक ओर भारतीय जनमानस में सांस्कृतिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय चेतना जागृत किया, वहीं दूसरी ओर दलित, किसान, मजदूर के जीवन-संघर्ष, जमींदारों एवं साहूकारों के शोषण, समाज में व्याप्त जातिभेद, दहेज प्रथा, विधवा विवाह, बाल विवाह,अनमेल विवाह जैसी समस्याओं का जीवंत एवं यथार्थ चित्रण किया है। खुशबू साहू पंचम सेमेस्टर की छात्रा ने प्रेमचंद जी की कहानियों एवं उपन्यासों के प्रमुख पात्रों की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डाला,पंचम सेमेस्टर की छात्रा विभा एवं प्रथम सेमेस्टर की छात्रा रूपाली ने मुंशी प्रेमचंद जी के जीवन संघर्षों को उल्लेखित किया । इस अवसर पर जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू , ओंकार साहू सेवानिवृत सैनिक एवं परसराम साहू हवलदार भारतीय थल सेना, तेजराम साहू जनभागीदारी समिति के सांसद प्रतिनिधि,ग्रीन आमदी के सदस्य लोकेश साहू , तरुण बनर्जी सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, अंकित कुमार बोधवानी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, डीगेश्वर अटल सहायक प्राध्यापक भूगोल, महाविद्यालय के हिंदी साहित्य एवं सभी संकाय के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

जिपं उपाध्यक्ष उपेंद्र की पहल पर पतगंवा मुख्य सड़क निर्माण को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत पतगँवा की वर्षों से लंबित मुख्य सड़क निर्माण की मांग को आखिरकार प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। इस स्वीकृति के बाद ग्रामवासियों में खुशी का माहौल है और लोगों ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। जानकारी के अनुसार, जिला पंचायत चुनाव के दौरान ग्रामवासियों ने वर्तमान जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र बहादुर सिंह से पतगँवा की जर्जर मुख्य सड़क के निर्माण की मांग की थी। उस समय उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि यदि उन्हें जनसेवा का अवसर मिला तो पतगँवा में सबसे पहला कार्य सड़क निर्माण का कराया जाएगा। चुनाव में विजय प्राप्त करने के बाद श्री उपेंद्र बहादुर सिंह ने छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर ग्रामवासियों की लंबे समय से चली आ रही इस मांग से अवगत कराया। उन्होंने पतगँवा की मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति का उल्लेख करते हुए शीघ्र निर्माण की मांग रखी।

नारी महानदी पुल हत्या के सनसनीखेज मामले का बड़ा खुलासा

चावल व्यवसाय में प्रतिस्पर्धा से उपजी रंजिश में 27 वर्षीय नीरज साहू की हत्या

कुरूद पुलिस ने 21 वर्षीय आरोपी को किया गिरफ्तार

धमतरी/कुरूद/नवप्रदेश। विदित हो कि थाना कुरूद के मर्ग क्रमांक 118/2026, धारा 194 बीएनएसएस की जांच के दौरान मृतक नीरज साहू पिता खुमान साहू, उम्र 27 वर्ष, निवासी कुण्डेल, चौकी करेलीबड़ी, थाना मगरलोड, जिला धमतरी की मृत्यु संदिग्ध परिस्थितियों में होना पाया गया।

दिनांक 22.07.2026 को नारी महानदी पुल के ऊपर मुख्य मार्ग पर नीरज साहू का शव खून से लथपथ अवस्था में मिला था। मृतक के गले एवं माथे पर गंभीर चोट के निशान पाए गए थे तथा घटनास्थल पर उसका बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक CG-06-GT-7675 भी खड़ा मिला था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा शव पंचनामा, घटनास्थल निरीक्षण, गवाहों एवं परिजनों के कथनों तथा उपलब्ध साक्ष्यों की बारीकी से जांच की गई। जांच में धारदार वस्तु से हमला कर हत्या किए जाने की पुष्टि होने पर थाना कुरूद में अपराध क्रमांक 221/2026, धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी धमतरी भावना पांडेय द्वारा तत्काल थाना कुरूद, थाना मगरलोड एवं साइबर टीम की अलग-अलग टीमें गठित कर आरोपी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धमतरी, शैलेन्द्र कुमार पांडेय एवं नव पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवचरण पटेल,डीएसपी. भानूप्रताप चंद्राकर, एसडीओपी कुरूद रागिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में पुलिस टीमों ने लगातार कई दिनों तक घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन जांच की। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य विश्लेषण एवं लगातार घटना से जुड़े संभावित मार्गों एवं क्षेत्रों में लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाला गया।

इसके साथ ही पुलिस टीम ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों, संदिग्ध गतिविधियों, घटनाक्रम एवं उपलब्ध सुरागों का सूक्ष्म विश्लेषण किया। लगातार की गई मेहनत और साक्ष्यों के आपसी मिलान के बाद संदेही बिरेंद्र कुमार साहू तक पुलिस पहुंची।

पुलिस की सतत मेहनत से हत्याकांड का हुआ खुलासा कुरूद पुलिस, मगरलोड पुलिस एवं साइबर टीम द्वारा घटनास्थल से लेकर संभावित मार्गों तक लगातार साक्ष्य जुटाते हुए सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य एवं अन्य उपलब्ध सुरागों का बारीकी से विश्लेषण किया गया।

पूछताछ में आरोपी ने किया हत्या का खुलासा

संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने मृतक नीरज साहू की हत्या करना स्वीकार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह एवं मृतक दोनों चावल का व्यवसाय करते थे। मृतक का व्यवसाय अच्छा चलने एवं उसकी कमाई अधिक होने के कारण आरोपी उसके प्रति अंदर ही अंदर रंजिश रखता था। इसी रंजिश एवं द्वेष के चलते आरोपी ने मौका पाकर नारी महानदी पुल के सुनसान स्थान पर मृतक को रोककर कैंची एवं पाना से हमला कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कैंची एवं पाना बरामद कर गवाहों के समक्ष विधिवत जप्त किया गया है।

साइकिल वितरण-प्रवेश उत्सव के साथ शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न

मगरलोड/नवप्रदेश। पी एम श्री आत्मानंद स्कूल भैंसमुंडी मगरलोड में छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना के तहत सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत सायकल वितरण और नव प्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर और पुस्तक वितरण कर प्रवेश उत्सव मनाया गया एवं पालक समिति के सदस्यों को शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती अंबिका मरकाम विधायक सिहावा ने अपने उद्बोधन कहा की दलगत राजनीति से उठ कर कार्य करना है शिक्षकों के साथ मिल कर काम करे। पलकों की भी जिम्मेदारी होती है और नगर सहित स्कूल का नाम रोशन होगा टॉप करने से स्कूल की व्यस्था सुधारने के लिए बहुत अच्छा व्यवस्था चल रहा है जिला में शिक्षा व्यवस्था सुधारे के लिए चल रहा है 10लाख शेड निर्माण के लिए घोषणा किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्रीमती मिना डेमू साहू जिला पंचायत सभापति अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चे लोग अच्छे से पढ़ाई कर अपने माता पिता के साथ अपने स्कूल और शिक्षको का नाम रोशन करे और मोबाइल से दूर रह कर पढ़ाई में ध्यान दे।

अवैध मादक पदार्थों की बिक्री जोरों पर पुलिस की कार्य शैली पर उठे सवाल

बलौदाबाजार /नवप्रदेश। बलौदाबाजार जिला ब्लॉक सिमगा के अंतर्गत आने वाला गांव हतबंद इन दिनों अवैध शराब दारू गांजा तथा सट्टा के कारण काफी चर्चा में है। बता दे की ग्राम पंचायत हतबंद के 15 किलोमीटर के दायरे में सिमगा, तिल्दा सुहेला वह भाटापारा स्थित है और इन सभी जगह पर थाना स्थित है। उसके बावजूद हथबंद ग्राम में थाना खोला गया है। जानकारों का कहना है की हतबंद में थाना खोलने का एकमात्र आशय अवैध संलिप्त गतिविधियों को नियंत्रित करना तथा नशा को क्षेत्र से जड़ से खत्म करना था, जो कि आज विपरीत स्थिति में है थाना खुलने के पहले से स्थिति और ज्यादा गंभीर हो गई है इससे पहले यहा चौकी था, जिसे थाना के रुप मे तबदिल किया गया, लेकिन थाना खुलने के बाद अवैध नशा का कारोबार मे बेइंतेहा बढ़ोतरी हुई है जिससे अवैध कारोबार और फलने फूलने लगा है। सूत्रों का यह भी कहना है कि थाना खुलने के पहले दारू और गांजा गांव में बेचा जाता

था लेकिन थाना बन जाने के बाद से सट्टा, मारपीट, चोरी जैसे घटना में अत्यधिक वृद्धि हुई है। हाथबंद थाना पुलिस की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है, जिससे क्षेत्रवासियों व ग्रामीणों में बहुत ज्यादा रोष व्याप्त है। अवैध गतिविधियों में पुलिस प्रशासन को संरक्षण देने का आरोप भी आमजन के द्वारा लगाया गया है।

कुछ लोगों का यह भी कहना है कि थाना परिसर में पार्किंग तथा प्रार्थियों के लिए बैठने तक की जगह व सुविधा नहीं है, जिससे मजबूर होकर प्रार्थी व आरोपियों के परिवार के लोगों को भारी परेशानी व वाहन रखने के लिए असुविधा होती है, जिसे लेकर घोर रोष व्याप्त है। क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर लगाम नहीं लगाने पर आम जनता अब सड़क की लड़ाई लड़ने की तैयारी कर रही है।

परपोड़ी नगर पंचायत में नियुक्त एल्डरमैन ने किया शपथ ग्रहण

परपोड़ी/नवप्रदेश। गुरुवार को नवनियुक्त 3 एल्डरमैन का शपथग्रहण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में साजा विधानसभा की विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना उपस्थित रहे । नवनियुक्त एल्डरमैन टीकम साहू, सनत कुमारी वैष्णव एवं आकाश सिंह राजपूत को एसडीएम, साजा पिंकी मनहर ने शपथ दिलाया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया। शपथग्रहण कार्यक्रम नगर पंचायत परपोडी के डोम शेड में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन सीएमओ विनीत कुमार सिंह ने किया। सभी जगहों के कार्यक्रम में से अतिथियों ने नगर पंचायत परपोड़ी के कार्यक्रम की प्रशंसा की है। कार्यक्रम में विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि मैं नवनियुक्त तीनों एल्डरमैन को बधाई देता हूं। हमे वटवृक्ष की तरह रहना है जो राहगीरो को छाया देता है। हमे अपने वाणी का उपयोग सम्हलकर करना है। हमारा नगर पंचायत परपोड़ी का कार्यालय सुंदर लग रहा है वैसे ही वार्डो को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। विष्णु देव साय सरकार ने अपनी घोषणाओं को पूरा किया । मेरे विधानसभा के हर नगर और ग्राम का विकास हो रहा है। पूर्व विधायक लाभचंद बाफना ने कहा कि बहुत प्रसन्नता का विषय है कि आज तीन नवनियुक्त एल्डरमैन का शपथग्रहण हुआ ।

सरस्वती साइकिल योजना से छात्राओं के सपनों को मिलेगी नई उड़ान : राकेश जालान

पेण्ड्रा/नवप्रदेश। सरकारी पारा विद्यालय, पेण्ड्रा में आज सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिलों का वितरण गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद पेण्ड्रा के अध्यक्ष श्री राकेश जालान ने छात्राओं को साइकिलें वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

अपने संबोधन में श्री जालान ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने वाली महत्वपूर्ण योजना है। इससे दूर-दराज़ से आने वाली छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी, समय की बचत होगी तथा उनकी पढ़ाई नियमित रूप से जारी रहेगी। उन्होंने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के पश्चात श्री जालान ने विद्यालय का निरीक्षण किया तथा विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं आवश्यक विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके।

नगर पालिका अध्यक्ष श्री राकेश जालान ने कहा, एक शिक्षित बेटी पूरे परिवार और समाज को आगे बढ़ाने की क्षमता रखती है। हमारी प्राथमिकता है कि क्षेत्र की प्रत्येक बेटी बिना किसी कठिनाई के शिक्षा प्राप्त करे।

बठेना वार्ड का महापौर रामू रोहरा ने किया दौरा, समस्याओं का मौके पर निराकरण

- वार्डवासियों की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान का दिया भरोसा

धमतरी/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम धमतरी के महापौर श्री जगदीश (रामू) रोहरा एवं बठेना वार्ड के पार्षद श्री श्यामलाल नेताम जनसमस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से बठेना वार्ड पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वार्ड के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण कर आम नागरिकों से सीधे संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व बठेना वार्ड के नागरिकों ने महापौर श्री रामू रोहरा से मुलाकात कर पट्टा, सड़क, नाली, पेयजल, जल भराव, आवास एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया था। उसी के क्रम में महापौर स्वयं वार्ड पहुंचकर मौके पर स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

महापौर श्री रामू रोहरा ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक की समस्या का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करना है। उन्होंने वार्डवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जाएगा।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 20.07.2026

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
(प्रथम आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर दिनांक 10.08.2026 तक आमंत्रित की जाती है:-

निविदा आमंत्रण सू.क्र. / सि.क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि लाख में)
241/195804	उदस प्रसाद उदय शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग में नवीन बालक छात्रावास भवन के चारों तरफ नाली निर्माण एवं संस्था भवन परिसर में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य	29.08
242/195805	लोक निर्माण विभाग संभाग बालोद के अंतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं रंगरोगन का कार्य (जोनल एजेन्सी)	24.74
243/195808	जिला - राजनांदगांव (वि.ख. छुरिया) ग्राम गिदरी में गोडाउन एवं सह कार्यालय भवन का निर्माण कार्य	23.00
244/195809	जिला - राजनांदगांव (वि.ख. राजनांदगांव) ग्राम सिंघोला में गोडाउन एवं सह कार्यालय भवन का निर्माण कार्य	23.00
245/195810	दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में गर्ल्स फिटनेस सेंटर भवन का शेष निर्माण कार्य	17.83

टीप- 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

जी-262702470/3

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग

विद्यार्थी अपने ज्ञान और मूल्यों के बल पर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे : रमेन डेका

राज्यपाल रमेन डेका की उपस्थिति में ओपी जिंदल विश्वविद्यालय का छठवां दीक्षांत समारोह संपन्न

रायगढ़/नवप्रदेश। ओपी जिंदल विश्वविद्यालय, रायगढ़ का छठवां दीक्षांत समारोह शनिवार को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका रहे। इस अवसर पर जिंदल स्टील लिमिटेड के चेयरमैन एवं लोकसभा सांसद नवीन जिंदल, विश्वविद्यालय की चांसलर एवं जिंदल फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिंदल, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार गोयल, जिंदल स्टील रायगढ़ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर देबोज्योति रॉय सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

समारोह में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट और स्कूल ऑफ साइंस के कुल 688 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए 27 स्वर्ण, 28 रजत एवं 29 कांस्य पदकों से मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुसंधान कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि अर्जित ज्ञान का विवेक, दूरदर्शिता और

नैतिक साहस के साथ समाज एवं मानवता के कल्याण में उपयोग करना है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा, 'जीवन में कम से कम एक ऐसा कार्य अवश्य करें, जो समाज के लिए स्थायी रूप से लाभकारी सिद्ध हो।' उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अपने ज्ञान और मूल्यों के बल पर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

अपने संबोधन में नवीन जिंदल ने राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज देश को नवाचार, समस्या-समाधान क्षमता और उत्कृष्ट कार्यकुशलता वाले युवाओं की आवश्यकता है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और अन्य उभरती तकनीकों में कौशल विकास पर बल देते हुए कहा कि जिंदल स्टील युवाओं को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी प्रयास कर रहा है। विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती शालू जिंदल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि दीक्षांत किसी यात्रा का अंत नहीं, बल्कि नए सपनों और अवसरों की शुरुआत है। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच के साथ समाज एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया तथा उनकी सफलता में अभिभावकों की भूमिका की भी सराहना की।

छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार गोयल ने विद्यार्थियों से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ निर्वहन करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ओ.पी. जिंदल विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को व्यावसायिक दक्षता के साथ नैतिक मूल्यों और सामाजिक संवेदनशीलता से भी समृद्ध कर रहा है। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ अकादमिक प्रोसेशन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. डी. पाटीदार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए वर्ष 2025-26 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल शैक्षणिक उपलब्धि का उत्सव नहीं, बल्कि समाज के प्रति नई जिम्मेदारियों के निर्वहन का संकल्प है। उन्होंने विश्वविद्यालय की शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और अधोसंरचना के क्षेत्र में हासिल राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों की जानकारी भी दी।

समारोह का मुख्य आकर्षण मेधावी विद्यार्थियों को पदक एवं सभी स्नातकों को उपाधि प्रदान करना रहा। इस दौरान सभागार गर्व, उत्साह और उल्लास से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनुराग विजयवर्गीय ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मानविकी विभाग के प्राध्यापक डॉ. संजय कुमार सिंह ने किया, जबकि आयोजन का संयोजन डॉ. गिरीश चंद्र मिश्र, डीन, स्कूल ऑफ साइंस ने किया। बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की सहभागिता ने समारोह को यादगार बना दिया।

न्यूज गैलरी

विश्वभारती ऑटोमोबाइल में भव्य समारोह के साथ लॉन्च हुई ऑल न्यू मारुति सुजुकी ब्रेजा

रायपुर/नवप्रदेश। विष्वभारती ऑटोमोबाइल, मारुति सुजुकी ARENA में आज ऑल न्यू मारुति सुजुकी ब्रेज़ा का भव्य शुभारंभ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, रायपुर आशीष देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके करकमलों द्वारा वाहन का अनावरण एवं शुभारंभ किया गया। इस गरिमामय अवसर पर विष्वभारती ऑटोमोबाइल के प्रबंध निदेशक यशवंत अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मुख्य अतिथि का आत्मीय स्वागत करते हुए ग्राहकों एवं उपस्थित अतिथियों का अभिनंदन किया तथा नई ब्रेज़ा के लॉन्च को विष्वभारती ऑटोमोबाइल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। लॉन्च समारोह में उपस्थित अतिथियों, ग्राहकों एवं गणमान्य नागरिकों ने ऑल न्यू ब्रेज़ा के आकर्षक डिज़ाइन, आधुनिक तकनीक, उन्नत सुरक्षा सुविधाओं एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राहकों एवं शहर के प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। इस अवसर पर विष्वभारती ऑटोमोबाइल परिवार द्वारा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, रायपुर आशीष देवांगन का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि मारुति सुजुकी की ऑल न्यू ब्रेज़ा आधुनिक ग्राहकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित की गई है, जिसमें आकर्षक डिज़ाइन, अत्याधुनिक फीचर्स, उच्च स्तरीय सुरक्षा और बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव का समावेश है।

नन्हे प्रतिभागियों ने दिखाई अद्भुत प्रतिभा

रायपुर/नवप्रदेश। एसआईपी अकादमी इंडिया द्वारा द्वितीय एसआईपी प्रोडिजी 2026- छत्तीसगढ़ का भव्य आयोजन रायपुर स्थित रोज़बे रिज़ॉर्ट में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। राज्य की इस प्रतिष्ठित अबेकस एवं मानसिक गणना प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 16 शहरों से लगभग 1,000 प्रतिभाशाली बच्चों ने भाग लेकर अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को केवल 11 मिनट में 300 गणितीय प्रश्नों का समाधान करना था। इस चुनौतीपूर्ण परीक्षा में बच्चों की गति, शुद्धता, एकाग्रता और मानसिक दक्षता की कड़ी परीक्षा हुई। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने अनुशासन, आत्मविश्वास और अद्भुत एकाग्रता का परिचय दिया, जिसे देखकर उपस्थित अभिभावक, शिक्षक और अतिथि अत्यंत उत्साहित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष राजीव गुप्ता रहे। उन्होंने प्रतिभागियों की मेहनत, अनुशासन और सीखने के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और निरंतर सीखने की भावना का उत्सव था।

बस्तर में रचा जा रहा है स्वर्णिम विकास का नया अध्याय : भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के सांसद महेश कश्यप ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की गई भेंट तथा 'बस्तर विकास के विस्तृत रोडमैप' के प्रस्तुतिकरण का स्वागत करते हुए केंद्र व राज्य सरकार का आभार जताया है। सांसद कश्यप ने कहा कि 'सुरक्षा, विश्वास और विकास' के समन्वित मॉडल ने बस्तर को दशकों के अंधेरे से निकालकर नई रोशनी दी है। भाजपा सांसद कश्यप ने कहा कि दशकों तक नक्सली हिंसा और पिछड़ेपन का दंश झेलने वाला बस्तर आज प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री साय के सुशासन में विकास की नई बुलंदियों को छू रहा है। बस्तर विज़न 2.0 से लेकर बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तक, हर पहल बस्तरवासियों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। कश्यप ने कहा कि केंद्र और राज्य के साझा प्रयासों से बस्तर के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँच रही है। 'नियद नेल्ला नार 2.0' और 'बस्त मुन्ने' के माध्यम से बस्तर संभाग के 5,542 गांवों में शासकीय योजनाओं का लाभ 39 लाख लोगों तक पहुँचाया जा रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में वर्षों से बंद पड़े 421 स्कूलों को पुनः प्रारंभ कर शिक्षा की अलख जगाई गई है। इसी तरह लगभग 3,513 करोड़ रुपये की लागत से जगदलपुर-रावघाट रेललाइन पर कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह रेल संपर्क बस्तर के आर्थिक, सामाजिक व औद्योगिक विकास को ऐतिहासिक गति देगा। इसके साथ ही रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस-वे एवं इंद्रावती नदी पर बैराज परियोजना से जलापूर्ति और कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी।

आरक्षण पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर डॉ. चरणदास महंत की कड़ी प्रतिक्रिया

मुख्यमंत्री के विभाग के अधिकारी की भाषा प्रदेश के आरक्षित वर्ग का अपमान

मुख्यमंत्री की चुप्पी भी सवा लों के घेरे में : डॉ. महंत

रायपुर/नवप्रदेश। आरक्षण प्राप्त करने वाले लोगों को लेकर जनसंपर्क विभाग की पत्रिका के सलाहकार संपादक डॉ. अनिल द्विवेदी द्वारा सोशल मीडिया पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कड़ी नाराजगी जताई है।

डॉ. महंत ने कहा कि आरक्षण पाने वाले लोगों की तुलना बेहद आपत्तिजनक और अमर्यादित शब्दों से करना केवल किसी व्यक्ति विशेष का अपमान नहीं, बल्कि प्रदेश के उन करोड़ों लोगों का अपमान है, जो सामाजिक और संवैधानिक रूप से आरक्षण के दायरे में आते हैं।

उन्होंने कहा कि विवाद बढ़ने के बाद पोस्ट हटाना और बाद में खेद व्यक्त करना पर्याप्त नहीं है। सवाल यह है कि ऐसी मानसिकता रखने वाले व्यक्ति को

सरकार के जनसंपर्क विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण पद पर जिम्मेदारी कैसे दी गई? नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जनसंपर्क विभाग मुख्यमंत्री के पास है। मुख्यमंत्री स्वयं आदिवासी समाज से आते हैं और उनके मंत्रिमंडल में भी अनुसूचित जनजाति तथा अन्य आरक्षित वर्गों का प्रतिनिधित्व है। ऐसे में मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। डॉ. महंत ने कहा कि आरक्षण देश के संविधान द्वारा दिया गया सामाजिक न्याय का अधिकार है। इसे लेकर किसी भी वर्ग के लोगों को अपमानित करने वाली भाषा स्वीकार नहीं की जा सकती।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि एक तरफ सरकार सामाजिक न्याय और संविधान की बात करती है, दूसरी तरफ उसी सरकार के विभाग से जुड़े व्यक्ति की सोशल मीडिया पोस्ट पर आरक्षित वर्ग के लोगों के प्रति ऐसी भाषा सामने आती है। यह विरोधाभास बेहद गंभीर है।

उन्होंने कहा कि संत रविदास जयंती जैसे अवसर पर देशभर में सामाजिक समानता, भाईचारे और सम्मान का संदेश दिया जा रहा है। ऐसे समय में आरक्षित वर्गों को लेकर अपमानजनक टिप्पणी सामने आना और फिर उस पर सरकार की चुप्पी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस इस पूरे मामले को प्रदेश के हर शहर और कस्बे तक ले जाएगी और सरकार से जवाब मांगेगी कि आखिर मुख्यमंत्री के विभाग से जुड़े व्यक्ति को ऐसी टिप्पणी करने की हिम्मत कैसे हुई और उसके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। डॉ. महंत ने स्पष्ट कहा कि सामाजिक न्याय और आरक्षण के अधिकार का अपमान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा और इस मुद्दे पर कांग्रेस मजबूती से आरक्षित वर्गों के साथ खड़ी रहेगी।

मुख्यमंत्री की चुप्पी क्यों?

डॉ. महंत ने सवाल उठाया कि विवादित पोस्ट सामने आने के बाद शिकायतें होने लगीं, पोस्ट हटाई गई और खेद व्यक्त किया गया, लेकिन मुख्यमंत्री की ओर से अब तक स्पष्ट कार्रवाई क्यों नहीं हुई? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की चुप्पी से प्रदेश के आरक्षित वर्गों में यह संदेश जा रहा है कि सरकार अपने विभाग से जुड़े अधिकारी की आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर गंभीर नहीं है। डॉ. महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ सामाजिक न्याय और समरसता की धरती है। यहां किसी भी जाति, वर्ग या समुदाय का अपमान राजनीतिक या प्रशासनिक संरक्षण में नहीं होना चाहिए।

स्कूलों में पुस्तक नहीं पहुंची, बिना पढ़े तिमाही परीक्षा कैसे उत्तीर्ण करेंगे छात्र?

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता धनजंय सिंह ठाकुर ने कहा तिमाही परीक्षा की समय सारणी जारी कर दी गई। स्कूल खुले डेढ़ माह से अधिक समय हो गई है लेकिन अभी तक हिंदी, अंग्रेजी, सहायक वाचन की पुस्तक छात्रों को नहीं मिली है, ऐसे में बिना पढ़े छात्र तिमाही परीक्षा कैसे उत्तीर्ण करेंगे? ये गम्भीर लापरवाही शिक्षा विभाग की है। बीते डेढ़ माह से बच्चे बिना पुस्तक के पढ़ाई कर रहे है। स्कूल में जो पढ़ाया गया उसका रिवीजन पुस्तक नहीं होने के कारण बच्चे घर में नहीं कर पा रहे है। ऐसे में तिमाही परीक्षा पास करने के दबाव में छात्र मानसिक तनाव में है, तिमाही परीक्षा का परिणाम खराब होगा तो इसकी जिम्मेदारी किसकी है? पालक अलग परेशान है।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। एक तो स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, दूसरी ओर समय पर पुस्तक नहीं मिला है। शिक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को पुस्तक देने बार-बार पत्र लिख रहे है। जवाब में जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे रहे है। राजधानी

रायपुर के आरडी तिवारी स्कूल, शांति नगर स्कूल, निमोरा स्कूल में पुस्तक नहीं पहुँची है तो समझ सकते बस्तर, सरगुजा सहित ग्रामीण एरिया में तो हिंदी, अंग्रेजी, सहायक वाचन के अलावा कई अन्य किताब भी नहीं मिला है, कुछ जगह तो मांग से कम पुस्तक दिया गया है। स्कूल ड्रेस, सायकल वितरण भी नहीं हुआ।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव शिक्षा की खराब स्थिति को सुधारने का प्रयास नही कर रहे है। बल्कि अव्यवस्थाओं से जनता का ध्यान भटकाने प्रोपोगडा कर रहे है, कभी स्कूलों में प्रार्थना में मंत्रोपचार अनिवार्य करने का आदेश देते है, तो कभी स्कूल खुलने की तिथि बदलते है। लेकिन स्कूल की मूल समस्या शिक्षकों की कमी, जर्जर बिल्डिंग, पुस्तक की समस्या, समय पर यूनिफार्म नहीं मिलना, पेयजल एवं शौचालय की समस्या पर ध्यान नहीं देते है।

छात्राएं प्रतिस्पर्धा की जगह सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहेः अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। जे आर दानी स्कूल में आयोजित साइकिल वितरण और प्रतिभा सम्मान समारोह में उन्होंने छात्राओं से यह आह्वान किया .साथ ही सभागार के लिए पचास लाख और सांसद निधि से दस लाख कंप्युटर लैब के लिए देने की घोषणा की 7उन्होंने छात्राओं के साथ संवाद शैली में बात करते हुए बताया कि पूरे प्रदेश के श्रेष्ठ स्कूल में आप सभी अध्ययन कर रहे हैं। प्रसन्नचित्त होकर बताया कि इस स्कूल में वे पिछले 36 वर्ष से आ रहे है। वहीं पूरे 35 साल वे विधायक रहे है।

कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने स्वयं सेवी शिक्षकों को उल्लास शपथ दिलाने के साथ ही उन्हें उल्लास पुस्तिका भी प्रदान किया। संस्था प्राचार्य डॉ हितेष दीवान से छात्रसंघ और बाल कैबिनेट के पदाधिकारियों ने पद और कर्तव्य के लिए शपथ ग्रहण किया। कक्षा नवमी की छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल प्रदान किया गया. नंदनी निर्मलकर के सृजनात्मक नृत्य प्रदर्शन और दिपाली तथा झरना ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दिया। कक्षा 12 वी में प्राविनय सूची में नवम स्थान प्राप्त कु काजल साहू , राष्ट्रीय खिलाड़ी नंदनी निर्मलकर जिसने खेलो इंडिया में प्रतिनिधित्व किया। आपातकाल पर निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम आने पर कु जागृति जांगडे को 31000 देकर पुरस्कृत किया गया।

नोटिस और पोस्टर-वार के खेल से बेनकाब हुआ कांग्रेस का अनुशासन : भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के भीतर मचे राजनीतिक घमासान, बढ़ती पद लोलुपता और अंतर्कलह पर तीखा तंज कसा है। 'बैज बनाम पटेल' की जंग पर हमला बोलते हुए ठोकने ने कहा कि सत्ता जाते ही कांग्रेस ताश के पत्तों की तरह बिखर गई है और अब प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए पार्टी के भीतर खुलकर 'पोस्टर वार' और सिर-फुटौव्वल शुरू हो चुकी है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ठोकने ने कहा कि पूर्व मंत्री उमेश पटेल को पीसीसी चीफ बनाने की मांग उठने के बाद जिस तरह से पूर्व जिलाध्यक्ष अरुण मालाकार को कारण बताओ नोटिस थमाया गया है, उससे साफ जाहिर होता है कि कांग्रेस में सच बोलने वालों का दमन किया जा रहा है। 'खाबो लाठी, जाबो जेल, हमर नेता उमेश पटेल' जैसे नारे सोशल मीडिया में चल रहे हैं।

पुरी में भगवान जगन्नाथ के चरणों में श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं हुई समर्पित

रायपुर/नवप्रदेश। अनूपचंद तिलोकचंद ज्वैलर्स प्रा. लि. द्वारा आयोजित 'जोहार जगन्नाथ' कार्यक्रम के अंतर्गत श्रद्धालुओं द्वारा लिखित मनोकामनाओं को 31 जुलाई 2026 को पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ के पावन चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित किया गया। इस अवसर पर कंपनी के डायरेक्टर निकेश बरडिया एवं बस्तर के महाराज कमल चंद्र भंजदेव ने भगवान जगन्नाथ के चरणों में प्रदेश एवं देशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

उल्लेखनीय है कि भगवान जगन्नाथ के स्थापना दिवस एवं पावन रथयात्रा के अवसर पर 09 से 16 जुलाई 2026 तक ए.टी. पैलेस, कोतवाली चौक, रायपुर में ÷जोहार जगन्नाथ÷ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया था। इस दौरान विशेष रूप से तैयार किए गए ÷मनोकामना रथ÷ के माध्यम

से शहर की विभिन्न सोसायटियों, सामाजिक संगठनों एवं हजारों श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामनाएँ लिखीं और भगवान जगन्नाथ को समर्पित कीं।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए यह संकल्प लिया गया था कि सभी मनोकामनाओं को पुरी धाम ले जाकर भगवान जगन्नाथ के पवित्र चरणों में अर्पित किया जाएगा। इसी संकल्प की पूर्ति करते हुए 31 जुलाई को सभी मनोकामनाएँ भगवान जगन्नाथ के चरणों में समर्पित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के माननीय उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा तथा छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ था। सभी अतिथियों ने भगवान जगन्नाथ से छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि, शांति एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन पुरी धाम से लाए गए पावन महाप्रसाद का वितरण भी श्रद्धालुओं के बीच किया गया, जिससे हजारों भक्तों ने महाप्रभु का आशीर्वाद एवं प्रसाद ग्रहण किया। अनूपचंद तिलोकचंद ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड ने सभी श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज को जोड़ने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

राजनीतिः अर्जुन्दा भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष को धमकी देने का मामला, गुंडरदेही विधानसभा में विकास तो कहीं दिखता नहीं : भाजपा

गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद अपनी औकात पहचाने : अभिषेक शुक्ला

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के बिलासपुर संभाग सहप्रभारी एवं बालोद जिला पंचायत के पूर्व सभापति अभिषेक शुक्ला ने कहा मीडिया पोस्ट में अर्जुन्दा भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नवीन राजपूत के द्वारा गुंडरदेही के कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद को आईना दिखाते हुए एक पोस्ट किया जिसमें उन्होंने दिखाया कि गुंडरदेही विधायक कुंवर निषाद के गृह ग्राम अर्जुन्दा में ही सड़को की हालत जर्जर है। विधायक द्वारा की गई विकास की बाते पूरी तरह खोखली है। इस पर विधायक कुंवर निषाद द्वारा उन्हें शारीरिक रूप से अक्षम बनाने की धमकी फोन से देने लगे।और कहा कि मैं अपनी औकात पर आ जाऊंगा। तो तुम्हें जमीन पर चलने लायक नहीं छोड़ूंगा। इससे युवा मोर्चा एवं भाजपा कार्यकर्ताओ में भारी आक्रोश है।

एक युवा द्वारा जनहित की बाते उठाना और विधायक कुंवर निषाद की निष्क्रियता बताने पर अब उनका अहंकार दिखने लगा। गुंडरदेही विधानसभा की जनता को अपनी लोक लुभावनी बातें एवं विकास की झूठी बातें बताकर वाहवाही लूटने वाले कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद अपने निवासरत क्षेत्र में ही ऐसा कोई

काम नहीं किया है जिससे ये बता सकें कि वे प्राथमिकता के साथ क्षेत्र की जनता की मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति की हो।

भाजपा नेता अभिषेक शुक्ला ने इस विषय पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विधायक कुंवर सिंह निषाद को क्षेत्र की जनता से कोई सरोकार नहीं है, उन्हें सिर्फ और सिर्फ अपनी जेब भरने से फुरसत नहीं है। कुंवर निषाद द्वारा विधायक निधि से वही काम दिया जाता है जिसमे उन्हें मोटा कमीशन मिलता हो। विधायक कुंवर निषाद के कार्यकाल में पूरे गुंडरदेही विधानसभा में विकास तो कहीं दिखता नहीं परंतु अवैध शराब की बिक्री ,जुआ सट्टा, अवैध रेत उत्खनन का कार्य इनके संरक्षण में लगातार फल फूल रहा है। जुआ और सट्टा के कारोबार से आम आदमी एवं युवा आर्थिक रूप से बदहाल हो रहा है।

अभिषेक शुक्ला ने कहा कि कुंवर सिंह निषाद दूसरे के रिकॉर्ड निकालने से पहले स्वयं अपना रिकार्ड निकालकर देख ले कि पहले क्या थे? अब क्या है क्या क्या किए हैं और अब क्या क्या कर रहे हैं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अपनी शालीनता को बरकरार रखते हुए अपनी बात रख रहे हैं विधायक भुले ना, अगर वो अमर्यादित हो सकते है तो हमें भी अमर्यादित होने में समय नहीं लगेगाद्य विधायक युवा मोर्चा अध्यक्ष को बोलते हैं कि मैं अपनी औकात पर आ जाऊंगा।

तो तुम्हें जमीन पर चलने लायक नहीं छोड़ूंगा। कुंवर निषाद आपकी औकात क्या है? आपको बताने की जरूरत नहीं, आप स्वयं अपनी औकात अमर्यादित आचरण करके स्वयं दिखा रहे हैं द्य और आने वाले समय में आपकी औकात गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र की जनता जरूर दिखाएगी। मैं मीडिया के माध्यम से क्या कहना चाहता हूँ कि कुंवर निषाद समझ ले कि भारतीय जनता पार्टी के किसी एक भी कार्यकर्ता के ऊपर खरोच भी आई तो हम ईंट से ईंट बजा देंगे द्य भारतीय जनता पार्टी अपने प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ हर परिस्थिति में खड़ा मिलेगा।

सावन : जब हर धड़कन में गूंजता है 'हर-हर महादेव'

शिव का विराट स्वरूप: हिमालय की शांति, सावन की बारिश और महादेव की भक्ति—तीनों मिलकर सावन को बना देते हैं आस्था, प्रकृति और आत्मचिंतन का अनूठा पर्व

बारिश की बूंदों, बेलपत्र की खुशबू और शिव के नाम से सजा यह महीना सिर्फ आस्था नहीं, भीतर उतरने का भी मौसम है

सावन आते ही जैसे प्रकृति भी शिवमय हो जाती है। आसमान पर घने बादल, मिट्टी की सोंधी खुशबू, पेड़ों पर नई हरियाली और मंदिरों में गूंजता 'हर-हर महादेव'–चारों ओर एक अलग ही ऊर्जा महसूस होने लगती है। बारिश की हर बूंद मानो भगवान शिव के चरणों में अर्पित जल की तरह लगती है।

सावन को भगवान शिव का प्रिय महीना माना जाता है। इस दौरान शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की कतार लगने लगती है। कोई जल चढ़ाता है, कोई दूध और बेलपत्र अर्पित करता है तो कोई सिर्फकुछ पल आंखें बंद कर शिव का नाम लेकर अपने मन का बोझ हल्का कर लेता है।

लेकिन शिव की भक्ति केवल मंदिर तक सीमित नहीं है।

शिव हमें सिखाते हैं–शांत रहना, विष को धारण करना और जीवन की कठिन परिस्थितियों के बीच भी संतुलन बनाए रखना।

समुद्र मंथन से निकले विष को जब संसार के कल्याण के लिए शिव ने अपने कंठ में धारण किया, तभी वे नीलकंठ कहलाए। यही प्रसंग आज भी जीवन का बड़ा संदेश देता है–हर कड़वाहट का जवाब कड़वाहट से देना जरूरी नहीं। कुछ विष ऐसे भी होते हैं जिन्हें अपने भीतर रोककर दूसरों का जीवन बचाया जा सकता है। सावन का सोमवार इसी भावना को और गहरा करता है। सुबह-सुबह मंदिर की घंटियां, शिवलिंग पर गिरती जलधारा, बेलपत्र और धतूरे की सुगंध और भक्तों के स्वर वातावरण को आध्यात्मिक बना देते हैं। गांव से लेकर शहर तक, छोटे से शिवालय से लेकर बड़े मंदिरों तक, हर जगह एक ही पुकार सुनाई देती है–

हर हर महादेव!

सावन इसलिए भी खास है क्योंकि यह हमें प्रकृति के करीब लाता है। बारिश धरती को नया जीवन देती है और सावन मनुष्य को भीतर से नया होने का अवसर देता है। जैसे सूखी धरती बारिश की बूंदों से तृप्त होती है, वैसे ही भागती-दौड़ती जिंदगी में शिव का स्मरण मन को शांति देता है।

शिव की सबसे बड़ी खूबसूरती शायद यही है कि वे राजमहलों के नहीं, श्मशान के भी देवता हैं; वे वैभव के नहीं, वैराग्य के भी प्रतीक हैं। उनके पास न दिखावे की जरूरत है, न किसी विशेष आडंबर की। एक लोटा जल और सच्ची श्रद्धा भी उनके लिए पर्याप्त मानी जाती है।

इसलिए इस सावन सिर्फ शिवालय में जल चढ़ाने के साथ अपने भीतर भी थोड़ा सा शिवत्व जगाएं– क्रोध की जगह शांति,
अहंकार की जगह विनम्रता,
नफ़रत की जगह करुणा
और भागदौड़ के बीच कुछ पल ठहरने की आदत।
क्योंकि सावन केवल कैलेंडर का एक महीना नहींज
यह मन को धोने, भीतर की अशांति को शांत करने और जीवन में नई हरियाली उतारने का मौसम है।

सावन का संदेश

जल शिव को चढ़ाएं, लेकिन शांति अपने भीतर उतारें

शिव को जल क्यों चढ़ाते हैं?

सावन में शिवलिंग पर जल चढ़ाने की परंपरा सदियों पुरानी है। इसके पीछे केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि एक गहरा प्रतीकात्मक अर्थ भी जुड़ा है। जल शीतलता का प्रतीक है और शिव को अर्पित किया गया जल मानो मन के भीतर उठते क्रोध, अहंकार और अशांति को शांत करने का संकल्प है। शिव के मस्तक पर विराजमान चंद्रमा भी शीतलता का प्रतीक माना जाता है। शायद यही वजह है कि सावन में जलाभिषेक करते हुए भक्त अपने जीवन में भी शांति और संतुलन की कामना करते हैं।

एक बेलपत्र, अनेक भाव

शिव पूजा में बेलपत्र का विशेष महत्व है। तीन पत्तियों वाला बेलपत्र शिव के त्रिशूल और तीन गुणों की याद दिलाता है। भक्त जब इसे शिवलिंग पर अर्पित करता है, तो उसके पीछे श्रद्धा के साथ अपने अहंकार और नकारात्मक भावों को छोड़ने की भावना भी जुड़ी होती है।

सावन हमें याद दिलाता है कि पूजा केवल हाथों से नहीं, भावनाओं से भी होती है।

शिव के प्रतीकों में छिपे संदेश

- ➢ **त्रिशूल** — शक्ति, संतुलन और तीनों लोकों का प्रतीक।
- ➢ **डमरू** — सृजन और नाद का प्रतीक।
- ➢ **चंद्रमा** — शीतलता और मन पर नियंत्रण।
- ➢ **गंगा** — पवित्रता और जीवनदायिनी शक्ति।
- ➢ **नंदी** — धैर्य, विश्वास और समर्पण।
- ➢ **नाग** — भय पर विजय और निर्भयता का संदेश। शिव का स्वरूप जितना विराट दिखाई देता है, उसमें छिपे जीवन के संदेश उतने ही सरल हैं।

सावन की असली भक्ति

सावन में मंदिरों में भीड़ बढ़ जाती है, कांवड़ यात्राएं निकलती हैं और शिवालयों में घंटियां गूंजती हैं। लेकिन शिव की भक्ति का अर्थ केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। किसी जरूरतमंद की मदद करना, प्रकृति को बचाना, किसी के दुख में उसके साथ खड़ा होना और अपने भीतर के क्रोध को शांत करना भी शिवत्व की ओर एक कदम है।

क्योंकि महादेव को चढ़ाया गया जल तभी सार्थक है, जब उसके साथ मन में भी थोड़ी शीतलता उतर आए।

व्यंग्य रचना : संक्रमित कुत्ता

डॉ. किशोर अग्रवाल

साइकिल से उतरते समय पूंछ पर जूता रख देने से कुपित होकर एक कुत्ते ने नेताजी को काट लिया और खुद संक्रमित हो गया। वह एक देसी नस्ल का आम कुत्ता था और "सबै भूमि गोपाल की" के सिद्धांत का पालन करते हुए पूरे शहर में घूमा करता था। वंशवृद्धि के दिनों में इसे विस्तार देते हुए और संभावनाएं तलाशने पास के गांव तक भी चला जाता था। दरअसल जब वह ,अभी किशोरवय का ही था तब किसी बात को लेकर गांव के चार पांच गठीले, रौबीले कुत्तों ने उसे घेरकर काफी धमकाया व काट भी लिया । उसके मां बाप उसी गांव के मूल निवासी होने पर भी उसकी एक न सुनी गई और उसे गांव के बाहर तक खदेड़ दिया गया । वह गांव से चलने वाली बैलगाड़ियों के साथ-साथ चलता हुआ शहर आ गया और पिछले सीजन में ब्याह भी कर लिया । इन दिनों लोग खुले ढाबों में खाने की जगह शीशे लगे हुए होटलों में ज्यादा खाने लगे हैं इसलिए बाहर पड़ा हुआ मिलने वाला भोजन, कम पड़ने के कारण कुत्ता कमजोर रहने लगा। शहर में भटकते हुए उसने देखा कि विधायक आवास में काफी मोटे ताजे लोग रहते हैं और वहां खाना भी बहुत सा बाहर फेंका जाता है। बढ़िया खाने के लालच में इसने वहां मुंह मारना शुरू किया ही था कि यह हादसा हो गया। एक नया नया विधायक सुबह की सैर को अपनी साइकिल पर गया था, लौट कर सीधा कुत्ते की पूंछ पर उतर गया ।पीड़ा के मारे कुत्ते ने विधायक को काट लिया । काटते ही कुत्ते को अपने स्वभाव में परिवर्तन महसूस हुआ । पहले वह यदा-कदा जरूरत पड़ने पर भौंका करता था पर नेता को काटने के बाद बिना वजह ही भूंकने की इच्छा होने लगी । वह नहर के किनारे किनारे चला आ रहा था कि पास की गली में लेटे दो कुत्तों को देखकर बिना वजह भूंकने लगा । दोनों कुत्तों को यह बात नागवार गुजरी , वे झपटकर इस कुत्ते के पास आए और गुर्राए। पिछले पैरों के बीच दुम दबाकर इस कुत्ते ने मैत्री भाव दर्शाया व उनकी अधीनता भी दीनता से स्वीकार की। दोनों कुत्तों ने इस कुत्ते का भौतिक और रासायनिक परीक्षण किया । कुछ असामान्य सा महसूस कर चिल्ला चिल्लाकर और भूंककर आसपास की बस्तियों के कुत्तों को चेतावनी का ज्ञापन भेज दिया। गली गली से कुत्तों ने भौंक भौंक कर पावती प्रेषित की और अनेक कुत्ते शनैः शनैः बस्ती के बीच से होकर गुजरने वाली नहर की ओर निकलने लगे । नेता को काटने वाले कुत्ते की तो मुसीबत ही हो गई । सारे कुत्ते एक-एक कर आते उसे जगह-जगह से सूंघते और असहमति जताते हुए एक बगावती झुंड सा बनाने लगे । उन्हें इस बात पर सख्त ऐतराज था कि आम आदमियों के बीच रहने वाला कुत्ता यूं नेता को काटकर विशेष हो जाए । यह कुत्तों की अस्मिता का सवाल था । तभी एक सबसे बड़ा कुत्ता दूर से ही जीभ लपलपाता और दांतों को किटकिटाता हुआ आया , आते ही बिना किसी औपचारिक दुआ सलाम के उसने

नेता वाले कुत्ते को कूल्हे पर काट लिया।

इस कुत्ते ने फौरन पीठ के बल जमीन पर लेट कर पूरे खींसे निपोर दिए एवं कूं कूं कर घिघियाने लगा। झबरे बड़े कुत्ते ने नाक की नोक चुभा चुभाकर पूरा परीक्षण किया और घोषणा की की इसमें नेता के जीवाणु घुस गए हैं । अब यह कुत्ता नहीं रह गया ,नेता हो गया है । कुछ देर सारे कुत्तों ने खूब लानत मलानत की । इधर उधर से कोंचा । इस कुत्ते को कई बार धकियाया फिर वे इसे छोड़ कर धीरे धीरे अपने गली मोहल्लों में चले गए। कुछ कुत्ते जनहित का ध्यान रखते हुए , अपने में व्यस्त रहने वाले कुत्तों और पालतू घरेलू कुत्तों की जानकारी के लिए थोड़ी थोड़ी देर में भूंक भूंक कर बताते रहे कि सावधान एक कुत्ता नेता से संक्रमित हो गया है। धीरे-धीरे जब यह आवाज बंद हुई तो कुत्ता टेढ़ा मेढ़ा होता और लंगड़ता हुआ बस स्टैंड की ओर चला गया । वहां के होटलों पर प्रायः झूठन मिल जाया करती थी । वह अभी चिकन बोन चूस ही रहा था कि उसने देखा लोग बस कंडक्टर को घेरकर झगड़े पर उतारू हैं । वह बोन छोड़कर वहां पहुंचा और जायजा लेने लगा ।

कुछ देर में पता लगा कि जिस बस के टिकट बुक किए गए हैं वह अभी तक डिपो से नहीं चली है और किसी दूसरी खटारा बस में बस कंडक्टर यात्रियों को बैठने को कह रहा है। और वक्त होता तो अनदेखी कर कुत्ता वापस होटल जाकर जूठन खाने लगता पर अभी यह सब जानकर ना चाहते हुए भी कुत्ते को बड़ा गुस्सा आया और वह बस की ओर मुंह करके जोर जोर से भौंकने लगा। बस कंडक्टर झगड़े से पहले ही जला भुना बैठा था । वह बस की सीट के नीचे से एक डंडा निकाल लाया और कुत्ते की कमर पर कसकर टेक दिया । यात्रियों ने भी पास पड़े गिट्टी के ढेर से उठाकर कुत्ते पर पत्थरों की बौछार कर दी। कुत्ता रिरियता कुंकियाता वहां से भागकर सेंट्रल जेल के किचन के पिछवाड़े वाली मोरी में घुसकर अंदर बर्तन मलने की जगह निकल आया। वहां दो तीन सूखी रोटियां पड़ी थी, वह खाई और पत्थर के कुंडे से चाट कर पानी पिया। फिर वह वहीं लेट कर सो गया। बाहर की दुनिया से जेल ज्यादा सुकूनदेह साबित हुई। कुत्ते ने अब जाकर चैन की सांस ली ।

नि :शब्द

प्रिया देवांगन

" बिटिया रानी....! मैं सोच रहा हूँ कि तुम पढ़ाई करती रहो और साहित्य सेवा भी; जिससे हमारी साहित्यसेवा बढ़ती रहे। साहित्य सृजन के जरिये हमारी समाजसेवा भी होगी। मुझे तो अभी और आगे बहुत कुछ करना है। तुम क्या सोचती हो इस बारे में ? क्या तुम सहमत हो मेरे इस बात से?" एक साहित्यकार पिता इंद्रजीत ने रूही के पास अपनी स्नेहपूर्वक बात रखी। थोड़ी देर सोचने के बाद रूही बोली- हाँ... हाँ...! पापा क्यों नहीं... ? मुझे आपके साथ अधिक से अधिक समय बिताने को भी मिलेगा; और एक साथ कार्य करने में अच्छा भी लगेगा। रोज अखबारों के पन्नों में बड़े-बड़े अक्षरों में आपके नाम के साथ मेरा भी नाम आएगा।" रूही की बातें सुन इंद्रजीत जी हँस पड़े। रूही मुँह बनाते हुए बोली- "पापा ! इसमें हँसने वाली क्या बात है ? हम ऐसा कार्य करेंगे तो हम दोनों का एक साथ नाम नहीं आएगा क्या ?" इंद्रजीत जी बोले- "बेटा, एक बात जिंदगी में हमेशा ध्यान रखना कि लोगों को नाम के पीछे नहीं भागना चाहिए। कुछ ऐसा काम करो कि स्वयं तुम्हारा नाम हो जाय। हमें लोगों को बताने की जरूरत नहीं पड़ना चाहिए कि हम ऐसा काम कर रहे हैं या बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। जताने की जरूरत नहीं है।" रूही अपना एक हाथ आगे करते हुए बोली- "बस .. बस... पापा जी हो गया।" इंद्रजीत जी को रूही बिटिया का जरा सा रूठना समझ आ गया। बोले-"आज तुम्हें मेरी बात समझ नहीं आएगी। जब तुम जिंदगी का मतलब समझोगी, तब तुम्हें सब एहसास होगा।" रूही बोली- "पापा जी, ये सब बातें मेरी समझ से परे हैं। वैसे भी आप तो मेरे साथ हो ही हमेशा, तो मुझे किस बात की फिक्र रहेगी ; भला बतताइए।" फिर इंद्रजीत जी बोले- " मेरी रानी....! हमेशा तुम मेरे भरोसे मत रहा करो न भाई। कभी खुद भी कुछ कर लिया करो।"

"छोड़ो ना पापा जी, आप भी बस इन्हीं बातों को लेकर बैठ गए ? आप भला कहाँ जायेंगे; बताइए ? चलिए, अब रात बहुत हो चुकी है। सोते हैं। कल सुबह क्या करना है। इसकी योजना तैयार करेंगे। गुड नाईट पापा जी।" कहते हुए रूही अपने बेडरूम में चली गयी। अगली सुबह रूही की आँखें देर से खुली। उठी। उसे इंद्रजीत जी नहीं दिखाई दिये। सोचने लगी कि इतनी देर हो गयी आज पापा मुझे आवाज क्यों नहीं दे रहें है। थोड़ी भी देर होती तो, वे रूही उठो न कितना सोओगी री लड़की। रात भर नहीं सोयी हो क्या। जल्दी उठ कर व्यायाम करना चाहिए ना। कुछ भी नहीं।÷ रूही आज स्वयं उठ गयी थी। इंद्रजीत जी को देख कर घबरा गयी। बोली-"क्या हुआ पापा जी, आप ठीक तो है ना ? क्यों बार-बार पसीना आ रहा है आपको ? हाँफ क्यों रहे हैं आप ? मम्मी... मम्मी...! पापा जी ठीक तो है ना ?" इंद्रजीत जी बोले- "थोड़ी तबीयत ठीक नहीं लग रही है बेटा।" तभी मम्मी बोली- "चलिए डॉक्टर के पास चलते हैं।" इंद्रजीत जी को डॉक्टर के पास ले जाने वाले ही थे कि पता नहीं रूही की आँखों से आँसू रुक ही नहीं रहे थे। तभी इंद्रजीत जी बोले- 'मैं जल्दी आऊँगा बेटा। डोंट वरी माय डियर।" इंद्रजीत जी ने कहा। "नहीं पापा जी। मैं भी आपके साथ जाऊँगी।"रूही की ज़िद में अनुरोध था। अंततः रूही का इंद्रजीत जी के साथ जाना नहीं हो पाया। घर वालों को इंद्रजीत जी का इंतजार करते काफी समय हो गया। थोड़ी देर बाद खबर मिली कि वे अब कभी वापस नहीं आयेंगे। साहित्यकार पिता इंद्रजीत जी की नयन बिछायी पुत्री रूही अब तक निः शब्द हो चुकी थी।

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज आपको सामाजिक क्षेत्र से मान सम्मान मिलेगा लेकिन स्वभाव में थोड़ा रूखापन आने से ज्यादा देर टिकेगा नही। सेहत में स्वयं की गलती से कोई विकार आ सकता है।

वृषः आज के दिन आपको दैनिक कार्यो के अतिरिक्त भाग दौड़ करनी पड़ेगी। दिन के पूर्वार्ध से जिस कार्य को बनाने के लिये प्रयास करेंगे मध्यान बाद उसमे सफलता मिल जाएगी।

मिथुनः आज के दिन आपका भाग्य पक्ष प्रबल रहेगा फिर भी दिन से मिले जुले परिणाम मिलेंगे। दिन के आरंभ में धार्मिक कार्यो में सम्मिलित होने के अवसर मिलेंगे परन्तु रुचि कम होने के कारण मन नही लगेगा।

कर्कः आज के दिन मध्यान तक सेहत में थोड़ी बहुत नरमी रहने के कारण दिनचार्य धीमी रहेगी दैनिक कार्य मे विलंब होने पर आगे के कार्यक्रम भी प्रभावित होंगे।

सिंहः आज का दिन आपको आकस्मिक लाभ की प्राप्ति कराएगा। जिससे आप कोई उम्मीद नही रखते आज वही आपके जीवन मे कोई नई दिशा देगा।

कन्याः आज का दिन भी आपके अनुकूल रहेगा दिन के आरंभ में आपका स्वभाव अत्यंत जिद्दी एवं मनमाना रहेगा फिर भी इससे कुछ ना कुछ लाभ ही होगा कार्य क्षेत्र हो या घर आज अपने बुद्धि विवेक से ही कार्य करें ।

तुलाः आज के दिन आप अतिआत्मविश्वास की भावना से ग्रस्त रहेंगे पूर्व में मिली प्रशंसा से मन मे अभिमान आएगा लेकिन आज आपके अधिकांश निर्णय विपरीत ही जाने वाले है।

वृश्चिकः आज का दिन भी अधिकांश समय अशांति में बीतेगा घर मे किसी पुरानी बात अथवा संतानों के कारण प्रातः काल ही संघर्ष की स्थिति बनेगी।

धनुः आज का दिन आपको धन लाभ कराएगा लेकिन आज आपका स्वभाव अत्यंत गर्म रहेगा जिससे किसी ना किसी से मामूली बातो पर उलझ संबंधों में खटास लाएंगे।

मकरः आज भी दिन सामान्य ही रहेगा दिन के आरंभ से ही धन एवं अन्य कार्यो में लापरवाही दिखाएंगे साहस रहेगा लेकिन धैर्य की कमी बनते कार्यो को बिगाड़ सकती है । ठंड से बचे सर्दी जुखाम हो सकता है।

कुंभः आज के दिन भी आप अपनी मस्ती में मस्त रहेंगे कोई कुछ भी कहे एक बार जो निर्णय कर लिया उसे पूरा करके ही मानेंगे। अनैतिक कर्मो से दूर रहे सेहत खराब करेंगे।

मीनः आज का दिन आपके लिये हानि देने वाला रहेगा आज आप जिस भी कार्य अथवा योजना को बनाएंगे आरम्भ में ही उसकी सफलता के प्रति आशंकित रहेंगे।

QUIZ TIME

1. किस स्वतंत्रता सेनानी को त्रावणकोर की झाँसी रानी के नाम से जाना जाता हैं?
2. अयोध्या राम मंदिर के मुख्य वास्तुकार कौन हैं?
3. आईक्यू सबसे पहले किसने विकसित किया?
4. फेफड़ों की क्षमता को आमतौर पर किसके द्वारा मापा जाता है?
5. हाल ही में किस ऐतिहासिक बौद्ध स्थल को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया है?



उत्तरमाला- (1) अक्कम्मा चेरियन (2) चंद्रकांत सोमपुरा (3) अल्फ्रेड बिने (4) स्पाइरोमीटर (5) सारनाथ

RamaQuiz

पहेली

शब्द सामर्थ्य -117

बाएं से दाएं : [illegible]

ऊपर से नीचे : [illegible]

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 116 का हल

कर्णेश्वर धाम में मनेगा भव्य सावन महोत्सव

नगरी / नवप्रदेश। कर्णेश्वर धाम में सावन महोत्सव को भव्य एवं श्रद्धापूर्ण ढंग से मनाने को लेकर मंदिर ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सावन मास के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, धार्मिक आयोजनों एवं प्रसादी वितरण सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सावन महोत्सव को पूरी भव्यता और उत्साह के साथ मनाने का निर्णय लिया।

बैठक में तय किया गया कि सावन मास के प्रत्येक सोमवार को कर्णेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए ट्रस्ट की ओर से खीर-पूड़ी प्रसादी का वितरण किया जाएगा। वहीं सावन मास के अंतिम सोमवार को भगवान कर्णेश्वर महादेव का विशेष महारुद्राभिषेक ट्रस्ट द्वारा विधि-विधान एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कराया जाएगा। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर ने ट्रस्ट का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। आगामी धार्मिक आयोजनों एवं व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्णय लिए गए। ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने कहा कि सावन मास भगवान शिव की आराधना का विशेष पर्व है और इस दौरान कर्णेश्वर महादेव मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर धार्मिक वातावरण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ट्रस्ट द्वारा हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

महंगी बिजली और स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस का हमला

बढ़ी दरें वापस लेने की मांग

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी बलौदा बाजार द्वारा महंगी बिजली एवं स्मार्ट मीटर के विरोध में पत्रकार वार्ता आयोजित किया गया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए इंद्र साव विधायक भाटापारा ने कहा कि छत्तीसगढ़ को हमेशा सरप्लस बिजली का प्रदेश माना जाता है, लेकिन सरकार लगातार बिजली दरों में वृद्धि कर आम जनता को परेशान कर रही है जो न्यायसंगत नहीं है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेन्द्र शर्मा ने बीजेपी सरकार के गठन पश्चात महतारी वंदन के नाम पर मातृशक्ति को 1हजार देने की घोषणा की और बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि कर आम आदमी से लेकर पूरे प्रदेश वासियों की कमर तोड़ दी है। सभी लोग परेशान और चिंतित हैं।बलौदा बाजार के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार में बिजली बिल हाफयोजना लागू थी परंतु बीजेपी सरकार में बिजली बिल दरों में पांच बार वृद्धि की गई है। अडानी अंबानी को लाभ दिलाए जाने हेतु स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है।पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश यदु ने प्रदेश भर में छत्तीसगढ़ वासियों से बेतहाशा बिजली बिल वसूल रही है जिससे प्रदेश में आक्रोश व्याप्त है कांग्रेस बिजली बिल और स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन करेगी।जिलाध्यक्ष सु सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार द्वारा जनता को राहत देने के बजाय महंगी बिजली, बढ़े हुए बिजली बिलों और स्मार्ट मीटर जैसी जनविरोधी नीतियों के माध्यम से आम परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ लाद दिया गया है। सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 30 से 50 पैसे, गैर घरेलू के लिए 20 से 40 पैसे और कृषि पंपों के लिए 40 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है। इसके अतिरिक्त, स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद से मनमानी बिलिंग, पारदर्शिता के अभाव और उपभोक्ताओं के आर्थिक शोषण की शिकायतें निरंतर सामने आ रही हैं। जो निंदनीय है यदि सरकार स्मार्ट मीटर, बिजली बढ़ोतरी को वापस नहीं लेती है तो छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में सरकार की इन नीतियों के खिलाफ सड़क से सदन तक आवाज बुलंद करेगी।कांग्रेस पार्टी ,सरकार से तत्काल बिजली के दाम की बढ़ोतरी एवं स्मार्ट मीटर वापस लिए जाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने 400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना को फिर से प्रारंभ किए जाने की मांग की है। उक्त अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में लखेश साहू, सुरेन्द्र जायसवाल, सुनील कुर्रे, सरजू प्रसाद धृतलहरे,, मति कालिंदी वर्मा, गणेश शंकर साहू, आर्यन शुक्ला, प्रवीण सेन, अमर मिश्रा,संतोष यादव, नीरज बांधे, कृष्णा टंडन शामिल थे।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने 5 आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए किया जिला बदर

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर तीन आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है। आदेश के तहत थाना राजादेवरी निवासी ग्राम चांदन के लाभोराम साहू पिता शंकर लाल साहू, थाना सिमगा अंतर्गत ग्राम गणेशपुर के बंटी मसीह उर्फ रिषभ मसीह पिता संजय मसीह एवं प्रवीण मसीह पिता विराज मसीह, नगर पंचायत लवन वार्ड नं. 8 बाजार चैक निवासी गितेश उर्फ सब्बू उर्फ अंश तिवारी पिता देवप्रकाश तिवारी एवं थाना कसडोल अंतर्गत महामाया पारा कसडोल के अनिल साहू पिता दिलहरण साहू को जिला बदर किया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3,5 (ख) के तहत किया गया है जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा जिला एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने के 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

आरसेटी के नवनियुक्त निदेशक ने किया पदभार ग्रहण

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के नवनियुक्त निदेशक बैजनाथ कुमार में पदभार ग्रहण किया। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक शिव कुमार कंवर ने उन्हें प्रभार दिया। निरीक्षण के दौरान कंवर ने संस्थान में संचालित ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का अवलोकन किया तथा प्रशिक्षार्थियों से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता, सीखने के अनुभव एवं स्वरोजगार की संभावनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को बैंकिंग सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाने हेतु बैंक खाता खोलने, विभिन्न बीमा योजनाओं का लाभ लेने तथा साइबर ठगी एवं बैंकिंग फ्रॉड से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग का सुरक्षित उपयोग करने और किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, एटीएम पिन अथवा बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करने की सलाह दी।

एक शाम रफी के नाम का आयोजन

पिथौरा / नवप्रदेश। सुर संगम संगीत समिति द्वारा मोहम्मद रफी के पुण्य तिथि पर एक शाम रफी के नाम का आयोजन किया । आयोजन के दौरान समिति सदस्य गायकों ने रफी के गीतों की शानदार प्रस्तुति दी ।आयोजन का शुभारंभ अमर गायक मोहम्मद रफी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया । इस अवसर पर सुर संगम संगीत समिति के गायक , साहित्यकार व पत्रकार संतोष गुप्ता ने स्व. मोहम्मद रफी के संगीत यात्रा का वर्णन करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि अमर गायक मोहम्मद रफी फिल्मी दुनिया को 25 हजार से भी अधिक सुमधुर गीत दिये जिसे आज भी लोग सुनते है रफी के उल्लेखनीय कार्यों के लिये भारत सरकार द्वारा पद्म सम्मान सहित 6 फिल्फेयर पुरस्कार सहित राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था । एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत छालीवुड के सुपरिचित गायक हरिहर मिश्रा ने युवा गायक विजय सेन ने मोहम्मद रफी तू बहुत याद आया।

पति ने तवा से हमला कर पत्नी को किया घायल, मामला दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम लमकेनी में खाना बनाने की बात को लेकर पति ने अपनी पत्नी पर तवा से हमला कर दिया। घटना में महिला घायल हो गई। पुलिस के अनुसार 30 जुलाई को रूखमणि भोई के साथ उसके पति टेमन भोई ने विवाद के दौरान तवा से मारपीट की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बेलसोंडा के पास बाइक की टक्कर से अधिवक्ता घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग-353 पर बेलसोंडा के पास पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से जिला न्यायालय के एक अधिवक्ता घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक बिरकोनी निवासी अधिवक्ता कुंदन चंद्राकर 30 जुलाई की दोपहर अपनी एक्टिवा से महासमुंद से बिरकोनी जा रहे थे। दोपहर करीब 3.30 बजे बाइक क्रमांक सीजी 06 जी 4665 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी एक्टिवा को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उन्हें चोटें आईं। मामले में आरोपी चालक के खिलाफ धारा 125(ए) एवं 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

बिरगुड़ी वन परिक्षेत्र अंतर्गत कर्राघाटी की घटना, वन विभाग कर रही मामले की जांच

घर में घुसकर तेंदुए का हमला, दो घायल

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के नगरी वनांचल क्षेत्र के बिरगुड़ी वन परिक्षेत्र अंतर्गत कर्राघाटी में शुक्रवार देर रात एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई। एक तेंदुआ अचानक एक घर में घुस गया और वहां मौजूद दो ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घटना के कुछ समय बाद उसी घर के भीतर तेंदुआ मृत अवस्था में मिला। तेंदुए की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। वन विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिरगुड़ी रेंज अंतर्गत कक्ष क्रमांक 467 के कर्राघाटी क्षेत्र में देर रात तेंदुआ एक मकान में घुस गया। इस दौरान उसने धरम नेताम (40 वर्ष), पिता बहादुर सिंह तथा गांधी राम नेताम (50 वर्ष), पिता फागुराम पर हमला कर दिया। दोनों ग्रामीण घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें तत्काल नगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

घटना का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह रहा कि हमला करने के कुछ समय बाद तेंदुआ उसी घर के भीतर मृत मिला। प्रारंभिक निरीक्षण में उसके शरीर पर किसी बड़े हथियार से चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। घटनास्थल पर भी अत्यधिक रक्त के निशान नहीं पाए गए हैं। ऐसे में तेंदुए की मौत का कारण फिलहाल रहस्य बना हुआ है।

सिविल अस्पताल में भर्ती तेंदुए के हमले हालचाल जाने विधायक पहुंचे

नगरी। कर्राघाटी में तेंदुए के हमले में घायल ग्रामीणों का हालचाल जानने सिहावा विधायक अंबिका मरकाम शनिवार को नगरी सिविल अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने अस्पताल में भर्ती धरम नेताम और गांधी राम से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। विधायक अंबिका मरकाम ने उपचार कर रहे चिकित्सकों से चर्चा करते हुए घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक ने कहा कि वन विभाग से चर्चा कर घायलों को नियमानुसार आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी। साथ ही उन्होंने अपनी ओर से भी सहयोग राशि प्रदान करने का आश्वासन दिया, ताकि प्रभावित परिवारों को इस कठिन समय में राहत मिल सके। विधायक के अस्पताल पहुंचने से घायलों एवं उनके परिजनों का मनोबल बढ़ा। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी तथा अन्य लोग भी मौजूद रहे।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। अधिकारियों ने आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की तथा तेंदुए के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ की। विभाग का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि तेंदुए की मौत चोट, बीमारी, दम घुटने, अत्यधिक तनाव अथवा किसी अन्य कारण से हुई।

वन विभाग यह भी जांच कर रहा है कि तेंदुआ आबादी वाले क्षेत्र तक कैसे पहुंचा, क्या वह पहले से घायल था तथा किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई। घटना के बाद कर्राघाटी सहित आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और वन्यजीवों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने की मांग की है।

वन विभाग द्वारा घायल ग्रामीणों को तात्कालिक सहायता राशि भी प्रदान की गई है। धरम नेताम को 5,000 रुपये तथा गांधी राम नेताम को 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। विभागीय अधिकारी एसडीओ ने कहा कि वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि जंगलों का दायरा सिमटने और भोजन की तलाश में वन्यजीवों के आबादी की ओर आने से मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ रही हैं। फिलहाल पूरे मामले की सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वन विभाग की विस्तृत जांच रिपोर्ट के बाद ही सामने आ सकेगी।

आमगांव पीएस को मॉडल स्कूल बनाने अहम बैठक, जनपद अध्यक्ष संजय हुए शामिल

छुरिया/नवप्रदेश। विकासखंड के आमगांव (छु.) के प्राथमिक विद्यालय को मॉडल स्कूल के तौर पर तैयार करने के लिए बैठक आहूत की गई । इस बैठक में मुख्यरूप से संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया,पलनी स्वामी नायडू सभापति, उभे राम मंडावी जनपद सदस्य,सरपंच मेश्राम,वर्मा सर,साहू सर सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे । बैठक को संबोधित करते हुए सिन्हा ने कहा कि आज हम अपने जनपद क्षेत्र में एक मॉडल स्कूल की स्थापना का आशय शाला में मौजूद शिक्षकों के द्वारा ही शिक्षण कार्य कराया जाएगा । जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विचार-विमर्श करने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह केवल एक भवन बनाने की योजना नहीं है, बल्कि हमारे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखने का संकल्प है। मॉडल स्कूल का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाएँ, विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाएँ, समृद्ध पुस्तकालय, खेलकूद की व्यवस्था और प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से बेहतर सीखने का वातावरण प्रदान करना है। इससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता का अंतर भी कम होगा। हम सभी का दायित्व है कि इस योजना को सफल बनाने में अपना सहयोग दें। जनप्रतिनिधियों, प्रशासन, शिक्षकों, अभिभावकों और समाज के सभी वर्गों को मिलकर कार्य करना होगा ताकि यह विद्यालय शिक्षा का आदर्श केंद्र बन सके। हम सभी यह संकल्प लें कि मॉडल स्कूल का निर्माण समय पर, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से पूरा हो तथा हमारे बच्चों को बेहतर शिक्षा और बेहतर भविष्य मिल सके।

जर्जर स्कूल भवन को लेकर खैरझिटी के ग्रामीणों ने किया आंदोलन का ऐलान

- **15 अगस्त को बीईओ कार्यालय तक प्रभात फेरी झंडा रोहन, 17 से पेड़ के नीचे लगेगी कक्षाएं**

धमधा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत खैरझिटी के जर्जर शासकीय विद्यालय भवन को डिस्मेंटल कर नए भवन के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों एवं किसान बंधु संगठन, धमधा ब्लॉक ने आंदोलन का ऐलान किया है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमधा को ज्ञापन सौंपकर पूर्व सूचना दी गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय भवन पिछले कई वर्षों से पूरी तरह जर्जर एवं खतरनाक स्थिति में है। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लगभग तीन वर्षों से स्कूल का संचालन पंचायत भवन में किया जा रहा है। कई बार शासन-प्रशासन को आवेदन एवं मांग पत्र सौंपने के बावजूद अब तक भवन को डिस्मेंटल कर नए विद्यालय भवन के निर्माण की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। हाल ही में जारी जर्जर भवनों की डिस्मेंटल सूची में भी खैरझिटी विद्यालय का नाम शामिल नहीं किया गया, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर किसान बंधु संगठन, ग्रामवासी एवं स्कूली बच्चे बस स्टैंड धमधा से विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय तक प्रभात फेरी निकालेंगे तथा तिरंगा लेकर प्रभात फेरी और झंडा रोहन करेंगे। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं होने पर सांकेतिक प्रदर्शन 17 अगस्त से ग्राम खैरझिटी में बच्चों को विद्यालय परिसर के बाहर पेड़ के नीचे बैठाकर सांकेतिक रूप से पढ़ाई शुरू कराई जाएगी। यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक जर्जर विद्यालय भवन को डिस्मेंटल कर नए भवन की स्वीकृति नहीं मिल जाती। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण होगा और इसका उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा के अधिकार तथा नए विद्यालय भवन की मांग को शासन-प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। ज्ञापन की प्रतिलिपि थाना प्रभारी धमधा एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमधा को भी भेजी गई है।

इस मौके पर किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल आत्मा साहू अध्यक्ष किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक डालेश्वरी वर्मा सरपंच खैरझिटी मोती राम वर्मा सरपंच प्रतिनिधि केवल वर्मा अनिल वर्मा तुलसी वर्मा इत्यादि लोगो ने इस सांकेतिक प्रदर्शन को सफल बनाने का आवाहन किया।

जल संसाधन में बेलगाम अफसरशाही! गरियाबंद संभाग फिर विवादों के घेरे में

- **शासन के तबादला आदेश और न्यायालय के निर्देश भी ठंडे बस्ते में**

राजिम/नवप्रदेश। जल संसाधन संभाग गरियाबंद एक बार फिर शिकायतों और प्रशासनिक विवादों को लेकर चर्चा में है। विभाग के कार्य संचालन, शासन के स्थानांतरण आदेशों के पालन तथा पैरी परियोजना से संबंधित कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में शिकायतकर्ताओं ने गंभीर आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

शिकायतकर्ताओं के अनुसार, शासन द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के तहत एम.एल. ध्रुव (सहायक ग्रेड-02) तथा खुलेश्वर सिन्हा (सहायक ग्रेड-03) का स्थानांतरण जल संसाधन संभाग गरियाबंद से जल संसाधन संभाग सुकमा किया गया था। आरोप है कि आदेश जारी होने के बाद भी लंबे समय तक उसका पालन नहीं किया गया। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि यह तथ्य सही पाया जाता है, तो यह शासन की स्थानांतरण नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रश्न खड़े करता है। इसी प्रकार, पैरी परियोजना से जुड़े करोड़ों रुपये के भुगतान एवं अन्य कार्यों में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर भी पूर्व में शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि इन मामलों में जांच की मांग की गई है और संबंधित विषय सार्वजनिक चर्चा का हिस्सा रहे हैं। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि किसी सक्षम न्यायिक या जांच एजेंसी द्वारा होना शेष है।

फिंगेश्वर अनुविभाग से जुड़े मामलों में शिकायत करने वाले व्यक्तियों का कहना है कि विभाग से संबंधित विभिन्न शिकायतों के बावजूद अपेक्षित प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होने से पारदर्शिता एवं जवाबदेही को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उनका यह भी कहना है कि यदि किसी मामले में न्यायालय अथवा शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन नहीं हुआ है, तो उसकी स्वतंत्र रूप से जांच कराई जानी चाहिए। शिकायतकर्ताओं ने मुख्यमंत्री, जल संसाधन मंत्री तथा प्रमुख सचिव, जल संसाधन विभाग से मांग की है कि स्थानांतरण आदेशों के पालन, पैरी परियोजना से जुड़े कथित वित्तीय मामलों तथा अन्य शिकायतों की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराई जाए। यदि जांच में किसी अधिकारी या कर्मचारी की जिम्मेदारी अथवा अनियमितता स्थापित होती है, तो उनके विरुद्ध प्रचलित नियमों के अनुसार उचित कार्रवाई की जाए।

भूमिपूजनः प्रभारी मंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ किया पौधारोपण, प्रदेश के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

प्रभारी मंत्री टंकराम ने 2.76 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी में विकास कार्यों को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा धमतरी जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य अतिथि में नगर के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन 2 करोड़ 76 लाख 13 हजार की लागत से विभिन्न जनहितैषी विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत सिंह छाबड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सर्वा पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, वरिष्ठ भाजपा नेता रवि दुबे,नगर पंचायत उपाध्यक्ष विकास बोहरा, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, पूर्व नगर अध्यक्ष नंद यादव पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा, पुर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा,रामगोपाल साहू, सभापति अश्वनी निषाद, शंकर देव,पार्षदगण, एल्डरमैन, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा उद्बोधन में कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक नगर के संतुलित एवं समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नगरी नगर पंचायत में सड़क, पेयजल, खेल, स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं तथा भविष्य में भी विकास कार्यों की गति इसी प्रकार जारी रहेगी।

कार्यक्रम के दौरान वार्ड क्रमांक 6 स्थित गायत्री मंदिर के समीप नगर चौपाटी सौंदर्यीकरण कार्य, तुम्बाहरा वार्ड में नवीन पानी टंकी, एमआरएफ (कचरा प्रबंधन) प्लांट, हाईस्कूल मैदान में बॉक्स क्रिकेट मैदान तथा मुक्तिधाम विकास कार्य सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। इन परियोजनाओं से नगर में स्वच्छता, पेयजल, खेल सुविधाओं एवं आधारभूत अधोसंरचना को नई मजबूती मिलेगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए नगर पंचायत लगातार प्रयासरत है। शासन के सहयोग से नगरवासियों की वर्षों पुरानी आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से विकास कार्यों के संरक्षण एवं जनसहभागिता की अपील भी की। अध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री से नगरी नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा दिलवाने हेतु एवं नगरी धमतरी सड़क चौड़ीकरण फोरलेन की स्वीकृति दिलाने एवं नगर के राजा बड़ा में ?60 लाख की लागत से डोम निर्माण की स्वीकृति, भीमराव अंबेडकर मांगलिक भवन एक करोड़ 10 लाख रुपया के निर्माण की स्वीकृति बस स्टैंड निर्माण खेल मैदान निर्माण एवं तालाब चौधरी कारण के साथ बड़े झाड़ के जंगल में निवास रत लोगों को प्रधानमंत्री आवास का दर्जा एवं पट्टा दिलवाने मांग पत्र सोपी

प्रभारी मंत्री ने नगर पंचायत नगरी में विभिन्न वार्डो मे टीना सैड हेतु 20 लख रुपए की घोषणा की जिसका नगर पंचायत नगरी के समस्त जनप्रतिनिधियों ने आभार व्यक्त किया

कार्यक्रम के अंत में नगर पंचायत द्वारा प्रभारी मंत्री एवं उपस्थित अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। नगरवासियों ने विकास कार्यों की सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण सर्वा के प्रति आभार व्यक्त किया।

संक्षिप्त खबरें

जांच के बाद दुर्घटना के आरोपी बाइक चालक पर जुर्म दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने जून माह में हुई सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के मामले की जांच पूरी होने के बाद आरोपी बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार कोटेनदरहा निवासी चरण प्रसाद मरकाम (26) 25 जून की सुबह बाइक से बसना गया था। रेमड़ा ओवरब्रिज के पास पीछे से बाइक क्रमांक सीजी 06 एचए 8352 के चालक श्रवण गोस्वामी ने तेज व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल चरण को पहले सीएचसी बसना और बाद में सरायपाली अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जांच के बाद आरोपी के खिलाफधारा 106(1) बीएनएस एवं 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

स्कूटी से शराब परिवहन करते 35 पौवा देशी शराब जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश।पटेवा पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन के मामले में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिलने पर खट्टा मार्ग में घेराबंदी कर स्कूटी सवार ग्राम नरतोरा निवासी युधिष्ठिर पटेल (60) को पकड़ा गया। उसके कब्जे से 35 पौवा देशी प्लेन शोले शराब, जिसकी कीमत करीब 2,800 रुपये बताई गई है, बरामद की गई। आरोपी के खिलाफआबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

पिकअप की टक्कर से दो स्कूली छात्राएं घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। झलप हाईस्कूल से घर लौट रही दो छात्राएं पिकअप वाहन की चपेट में आकर घायल हो गईं। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार 30 जुलाई की शाम करीब 4.10 बजे तुलेश्वरी साहू (16) अपनी सहेली नाजमिन परवीन के साथ पैदल घर लौट रही थी। एनएच-53 स्थित लखनपुर पड़ाव के पास झलप की ओर से आ रहे पिकअप क्रमांक ओडी 17 एए 4339 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दोनों को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों छात्राएं घायल हो गईं। तुलेश्वरी के भाई पुष्पेंद्र साहू की शिकायत पर पटेवा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 125(ए) एवं 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

प्रेमी युगल ने खाया जहर, किशोरी की मौत, युवक की हालत स्थिर

महासमुंद/नवप्रदेश।जिले के लखनपुर और छिंदौली गांव के प्रेमी युगल द्वारा कथित रूप से जहर सेवन किए जाने की घटना में किशोरी की मौत हो गई, जबकि युवक का निजी अस्पताल में उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार दोनों ने कोडार बांध के पास अज्ञात कारणों से जहर खा लिया। शुक्रवार दोपहर छिंदौली निवासी सतपाल सिंह ने मोबाइल के माध्यम से अपने परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजन दोनों को तत्काल तुमगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां से आगे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।बताया जा रहा है कि किशोरी 25 जुलाई की रात से लापता थी। परिजनों की शिकायत पर पटेवा थाना पुलिस ने 27 जुलाई को अपहरण की आशंका के आधार पर बीएनएस की धारा 132(2) के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। अब जहर सेवन की घटना सामने आने के बाद पुलिस पूरे मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

गरीबों की जेब पर डाका डाल रही भाजपा सरकार, नल-प्रकाश टैक्स पर कांग्रेस का हमला

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने ग्रामीण क्षेत्रों में नल, प्रकाश एवं मकान टैक्स के नाम पर प्रस्तावित वसूली को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गरीब, किसान, मजदूर और निम्न आय वर्ग के परिवारों की जेब पर डाका डालने का काम कर रही है। डॉ. चंद्राकर ने कहा कि जिन गांवों में आज भी पेयजल, सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं, वहां प्रत्येक राशन कार्डधारी परिवार से करीब 1200 रुपये तक की वसूली करना जनविरोधी फैसला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार विकास के बजाय गांव-गांव वसूली का अभियान चला रही है।

लोकमान्य तिलक की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने किया श्रद्धापूर्वक नमन

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार को स्थानीय कांग्रेस भवन में स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं ÷स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है÷ का ऐतिहासिक उद्घोष देने वाले लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने तिलक के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि लोकमान्य तिलक भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख स्तंभ थे। उन्होंने देशवासियों में आजादी की अलख जगाने के साथ शिक्षा और पत्रकारिता को सामाजिक जागरण का सशक्त माध्यम बनाया। उन्होंने कहा कि तिलक के राष्ट्रवादी विचार, संघर्ष और त्याग आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके आदर्शों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कुरुद में गूंजे रफी साहब के सदाबहार नगमे, 'तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे' शाम में जमकर झुमे श्रोता

कुरुद/नवप्रदेश। महान पार्श्व गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि के अवसर पर कुरुद के मंगल भवन में न्यू कराओके मेलोडी सिंगर्स ग्रुप के तत्वावधान में एक भव्य संगीत संध्या 'तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे' का आयोजन किया गया। सुरमयी शाम में नगर के उभरते और प्रतिभावान कलाकारों ने रफी साहब के सदाबहार नगमों को कराओके ट्रैक्स पर पेश कर ऐसा समां बांधा कि पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

आयोजन में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर भाजपा व कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने शिरकत की और स्थानीय प्रतिभाओं का हौसला बढ़ाया।

सांस्कृतिक गतिविधियों से बनता है सकारात्मक माहौलः ज्योति चंद्राकर : कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंच से कलाकारों का उत्साह बढ़ाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कुरुद में बन रहे निर्माणाधीन एमपी थिएटर का जिक्र किया। उन्होंने नगर में सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के विस्तार में विधायक अजय चंद्राकर के योगदान को रेखांकित करते हुए कहाः ऐसे आयोजनों से समाज में एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है और हमारे स्थानीय कलाकारों को अपनी छिपी प्रतिभा को उजागर करने का एक बेहतरीन मंच मिलता है।

युवाओं की भागीदारी और छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर जोर

सांस्कृतिक पहचान की मजबूतीः कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारणी चंद्राकर ने कहा कि शिक्षा, धार्मिक व खेल के साथ-साथ कुरुद को सांस्कृतिक क्षेत्र में भी अग्रणी बनाने के लिए युवा पीढ़ी की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है।

अतीत की यादें और क्षेत्रीय संस्कृतिः जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने पुराने दिनों के ऐतिहासिक 'अभिव्यक्ति कला मंच' को याद किया। उन्होंने बाहरी संस्कृति के अति-प्रभाव से बचते हुए क्षेत्रीय और छत्तीसगढ़ी संस्कृति को सहेजने एवं बढ़ावा देने पर जोर दिया।

श्रद्धांजलि एवं सराहनाः जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर और एल्डरमैन भानु चंद्राकर ने भी रफी साहब को स्वरांजलि अर्पित करते हुए आयोजन समिति के प्रयासों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

इन गीतों पर झूमा कुरुद

मेलोडी सिंगर्स ग्रुप के गायक राज देवांगन, मोनिका साहू, कोमल साहू, रिजवान रिजवी, धनसिंह सेन, रफीक हलारी, सूरज देवांगन, भगवान कश्यप, खिलेन्द्र चंद्राकर और सत्या आर्य ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं।

दर्शकों की फरमाइश और तालियों के बीच कलाकारों ने इन कालजयी गीतों से समां बांधाः

'तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे'
तेरी गालियों में ना रखेंगे कदम आज के बाद
बहारों फूल बरसाओ...
बदन पे सितारे लपेटे हुए...
चलो रे डोली उठाओ कहार...
रिमझिम के गीत सावन गाए...

कार्यक्रम के समापन तक श्रोता संगीत के इस महाकुंभ में मंत्रमुग्ध होकर गोते लगाते रहे और नगर के युवा गायकों की प्रतिभा की जमकर तारीफकी।

छात्रों की मांगों पर जिला प्रशासन ने एक माह का समय लेकर सुलझाने का दिया आश्वासन

धुर्राबांधा में जर्जर सड़क, स्कूल भवन निर्माण की मांग को लेकर छात्र-छात्राएं सड़क पर उतरे

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की हालत और स्कूल भवन की स्थिति को ग्राम धुर्राबांधा के छात्र छात्राओं ने जग जाहिर कर दिया है,अपनी जान की चिंता कर रहे बच्चों ने सड़क निर्माण और स्कूल भवन निर्माण की मांग को लेकर सड़को पर उतर कर सांकेतिक रूप से अपनी मांगो को लेकर हल्ला बोला। छात्रों की मांग को प्रशासन ने एक माह का समय लेकर सुलझाने का आश्वासन दिया है,उसके बाद सभी छात्र सड़कों से हट कर स्कूल के लिए रवाना हुए।

विदित हो कि लगभग 4 वर्षो से धुर्राबांधा गांव की जर्जर खस्ताहाल जानलेवा सडक को बनवाने और जर्जर स्कूल भवन को बनवाने की पीडा भोग रहे स्कूल के छात्र छात्राओं ,ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ शनिवार की सुबह से सड़क पर आ कर जम कर नारे बाजी की। स्कूली छात्र छात्राये हाथों मे तख्ता लेकर खस्ताहाल रोड बनाना होगा व स्कूल भवन का जीर्णोधार करना होगा,नारे लगा रहे थे।

धुर्राबांधा सडक मार्ग पर चक्का जाम कि जानकारी लगते ही तहसीलदार यशवंत राज, अतिरिक्त तहसीलदार प्रेमा मिंज, पीडब्लूडी विभाग से कुर्रे मनीकांत तिवारी बीआर सी सी दुर्गेश शर्मा एवं पुलिस विभाग के अमला सहित रियल स्पात के अधिकारी राजेश सिंह ग्राम पहुंचे और लंबी चली वार्ता के बाद मिले आश्वासन के चलते छात्र छात्राओं और ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त किया।

सड़क निर्माण की मिली थी स्वीकृति, लेकिन काम शुरू नहीं हुआः इन्द्र साव

विधायक इन्द्र साव ने कहा कि भाटापाराङ्कमोपकाङ्कघनेली मार्ग निर्माण के लिए ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए 25 फरवरी को विधानसभा में उठाया था और उनके सवाल के जवाब में बताया गया कि इस मार्ग के निर्माण के लिए आवश्यक भू-अर्जन कार्य हेतु 4 करोड़ 20 लाख 61 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसे वित्त विभाग की सहमति भी प्राप्त है। उक्त स्वीकृति मिलने के बावजूद जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं होना चिंता का विषय है और जल्द ही कार्य प्रारंभ कराने के लिए शासन और प्रशासन पर दबाव बनाया जाएगा।

बकुलाही स्पंज आयरन जाने वाले वाहनों से सड़क की दुर्दशा :- ग्रामीणजन

ग्रामीणों व छात्र छात्राओं ने उक्त रोड के जर्जर खस्ताहाल जानलेवा होने का मुख्य कारण रियल स्पात के भारी वाहनों का बडे पैमाने पर तेज रफ्तार के साथ बकुलाही स्पंज आयरन से प्रतिदिन 150 से अधिक संख्या मे भारी वाहनों का आना जाना बताया गया जिसमे कई बार दुर्घटना घटित हो चुकी है।

गॉव के छात्र तुषार वर्मा ने बताया कि इस जर्जर खस्ताहाल रोड के कारण 12 माह लोग परेशानी जूझ रहे है कई बार उक्त समस्या को लेकर शासन प्रशासन को भी अवगत कराया गया परंतु उनके द्वारा उक्त मुद्दे पर गम्भीरता ध्यान नही दिये जाने से आज ग्रामीणों को चक्का जाम के लिये बाध्य होना पडा।

सभापति तलरेजा की देखरेख में जारी है साफ-सफाई अभियान

■ स्वच्छता दीदी लोगों को कर रहीं हैं जागरूक

हमारा उद्देश्य भाटापारा को स्वच्छता में मिसाल बनाना है। नालों की सफाई के बाद अब घर-घर कचरा उठाने की व्यवस्था को 100त्र सफल बनाना हमारी प्राथमिकता है। जो नागरिक नियमों का उल्लंघन कर खुले में कचरा फेंकेंगे, उनके खिलाफनियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।
– **सतीश तलरेजा**, सभापति, नगर पालिका परिषद भाटापारा

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्यवर्धक बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के निर्देशानुसार तथा सभापति सतीश तलरेजा की अगुवाई में हाल ही में शहर के प्रमुख नालों और नालियों की व्यापक सफाई का अभियान सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। वही अब शहर के सभी वार्डों में डोर-टू-डोर (घर-घर) कचरा कलेक्शन व्यवस्था को और अधिक मजबूत व प्रभावी बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है।

नुक्कड़ निगरानी, समझाइश और कार्रवाई अभियान हेतु सभापति सतीश तलरेजा की टीम द्वारा विभिन्न वार्डों में विशेष टीमों का गठन किया गया है। यह टीम शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, नुक्कड़ों और संवेदनशील स्थलों पर लगातार निगरानी रख रही है।

इस टीम के द्वारा नागरिकों को कचरा गाड़ियों में ही गीला और सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। खुले में या सड़कों के किनारे कचरा फेंकने वाले लोगों को मौके पर ही समझाइश देकर कचरा गाड़ी का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। सभापति सतीश तलरेजा ने बताया कि बार-बार समझाइश के बाद भी जो लोग नाली, सड़क या खाली भूखंडों में कचरा फेंककर गंदगी फैला रहे हैं, उनके खिलाफ जुर्माना वसूलने की दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।

पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं सभापति सतीश तलरेजा ने नगर वासियों से अपील की है कि वे अपनी स्वच्छता दीदियों/कचरा संग्रहकों को ही कचरा दें। कचरा बाहर सड़कों या नालियों में न फेंकें और भाटापारा को स्वच्छ व सुंदर बनाने में नगर पालिका प्रशासन का सहयोग करें।

कर्तव्यनिष्ठ सेवा ही अधिकारी-कर्मचारी की असली पहचान : निरंजन सिन्हा

कुरूद/नवप्रदेश। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, शाखा कुरूद में एक गरिमामय एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बैंक में दीर्घकाल तक समर्पित सेवा देने वाले गणेशराम नेताम के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर आयोजित किया गया था।

समारोह के मुख्य अतिथि निरंजन सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी संस्थान में निःस्वार्थ और कर्तव्यनिष्ठ सेवा ही व्यक्ति की सबसे बड़ी पहचान बनती है। उन्होंने श्री नेताम के दीर्घ एवं समर्पित सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके सुखद, स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह में ये रहे उपस्थित

विदाई समारोह के इस खास अवसर पर बैंक प्रबंधन, कर्मचारी संघ और विभिन्न सहकारी समितियों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। प्रमुख रूप से उपस्थित अतिथियों एवं अधिकारियों में शामिल थेः बलराम पुरी गोस्वामी (नोडल अधिकारी), टिकेंद्र बैस (शाखा प्रबंधक, धमतरी)हरीश कुमार दादर (सहायक लेखपाल), बैशाखु राम कुर्रे, चंद्रकुमार साह, रेखा सेन ,श्रीकांत साहू, चैन सिंह साहू, आदर्श चंद्राक , प्रभात बैस, रमेश साहू, खूबलाल साहू (प्राधिकृत)

कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं समिति प्रतिनिधियों ने श्री गणेशराम नेताम को स्मृति चिह्न व उपहार भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी। संपूर्ण माहौल आत्मीयता और सम्मान के भाव से सराबोर रहा।

सहकारिता की गरिमा को दीं नई ऊँचाइयाँ

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने श्री नेताम के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी ईमानदारी, कर्मनिष्ठा और उत्कृष्ट सेवा भावना से सहकारिता क्षेत्र की गरिमा को एक नया आयाम दिया है। सहकारिता आंदोलन में उन जैसे कर्मयोगियों की भूमिका सदैव स्मरणीय और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगी। श्री गणेशराम नेताम जी का कार्यकाल ईमानदारी और निष्ठा की मिसाल रहा है। उनका योगदान बैंक परिवार सदैव याद रखेगा।

कलेक्टर चंद्रवाल ने छुईखदान में 'पान दुकान' का किया शुभारंभ

छुईखदान/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले की पहली 'पान दुकान' का शुभारंभ आज 31 जुलाई 2026 को छुईखदान में कलेक्टर श्री इंद्रजीत चंद्रवाल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। यह पान दुकान पान अनुसंधान केंद्र, छुईखदान एवं जिला प्रशासन, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के संयुक्त प्रयास से स्थापित की गई है। जिले में पान की खेती को बढ़ावा देने तथा पान से तैयार विभिन्न मूल्यवर्धित उत्पादों को पान दुकान के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री इंद्रजीत चंद्रवाल के नेतृत्व में जिला प्रशासन, पान अनुसंधान केंद्र के सहयोग से निरंतर कार्य कर रहा है। पान की पारंपरिक खेती को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ किसानों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को पान आधारित मूल्यवर्धित उत्पादों के निर्माण एवं विपणन से जोड़कर स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का भी प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम में विभिन्न जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ समाजसेवियों, पान उत्पादक किसानों, महिला स्व-सहायता समूहों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में श्री भावेश कोचर, छुईखदान, श्री नवनीत जैन, वरिष्ठ समाजसेवी, श्री राजीव जंघेल, श्री रोशन चंद्राकर, श्री संदीप महोबिया, श्री दीपक देशमुख, श्री संजय शर्मा, डॉ. विनय गिरपुंजे, श्री पन्ना मंडावी, पार्षद छुईखदान, श्रीमती शोभा विश्ववाश, श्रीमती किरण गुप्ता, श्रीमती किरण वैष्णव, श्रीमती उमा चौबे सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का जिला कांग्रेस के नेतृत्व में भव्य स्वागत

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के गरियाबंद आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के नेतृत्व में तिरंगा चौक पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

प्रदेश अध्यक्ष के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार अभिनंदन किया। तिरंगा चौक पर आतिशबाजी की गई और कांग्रेस के समर्थन में जमकर नारेबाजी हुई। बड़ी संख्या में मौजूद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया।

स्वागत कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता,पदाधिकारी,युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस एवं कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने उन्नत भारत अभियान के सामाजिक सरोकारों को दिया समर्थन

भाटापारा/नवप्रदेश। कमलकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट, देवरी रोड, भाटापारा द्वारा संचालित उन्नत भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रशासनिक सहयोग के संबंध जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा (आईएएस) से सौजन्य भेंट कर विस्तृत चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना चौहान, उन्नत भारत अभियान की समन्वयक डॉ. पूर्णिमा कौशिक शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत गोद लिए गए ग्रामों में संचालित गतिविधियों, भविष्य की कार्ययोजना एवं जनहितकारी कार्यक्रमों की जानकारी कलेक्टर को दी ।

छुरा के वार्ड-6 में सीसी रोड भूमिपूजन के साथ विकास कार्य का शुभारंभ

छुरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत छुरा के वार्ड क्रमांक 06 (गादीकोट) में छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त अधोसंरचना मद के अंतर्गत सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, स्थानीय नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। भूमिपूजन के साथ वार्ड में बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने कहा कि इस निर्माण कार्य से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव जैसी समस्याओं से काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का विस्तार लगातार किया जा रहा है।

इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति चित्ररेखा ध्रुव,रजनी लहरे, बलराज पटेल,गरिमा ध्रुव,पार्षद देवसिंह नेताम,हरीश यादव,सलीम मेमन, रामजी दीवान, शांतनु देवांगन,यामीन(ट्रांसजेंडर), दीप्ति यादव, एल्डरमैन तुलाराम साहू ,सफर सचदेव, धर्मेंद्र चंद्राकर

महंगी बिजली और स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस का चरणबद्ध आंदोलन

गरियाबंद/नवप्रदेश। महंगी बिजली,बढ़े हुए बिजली बिलों और स्मार्ट मीटर के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है।इसी कड़ी में 1 अगस्त को जिला मुख्यालय गरियाबंद में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा पत्रकारवार्ता कर आंदोलन की रूपरेखा और कांग्रेस की मांगों को विस्तार से चर्चा किये।इस प्रेसवार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर कांग्रेस ने आरोप लगाया कि राज्य की भाजपा सरकार ने जनता को राहत देने के बजाय महंगी बिजली,बढ़े हुए बिजली बिलों और स्मार्ट मीटर जैसी जनविरोधी नीतियों के माध्यम से आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है।वही जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कि प्रदेश के लाखों उपभोक्ता बढ़े हुए बिजली बिलों से परेशान हैं तथा स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद मनमानी बिलिंग, पारदर्शिता के अभाव और उपभोक्ताओं के आर्थिक शोषण की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। इन सब के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। उक्त आंदोलन के दौरान कांग्रेस तीन प्रमुख मांगें उठाएगी जिसमें बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी वापस ली जाए,स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया वापस ली जाए तथा पूर्व में लागू 400 यूनिट बिजली बिल हाफयोजना को पुनः शुरू किया जाए। आंदोलन के दूसरे चरण में 2 अगस्त 2026 को कांग्रेस कार्यकर्ता बूथ,गांव,वार्ड और पंचायत स्तर पर घर-घर जाकर उपभोक्ताओं से फॉर्म भरवाएंगे। साथ ही बिजली बिलों में हुई अप्रत्याशित वृद्धि और स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं पर लोगों से संवाद करेंगे।

न्यूज गैलरी

हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मौत

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले में एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान विश्वनाथ वर्मा 47 वर्ष निवासी घूमर्रा चौकी जालबांधा के रूप में हुई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना बिजेतला मोड़ के पास चंद्रेश वर्मा के हार्डवेयर गोदाम के सामने लगभग दोपहर 1 बजे की बताई जा रही है. विश्वनाथ वर्मा ई-रिक्शा में लोहे के पाइप लोड कर रहे थे. इसी दौरान एक लंबा लोहे का पाइप ऊपर से गुजर रहे विद्युत तार से टकरा गया जिससे पाइप में करंट प्रवाहित हो गया और वे उसकी चपेट में आ गए. हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें जालबांधा अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ आज

बेमेतरा/नवप्रदेश। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा मेरा भारत के संयुक्त तत्वावधान में 2 अगस्त को देशभर में नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का राष्ट्रीय शुभारंभ किया जाएगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शुरू होने वाले इस अभियान के तहत देशभर के लगभग 10 हजार स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा एक करोड़ से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभियान आगामी 100 सप्ताह तक प्रत्येक रविवार निरंतर संचालित होगा। अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। जिले में 2 अगस्त को टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू एवं विधायक ईश्वर साहू अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

स्कूलों में छात्राओं को बांटे साइकिल व्यायाम शाला का किया शुभारंभ

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के मदराकुही, दिलीपुर और बाजगुड़ा हाईस्कूल में महत्वाकांक्षी सरस्वती साईकिल योजना के तहत छात्राओ को निःशुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ । इस दौरान दिलीपुर में नवनिर्मित व्यायामशाला भवन का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि अध्यक्षता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू , जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. राजेश्री त्रिपाठी ने की। आयोजन के दौरान मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कक्षा 9 वीं की छात्राओं का मुंह मीठा करवा तिलक लगाकर निःशुल्क साईकिलें प्रदान कीं। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि दूर-दराज के गांवों से स्कूल आने-जाने वाली छात्राओं को अक्सर परिवहन की समस्या से जूझना पड़ता था।

आज बाबा भोरमदेव मंदिर के पास सजेगा संभागीय सरस मेला

■ आकर्षक वस्तुओं की प्रदर्शनी सह विक्रय के साथ होगा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

■ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की दीदियों द्वारा बनाए गए सामग्रियां मिलेगी बहुत ही कम दरों पर

कवर्धा/नवप्रदेश। स्व-सहायता समूहों की लखपति दीदियों द्वारा निर्मित स्वदेशी, प्राकृतिक एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी सह विक्रय हेतु संभागीय सरस मेले का आयोजन बाबा भोरमदेव मंदिर के पास ग्राम चौरा में 2 अगस्त की सुबह से आयोजित होकर 6 अगस्त की शाम तक होगा। विश्व प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर की पावन एवं ऐतिहासिक धरा पर आयोजित यह मेला केवल खरीदारी का अवसर नहीं बल्कि ग्रामीण उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। 50 स्टॉलों के माध्यम से यहाँ आपको एक ही छत के नीचे ताज़े एवं पौष्टिक मिलेट उत्पाद, स्वादिष्ट घरेलू खाद्य सामग्री, वनोपज आधारित अन्य स्थानीय उत्पाद मिलेंगे। हस्तशिल्प एवं हथकरघा सामग्री बाँस एवं बेंत से बने आकर्षक उत्पाद,घरेलू सजावटी वस्तुएँ, पारंपरिक परिधान तथा अनेक प्रकार के अन्य उपयोगी स्वदेशी सामग्रियों का विशाल भंडार विक्रय के लिए उपलब्ध होगा। संभागीय सरस मेला में दुर्ग संभाग के कबीरधाम सहित जिला दुर्ग, बालोद, राजनंदगांव, बेमेतरा, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़- छुईखदान- गंडई के अतिरिक्त अन्य ज़िलों की महिला स्व सहायत समूह की दीदियों द्वारा उत्पादित आकर्षक सामग्रियों की प्रदर्शनी सह विक्रय के लिए 50 स्टॉल गए हैं। आप सब 2 अगस्त की सुबह से 6 अगस्त की शाम तक भोरमदेव मंदिर के पास ग्राम चौरा में आयोजित होने वाले संभागीय सरस मेला में अपने परिवार, मित्रों और प्रियजनों के साथ आकर इसका आनंद उठाइए।

संभागीय सरस मेला में प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तरुणा साहू देगी अपनी प्रस्तुति : सीईओ अग्रवाल

सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से जुड़ी महिला स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा निर्मित सामग्रियों को बाजार उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से संभागीय सरस मेला का आयोजन हो रहा है। इस दौरान दुर्ग संभाग के सभी सात जिले सहित अन्य ज़िलों की महिला समूह अपने उत्पादन लेकर शामिल हो रही हैं। मेला 2 अगस्त की सुबह से प्रारंभ हो जाएगा तथा इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। विशेष रूप से सावन के प्रथम 3 अगस्त को सुबह 10 बजे से लोक संस्कृति की अनमोल धरोहर पद्म विभूषण स्व. तीजन बाई की सुयोग्य शिष्या एवं प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तरुणा साहू द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा शिव तांडव की मनमोहक प्रस्तुति भी दी जाएगी। सीईओ अग्रवाल ने नागरिकों से कहा कि 2 की सुबह से प्रारंभ होने वाले संभागीय सरस मेला मे पधार कर ग्रामीण महिला समूह द्वारा उत्पादित आकर्षक सामग्रियों का अवलोकन करें तथा प्रत्येक खरीदी पर ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वदेशी भारत के संकल्प में अपना योगदान देते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाएं।

जिले में डेयरी एनालॉग और भ्रामक दुग्ध-जैसे खाद्य पदार्थों पर प्रतिबंध

■ खाद्य कारोबार संचालकों को नियमों का कड़ाई से पालन करने कलेक्टर ने दिए निर्देश, उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। राज्य में डेयरी एनालॉग (नकली पनीर) तथा ऐसे गैर-दुग्ध खाद्य उत्पादों के निर्माण, प्रसंस्करण, भंडारण, परिवहन, वितरण एवं विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लागू कर दिया गया है, जो देखने, नाम, पैकेजिंग अथवा प्रस्तुति में वास्तविक दुग्ध उत्पादों जैसे प्रतीत होते हैं। यह प्रतिबंध पूरे छत्तीसगढ़ राज्य सहित जिले में भी प्रभावशील है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत यह निर्णय उपभोक्ताओं को भ्रमित करने वाली व्यापारिक गतिविधियों पर रोक लगाने तथा जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। अधिसूचना के अनुसार ऐसे अमानकीकृत उत्पाद, जिनमें दूध के स्थान पर वनस्पति वसा, वनस्पति तेल अथवा अन्य गैर-दुग्ध अवयवों का उपयोग किया जाता है तथा जिन्हें पनीर, क्रीम, मक्खन अथवा अन्य दुग्ध उत्पादों के रूप में प्रस्तुत या विक्रय किया जाता है, पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। प्रतिबंध विशेष रूप से उन उत्पादों पर लागू होगा, जो वास्तविक दुग्ध उत्पाद नहीं हैं, जिनमें दूध के स्थान पर वनस्पति वसा, वनस्पति तेल अथवा अन्य गैर-दुग्ध अवयवों का उपयोग किया गया हो तथा जिनकी लेबलिंग, पैकेजिंग, प्रस्तुति अथवा विक्रय की पद्धति उपभोक्ताओं को भ्रमित करती हो। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में विशेष निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान संचालित किया जाएगा। बेमेतरा जिले के सभी होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, मिठाई प्रतिष्ठान, डेयरी प्रतिष्ठान, थोक एवं फुटकर विक्रेता तथा अन्य खाद्य कारोबार संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिबंधित उत्पादों का निर्माण, भंडारण अथवा विक्रय नहीं करें। निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित उत्पाद पाए जाने पर संबंधित खाद्य कारोबार संचालकों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

मुंशी प्रेमचंद जयंती पर गोडेला स्कूल में सजी साहित्य की दुनिया

बालोद/नवप्रदेश। महान हिंदी साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोडेला में साहित्यिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के साथ उनका स्मरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मुंशी प्रेमचंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित आकर्षक दीवार पत्रिका तैयार कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। यह दीवार पत्रिका शिक्षिका प्रतिभा त्रिपाठी के मार्गदर्शन में तैयार की गई। पत्रिका में मुंशी प्रेमचंद के जीवन परिचय, प्रमुख साहित्यिक कृतियों, हिंदी साहित्य में उनके अमूल्य योगदान तथा प्रेरक विचारों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक सोच, लेखन क्षमता और कलात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए दीवार पत्रिका को सुंदर स्वरूप प्रदान किया, जिसकी विद्यालय परिवार ने सराहना की।

पानी, सफाई और निर्माण कार्य का लिया जायजा

■ महापौर मधुसूदन यादव ने पैदल भ्रमण कर वार्डवासियों से हुए रूबरू

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मूलभूत सुविधा बिजली,पानी सफाई का हाल जानने महापौर मधुसूदन यादव आज सुबह वार्ड 23 के लालबाग, महेन्द्र नगर, प्रभात नगर में वार्ड पार्षद एवं राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य श्री राजा माखीजा के साथ पैदल भ्रमण कर साफसफाई एवं निर्माण कार्य का जायजा लेकर वार्डवासियो से रूबरू हो पानी, सफाई के संबंध में चर्चा किए। लालबाग में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लेकर महापौर यादव ने कहा कि निर्माण में गुणवत्ता एवं समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे अच्छा काम हो और क्षेत्रवासियो को उसका लाभ मिल सके। गली नं. 8 एवं वाईडनियर स्कूल के पीछे व महेन्द्र नगर में नाली निर्माण की मांग पर वार्डो में विकास कार्य कराने शासन द्वारा स्वीकृत राशि से प्राथमिकता तय कर नाली निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने निर्माण कार्य की सतत मानिटरिंग करने संबंधित इंजिनियर को निर्देशित किए। महेन्द्र नगर व प्रभात नगर वासियो द्वारा पानी भरान से निजात दिलाने तथा सफाई कर्मी कम होने से ठीक से सफाई नही होने पर सफाई कर्मी बढ़ाने की मांग पर महापौर ने स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि कार्यरत कर्मचारियो से प्रतिदिन निर्धारित समय तक सफाई करावे और सप्ताह में गैंग लगाकर भी सफाई कराना सुनिश्चित करे। अत्यधिक बारिश में पानी भरान की स्थिति से निपटने नाली में सुचारू बहाव के लिए नाली का ढाल ठीक करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए तथा लिकेज पाईप लाईन की मरम्मत करने कहा।

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने किया जिला न्यायालय का निरीक्षण

■ मुख्य न्यायाधीश ने न्यायालयीन कार्यों में कार्यक्षमता, जवाबदेही, पत्रावलियों के रखरखाव और परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के दिए निर्देश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा द्वारा जिला न्यायालय राजनांदगांव का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ता संघ के सदस्यों तथा न्यायालयीन कर्मचारियों से संवाद किया। अपने प्रवास के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने जिला न्यायालय परिसर स्थित विभिन्न न्यायालय कक्षों, सेंट्रल प्रोसेस अनुभाग, सर्वर, लीगल एंड डिफेंस सिस्टम, अभिलेखागार, मालखाना, लेखा अनुभाग, ग्रंथालय, डिजिटलीकरण एवं स्कैनिंग केन्द्र, पीड़िता विश्राम कक्ष, किलकारी कक्ष सहित विभिन्न अनुभागों का सघन अवलोकन कर वहां उपलब्ध आधारभूत अधोसंरचना का जायजा लिया।

मुख्य न्यायाधीश ने न्यायालयीन कार्यों में कार्यक्षमता, जवाबदेही, पत्रावलियों के रखरखाव और परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने पेपरलेस कार्यप्रणाली व आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग पर बल देते हुए न्यायिक व्यवस्था को नागरिक केंद्रित बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने कहा कि जुडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और न्याय प्रणाली में नई तकनीकी को शामिल करने के हमेशा से पक्षधर रहे हैं। पदभार संभालने के बाद से ही वे लगातार प्रदेश के दूरस्थ व जिला न्यायालयों का दौरा कर जमीनी हकीकतों का जायजा ले रहे हैं। उनके इसी विजन के कारण आज राज्य में अदालतों के आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण को एक नई गति मिली है, जिससे न्याय व्यवस्था अधिक नागरिक केंद्रित हो रही है।

मुख्य न्यायाधीश ने न्यायालय परिसर राजनांदगांव में मौलश्री पौधा का रोपण भी किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल, ज्वाइंट रजिस्ट्रार-कम-प्रिंसिपल प्राइवेट सेक्रेटरी, प्रोटोकॉल अधिकारी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजनांदगांव, जिले के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं अधिवक्तागण, जिला कलेक्टर, लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस अधीक्षक तथा न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नेतृत्व में गए आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल में सदस्य के रूप में शामिल हुए सांसद विजय बघेल

सांसद बघेल का माना एयरपोर्ट पर योगेश के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

बेमेतरा/नवप्रदेश। दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल के विदेश यात्रा से स्वदेश लौटने पर रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट माना में भाजपा किसान नेता बेमेतरा एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने गर्मजोशी के साथ उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया।

सांसद बघेल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नेतृत्व में गए आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में विदेश यात्रा पर शामिल हुए थे। 19 से 25 जुलाई तक राष्ट्रपति के नेतृत्व में आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल ने मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया एवं रोमानिया की राजकीय यात्रा की। इस महत्वपूर्ण यात्रा से लौटने के बाद 1 अगस्त को माना एयरपोर्ट पहुंचने पर योगेश तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर, जयघोष एवं आत्मीय अभिनंदन के साथ सांसद विजय बघेल का स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू के नेतृत्व में भारत के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनकर सांसद बघेल का विदेश यात्रा पर जाना दुर्ग लोकसभा क्षेत्र एवं पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि सांसद विजय बघेल ने इस महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल में शामिल होकर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया, जो प्रदेश के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि भारत और पूर्वी यूरोप के देशों के बीच राजनयिक, आर्थिक, संसदीय एवं रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में यह यात्रा महत्वपूर्ण रही। इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय दौरे भारत के विभिन्न देशों के साथ आपसी संबंधों को और अधिक मजबूत करने तथा सहयोग के नए अवसर विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। योगेश तिवारी ने सांसद विजय बघेल को सफल विदेश यात्रा से लौटने पर बधाई देते हुए कहा कि उनके अनुभवों से क्षेत्र एवं प्रदेश को भी नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल में शामिल होकर विदेश यात्रा करना सांसद विजय बघेल के लिए ही नहीं, बल्कि उनके समर्थकों और क्षेत्रवासियों के लिए भी गर्व का क्षण है। इस अवसर पर के सूरज, पीयूष शर्मा, जगदीश महतो, मनीष तिवारी, प्रियांशु सिंह, मनोज सिन्हा, दारगांव जनपद सदस्य प्रतिनिधि होमलाल साहू, डॉ एन के तिवारी, बबलू साहू, करीम खाना, गजेंद्र लोहिया गिरी, पियूष, निखिल, लकी पाण्डेय, चन्दन, अजय, दीपाश पटेल, धर्मनात सिंह, सूर्य, लश्मन चौहान, के सूरज, सरपंच सोंढ मोहन साहू, सिवार सरपंच जगन्नाथ साहू, सिलघट प सरपंच बीरेंद्र साहू, पतोरा पूर्व सरपंच लालचंद साहू, उकेंद्र साहू, रमेश साहू, डामन साहू, उपसरपंच खजरी शिवकुमार साहू, जीवन लाल ओगरे, रिपुषुदन ठाकुर, कृष्णा साहू, नरेश राय, यशवंत टंडन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

नपा में 17 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत

खैरागढ़/नवप्रदेश। नगरपालिका मे भृत्य के रूप मे पिछले 17 वर्षो से अनवरत सेवा दे रही नपा कर्मचारी शोभायादव के शुक्रवार को सेवानिवृत होने पर नगरपालिका प्रशासन द्वारा बिदाई समारोह का आयोजन कर शोभायादव को भावभीनी बिदाई दी गई। कार्यक्रम मे सीएमओ पुनीत राम वर्मा, राजेश तिवारी, मनोज शुक्ला, टोडर सिंह, ज्योति शर्मा, अंकुर सिंह आशीष तिवारी, हेमंत साहू सहित पालिका कर्मचारी मौजूद रहे । पति की मौत के बाद अनुकंपा नियुक्त हुई शोभा यादव विगत 17 वर्षो से नगर पालिका मे पदस्थ रही। कर्मचारियो की ओर से सेवानिवृति पर शोभा यादव का सम्मान कर उन्हे शाल श्रीफल और

स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। नपा सीएमओ पुनीत वर्मा ने कहा कि शासकीय सेवा काल के दौरान हर प्रकार के उतार चढ़ाव के बाद भी अपनी सेवा के प्रति गंभीरता, तत्परता और लगन शोभायादव की खासियत रही । कार्यलयीन कार्यो के साथ साथ कार्यालय मे आने वाले जनप्रतिनिधियो, आम लोगो के लिए यादव ने अपनी कार्यक्षमता के अनुरूप कार्य करने मे कोई कसर नही छोड़ी । उन्होने यादव के कार्यकाल को उत्कृष्ट बताते अन्य कर्मचारियो को भी प्रेरणा लेने की बात कही । शोभायादव ने भी सेवानिवृति पर पालिका कर्मचारियो अधिकारियो के मिले सहयोग के लिए आभार माना और बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दी। कर्मचारियो ने भी शोभा का सम्मान कर उन्हे भावभीनी बिदाई दी।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.टी. 202526430104800005

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी रामचंद्र नामदेव पिता/पति एन.डी. बारडे पता 6 बी.एम. पाकेट मरोदा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 619/26(0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जयंत बराडे पिता/पति रामचंद्र नामदेव बराडे पता 6 बी.एम. पाकेट मरोदा, पुष्पा बराडे पिता/पति रामचंद्र नामदेव बराडे पता 6 बी.एम. पाकेट मरोदा, सुनील बराडे पिता/पति रामचंद्र नामदेव बराडे पता 6 बी.एम. पाकेट मरोदा के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05.08.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.07.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मै, प्रदीप कुमार पिता श्री विजय कुमार आयु 31 वर्ष निवासी ग्राम व पं कुथरेल तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का हूं जो कि निम्न बयान शपथपूर्वक पेश करता यह कि मै उपरोक्त दिये गये पते पर निवास करता हूं। यह कि मेरे समस्त दस्तावेज मार्केशीट, आधार कार्ड कमांक 2411 1283 6674 मेरा नाम प्रदीप कुमार पिता श्री विजय कुमार दर्ज है जो कि सही व सत्य है। यह कि मेरे पिता श्री विजय कुमार के आधार कमांक 2357 6577 0647 में विजरा कुमार चन्द्राकर दर्ज है। यह कि मेरे पिता का नाम विजय कुमार एवं विजय कुमार चन्द्राकर, मेरे पिता के दास्थि खारिज प्रमाण पत्र स्कूल प्रमाण पत्र मे विजय नारायण दर्ज ये सभी नाम मेरे पिता का (एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि मेरे पिता का ही नाम है। यह कि मेरे नाम प्रदीप कुमार पिता श्री विजय कुमार के नाम जाने व पहचाने एवं समस्त दस्तावेज मे इस नाम दर्ज करवाने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है। अतः यह शपथ पत्र उपरोक्त जानकारी के समर्थन मे श्रीमान सक्षम अधिकार महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
प्रदीप कुमार पिता श्री विजय कुमार निवासी ग्राम व पं कुथरेल तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202607101500094 /ब-121/ वर्ष 2025-26
ग्राम असोगा प.ह.न. 41 तह.पाटन जिला दुर्ग

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक देवकी बाई देशलहरे पति स्व. भागवत देशलहरे निवासी वार्ड नं. 02 नाहँदा तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि फुलसिंग पिता उमराव का मृत्यु दिनांक 06.05.1990 को ग्राम असोगा तहसील पाटन में हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 12.08.2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 28.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
नायब तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00042 कातुलबोर्ड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी.20262711111785

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00042 के अंतर्गत ग्राम कातुलबोर्ड के वर्तमान भूमिस्वामी आरती सिंह पिता/पति स्व. पारसनाथ सिंह पता दुर्ग, रतनदीप सिंह पिता/पति स्व. पारसनाथ सिंह पता दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 47/81(0.0093) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रतनाकर सिंह पिता/पति स्व. पारसनाथ सिंह पता दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.08.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.07.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202607100700096 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक जीनत शफीक खान आ. मो. शफीक खान साकिन कसारीडीह द्वारा ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 40 रा.नि.मं. कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 715/38 रकबा 1200 वर्गफीट को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता राजेश मैक्लीन आ. मैक्लीन बेजामिन से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई दिनांक 07.08.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक त्रिलोकीनाथ आ./पति स्व. घसियाराम देवांगन व अन्य निवासी बोड़ेगांव तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा ग्राम जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 731/1 रकबा 0.31 हे. भूमि जो कि घसियाराम देवांगन के नाम से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु दिनांक 28.08.2011 को हो पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.08.2026 तक स्वयं अथवा अपने माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं पुरुषोत्तम, पुरषोत्तम, परषोत्तम सिंह, झग्गर लाल (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता दुर्गा राम देशमुख (DURGA RAM DESHMUKH) उम्र 59 वर्ष, निवासी- मकान नं. 40, वार्ड नं. 03, थनौद, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) जिसे अब तक पुरूषोत्तम, पुरषोत्तम, परषोत्तम सिंह, झग्गर लाल पिता दुर्गा राम देशमुख (DURGA RAM DESHMUKH) ने अपना नाम बदल कर पुरषोत्तम देशमुख (PURSHOTTAM DESHMUKH) पिता दुर्गा राम देशमुख (DURGA RAM DESHMUKH) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
पुरुषोत्तम, पुरषोत्तम, परषोत्तम सिंह, झग्गर लाल पिता दुर्गा राम देशमुख निवासी- मकान नं. 40, वार्ड नं. 03 थनौद तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

चित्रकोट जलप्रपात पूरे शबाब पर, 90 फीट की गर्जना और सतरंगी इंद्रधनुष ने पर्यटकों का जीता दिल

■ 'भारत का नियाग्रा' बना मानसून का सबसे बड़ा आकर्षण, देशभर से उमड़ रहे सैलानी, होटलों में 'नो रूम' की स्थिति

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर की प्राकृतिक धरोहर और विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चित्रकोट जलप्रपात इन दिनों अपने पूरे शबाब पर है। लगातार हो रही बारिश से इंद्रावती नदी उफान पर है, जिससे घोड़े की नाल (हॉर्सशू) जैसी विशाल आकृति में फैला चित्रकोट जलप्रपात लगभग 90 फीट की ऊंचाई से प्रचंड वेग के साथ गिर रहा है। गिरते जल की गर्जना कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दे रही है, जबकि पानी की महीन फुहारों के बीच उभरती सतरंगी इंद्रधनुष की छटा पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर रही है। यही अद्भुत दृश्य चित्रकोट को 'भारत का नियाग्रा' कहलाने का गौरव दिलाता है।

मानसून के चरम पर पहुंचते ही चित्रकोट जलप्रपात देशभर के प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकीनों का पसंदीदा ठिकाना बन गया है। छत्तीसगढ़ के अलावा ओडिशा,तेलंगाना,आंध्र प्रदेश,महाराष्ट्र,मध्यप्रदेश तथा अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। सुबह से शाम तक जलप्रपात के विभिन्न व्यू-पॉइंट लोगों से गुलजार रहते हैं। गिरते जल, उड़ती फुहारों और इंद्रधनुष के संग सेल्फी और वीडियो बनाने वालों की भीड़ लगातार बढ़ रही है।

चित्रकोट में पर्यटकों की रिकॉर्ड आमद से स्थानीय पर्यटन उद्योग में भी नई रौनक लौट आई है। होटल,रिसॉर्ट,लॉज और होम-स्टे लगभग पूरी तरह भर चुके हैं तथा कई स्थानों पर 'नो रूम' की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय व्यवसायियों,हस्तशिल्प विक्रेताओं और खान-पान से जुड़े लोगों के कारोबार में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। पर्यटन से जुड़े लोगों का मानना है कि यदि बारिश का यही सिलसिला जारी रहा तो आगामी दिनों में पर्यटकों की संख्या और बढ़ेगी।

मानसून में चित्रकोट बना प्रकृति प्रेमियों का स्वर्ग

लगातार वर्षा से चित्रकोट जलप्रपात का जलप्रवाह अपने चरम पर पहुंच गया है। घोड़े की नाल जैसी विशाल आकृति, 90 फीट की ऊंचाई से गिरता दूधिया जल,फुहारों के बीच बनता सतरंगी इंद्रधनुष और हरियाली से घिरा प्राकृतिक परिवेश पर्यटकों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन रहा है। यही कारण है कि इन दिनों चित्रकोट पूरे देश में मानसून पर्यटन का सबसे आकर्षक केंद्र बनकर उभरा है।

धान रोपाई मशीन से बदली खेती की तस्वीर, किसान महादेव बने मिसाल

जगदलपुर/नवप्रदेश। कृषि में आधुनिक तकनीकों के उपयोग से खेती लगातार अधिक आसान, किफायती और लाभकारी बन रही है। इसका उदाहरण तेलीमारेंगा के प्रगतिशील किसान महादेव मौर्य ने प्रस्तुत किया है। उन्होंने इस खरीफसीजन में आधुनिक राइस ट्रांसप्लांटर (धान रोपाई मशीन) से 16 एकड़ क्षेत्र में धान की रोपाई कर पारंपरिक खेती को नई दिशा दी है। महादेव मौर्य के पास 8 एकड़ पैतृक कृषि भूमि है, जबकि 8 एकड़ भूमि उन्होंने लीज पर लेकर कुल 16 एकड़ में खेती की है। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में मजदूरों की कमी के कारण समय पर रोपाई कराना चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन धान रोपाई मशीन से यह समस्या काफी हद तक दूर हो गई है। जहां पहले रोपाई के लिए दर्जनों मजदूरों और कई दिनों का समय लगता था, वहीं अब केवल दो-तीन लोगों की सहायता से कम समय में कार्य पूरा हो जाता है। किसान महादेव मौर्य के अनुसार, पारंपरिक तरीके से हाथों से रोपाई कराने में प्रति एकड़ लगभग 7 से 8 हजार रुपये खर्च होते थे, जबकि मशीन से यह लागत घटकर लगभग 2 से 2.5 हजार रुपये प्रति एकड़ रह गई है। उन्होंने बताया कि 9 लाख रुपये कीमत की इस मशीन पर शासन से 4 लाख रुपये का अनुदान मिला, जिससे उन्हें यह मशीन 5 लाख रुपये में उपलब्ध हो सकी।

बेहतर पैदावार की उम्मीद, किसान भी हो रहे प्रेरित

महादेव मौर्य का कहना है कि मशीन से रोपाई करने पर पौधों के बीच समान दूरी बनी रहती है, जिससे फसल का विकास बेहतर होता है और अधिक उत्पादन मिलने की संभावना रहती है। उनके इस सफल प्रयोग को देखकर आसपास के किसान भी आधुनिक कृषि यंत्रों को अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। आधुनिक तकनीक के उपयोग से खेती की लागत घटने के साथ किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में भी सकारात्मक परिणाम सामने आने की उम्मीद है।

सीएमएचओ ने किया आड़ावाल और नानगुर स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

जगदलपुर/नवप्रदेश। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आड़ावाल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानगुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी,आईपीडी, पैथोलॉजी लैब, लेबर रूम, औषधि भंडार और परिसर की साफ-सफाई का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने सभी आवश्यक एवं जीवनरक्षक दवाइयों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को दवाइयों की कमी होने पर तत्काल सीजीएमएससी के माध्यम से ऑनलाइन इंडेंट भेजने के निर्देश दिए। मानसून के मद्देनजर स्वास्थ्य अमले को पूरी तरह सतर्क रहने तथा मलेरिया, डेंगू सहित अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम और समय पर उपचार सुनिश्चित करने के लिए कहा। नानगुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मलेरिया मरीजों से भी उन्होंने मुलाकात कर उनका स्वास्थ्य जाना और चिकित्सकों को नियमित फॉलो-अप करने के निर्देश दिए। वहीं एचपीवी वैक्सीन लगवा चुकी छात्राओं से चर्चा कर उन्हें टीकाकरण के लाभों के बारे में जागरूक किया। निरीक्षण के दौरान बीएमओ डॉ आरएस भंवर,ग्रामीण चिकित्सा सहायक महेश मिश्रा,सेक्टर सुपरवाइजर नरेश मरकाम सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित रहा।

आत्मनिर्भरता: बस्तर की बेटियां भरेंगी सफलता की नई उड़ान

बेंगलुरू की फॉक्सकॉन कंपनी में बस्तर की 12 युवतियों का चयन

■ कलेक्टर ने सौंपे नियुक्ति पत्र

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर की बेटियां अब देश की अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी फॉक्सकॉन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। जिला प्रशासन के प्रयासों से जिले की 12 युवतियों का चयन बेंगलुरु स्थित फॉक्सकॉन कंपनी में हुआ है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर (आकाश छिकारा) ने चयनित युवतियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उनके उज्ज्वल, सुरक्षित और सफल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कलेक्टर ने चयनित युवतियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि दूसरे शहर में कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या आने पर जिला प्रशासन हरसंभव सहायता के लिए सदैव तैयार रहेगा। जिला पंचायत (मुख्य कार्यपालन अधिकारी) तन्मय खन्ना ने युवतियों को पूरी निष्ठा और लगन से कार्य सीखने की सलाह देते हुए कहा कि यहां का अनुभव उनके बेहतर भविष्य की मजबूत नींव बनेगा। वहीं सहायक कलेक्टर (यशवंत नायक) ने आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और निरंतर सीखते रहने का संदेश दिया।

चयनित युवतियों में कई ने जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज, जगदलपुर से कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किया, जबकि अन्य का चयन लाइवलीहुड कॉलेज के प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से हुआ। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की महिला समूहों और प्रदान संस्था ने भी चयन एवं प्लेसमेंट प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आत्मनिर्भर बस्तर की नई पहचान

फॉक्सकॉन जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में बस्तर की 12 युवतियों का चयन क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। यह उपलब्धि न केवल इन परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी,बल्कि कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बस्तर की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित होगी।

हुनर बना सहारा, आजीविका कॉलेज की ट्रेनिंग से शीतल ने बदली जिंदगी

जगदलपुर/नवप्रदेश। पिता के निधन के बाद आर्थिक संकट से जूझ रहे परिवार की जिम्मेदारियों ने शीतल बघेल के सामने कठिन परिस्थितियां खड़ी कर दी थीं। 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद बेरोजगारी और भविष्य की चिंता के बीच उनके एक शिक्षक ने उन्हें जिला परियोजना आजीविका कॉलेज,आड़ावाल की जानकारी दी। यही सलाह उनकी जिंदगी का टर्निंग प्वाइंट साबित हुई।

कॉलेज में काउंसलिंग के दौरान बिजली के कार्य में उनकी रुचि को देखते हुए उन्हें असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन पाठ्यक्रम में प्रवेश मिला। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने तकनीकी कौशल के साथ कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर राज्य स्तरीय कौशल परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उन्हें जगदलपुर स्थित मगध इलेक्ट्रिकल में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन के रूप में रोजगार मिला। आज शीतल हर माह करीब 9 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। इस आय से वह परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में सहयोग करने के साथ अपनी आगे की पढ़ाई का खर्च भी स्वयं उठा रही हैं। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना और जिला परियोजना आजीविका कॉलेज से मिला प्रशिक्षण उनके जीवन में नई दिशा लेकर आया है।

युवाओं के लिए प्रेरणा

शीतल की सफलता इस बात का उदाहरण है कि कठिन परिस्थितियां भी मजबूत इरादों और कौशल प्रशिक्षण के सामने टिक नहीं सकतीं। उनकी कहानी उन युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो हुनर के दम पर आत्मनिर्भर बनकर अपने सपनों को साकार करना चाहते हैं।

ओएमआर आधारित 'महापरीक्षा' में शामिल हुए 5वीं के हजारों विद्यार्थी

■ 700 मेधावी बच्चों का होगा चयन

जगदलपुर/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए बेहतर ढंग से तैयार करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने शनिवार को जिलेभर में कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों के लिए ओएमआर शीट आधारित जिला स्तरीय 'महापरीक्षा' (प्रथम चरण मॉक टेस्ट) का आयोजन किया। कलेक्टर (आकाश छिकारा) के मार्गदर्शन में 1,526 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया।

यह परीक्षा जिले के बस्तर, लोहंडीगुड़ा, तोकापाल, बकावंड, जगदलपुर, दरभा और बास्तानार विकासखंडों के चिन्हित परीक्षा केंद्रों में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक एक पाली में संपन्न हुई। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी (बीआर बघेल) ने सभी केंद्रों में केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति की थी।

परीक्षा से पहले विद्यार्थियों को पिछले दस वर्षों के नवोदय प्रवेश परीक्षा प्रश्नपत्रों का अभ्यास कराया गया, जिससे बच्चों में ओएमआर प्रणाली को लेकर आत्मविश्वास बढ़ा। अब ओएमआर शीटों की डिजिटल स्कैनिंग के माध्यम से पारदर्शी मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक विकासखंड से 100 श्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन कर जिले के कुल 700 मेधावी विद्यार्थियों को विशेष मार्गदर्शन, निःशुल्क अध्ययन सामग्री तथा मुख्य परीक्षा तक प्रतिमाह प्रैक्टिस टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालयों तक पहुंचाना है। नियमित अभ्यास, वैज्ञानिक मूल्यांकन और विशेष मार्गदर्शन से सरकारी स्कूलों के अधिकाधिक बच्चों के चयन का मार्ग प्रशस्त होगा।

'मुस्कुराता बस्तर' थीम पर 3 अगस्त को कार्टून कार्यशाला

■ स्कूली विद्यार्थियों को वरिष्ठ कार्टूनिस्ट देंगे प्रशिक्षण

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग के सहयोग से देश की एकमात्र मासिक कार्टून पत्रिका कार्टून वॉच द्वारा 3 अगस्त को जगदलपुर में स्कूली विद्यार्थियों के लिए 'मुस्कुराता बस्तर' थीम पर विशेष कार्टून कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को कार्टून और कैरिकेचर कला का प्रशिक्षण देने के साथ बस्तर की संस्कृति, पर्यटन और लोकजीवन को रचनात्मक रूप से अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित करना है।

कार्यशाला में दिल्ली के वरिष्ठ कार्टूनिस्ट माधव जोशी तथा पुणे के प्रसिद्ध कैरिकेचर कलाकार शुभम जिंदे लाइव डेमो के माध्यम से ऑन-द-स्पॉट कार्टून और कैरिकेचर बनाने की बारीकियां सिखाएंगे। प्रतिभागियों को कार्टून कला के सामाजिक सरोकार,रचनात्मक अभिव्यक्ति और रोजगार की संभावनाओं की भी जानकारी दी जाएगी।

आयोजकों के अनुसार 'मुस्कुराता बस्तर' थीम के माध्यम से चित्रकोट,तीरथगढ़ जलप्रपात,कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान,बस्तर दशहरा सहित क्षेत्र की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर को सकारात्मक एवं रचनात्मक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाएगा।

प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच विकसित करना

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच विकसित करना,उन्हें अपनी संस्कृति और प्राकृतिक धरोहर से जोड़ना तथा कार्टून कला के माध्यम से बस्तर की सकारात्मक छवि को नई पीढ़ी की दृष्टि से प्रस्तुत करना है। आयोजकों का मानना है कि यह पहल स्थानीय प्रतिभाओं को नई पहचान दिलाने के साथ कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर भी उपलब्ध कराएगी।

वरिष्ठ दिव्यांग को प्रदाय की गई ट्रायसिकल

कांकेर/नवप्रदेश। भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम भानबेड़ा निवासी 65 वर्षीय वरिष्ठ दिव्यांग श्री गुलाम कासिम को समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्रायसिकल प्रदान की गई। दिव्यांग श्री कासिम को चलने-फिरने एवं दैनिक कार्यों के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ट्रायसिकल मिलने से अब उन्हें आने-जाने में सुविधा होगी, साथ ही वे दैनिक कार्य पहले की अपेक्षा अधिक आसानी से कर सकेंगे।

हर दिन स्कूल आना, नहीं कोई बहाना... यह सोचकर शिक्षक ने किया रेनकोट और छतरी का वितरण

चारामा/नवप्रदेश। बरसात में भीग जाने के कारण स्कूल न आने और तबियत खराब का बहाना जब भी कोई बच्चा करता है तो एक शिक्षक को स्कूल उस बच्चे के बिना अधूरा सा लगता है। इस बहाना को दूर करने का प्रयास शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रतेसरा के शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार ने जरूरत मंद बच्चों को रेनकोट और छतरी वितरण कर हर दिन स्कूल आने का राह निकालने का प्रयास किया है।अक्सर बारिश से बच्चे भीग जाते हैं बैग के पुस्तक भी भीग जाते हैं ऐसे में बच्चों को स्कूल न जाने का बहाना मिल जाता है और वजह में अगले दिन बच्चे बारिश में भीगने से तबियत खराब होना बताया जाता था।स्कूल में कम बच्चों की उपस्थिति से दिनभर अधूरा लगता है इस कमी को दूर करने शिक्षक ने यह प्रयास किया कि बच्चों को संसाधन उपलब्ध करा देने से नियमित शाला अध्यापन कार्य के लिए आयेंगे।इस पहल में शाला के शिक्षकों ने सहयोग दिया। बच्चों के चेहरे पर नए रेनकोट और छतरी मिलने से खुशी देखा गया ।

प्रथम पेज का शेष

प्रीति-जैस्मिन-सोमन-साक्षी-प्रिया-अरुंधति...

गोल्ड जीत लिए। इनके अलावा, सोमन राणा ने पैरा शॉटपुट की एफ-57 कैटेगरी में गोल्ड दिलाया। महिलाओं की 57 किग्रा वेट कैटेगरी में जैस्मिन ने नॉर्दर्न आयरलैंड की मिकाएला वॉल्स, 54 किग्रा में प्रीति ने कनाडा की सवाना डोलमागो को, 51 किग्रा में साक्षी ने इंग्लैंड की रूबी वाइट को और 60 किग्रा में प्रिया घंघास ने कनाडा की मैरी-बाथौल अल-अहमदिए को हराया। भारत के 10 गोल्ड सहित कुल 34 मेडल हो गए हैं। भारत मेडल टैली में 5वें स्थान पर पहुंच गया है।

आतंकियों ने ईंट भट्ठा...

की तलाश की जा रही है। सूत्रों के अनुसार एक बाइक पर 2 आतंकी आए थे। इनके लश्कर की विंग द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के होने का अनुमान है। दरअसल, टीआरएफ नॉन लोकल को निशाना बनाता रहा है।

सीएम ने किया मुआवजा का ऐलान

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मृतकों के परिवार को पहले से दिए जा रहे 6 लाख के मुआवजा के अलावा मुख्यमंत्री राहत कोष से भी 10 लाख रुपए की राशि दी जाएगी।

सीबीआई का दावा-टामन...

सोनवानी और रायपुर के एक कारोबारी को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसियों का आरोप है कि सीजीपीएससी भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई और प्रभावशाली लोगों के रिश्तेदारों को डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम समेत अन्य राजपत्रित पदों पर चयनित कराने के लिए अवैध तरीके अपनाए गए।

नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाएंगे अफसर

सीजीपीएससी ने 2021 की राज्य सेवा परीक्षा के तहत 171 पदों पर भर्ती निकाली थी। प्री, मेंस और इंटरव्यू के बाद 11 मई 2023 को अंतिम चयन सूची जारी हुई। इसके बाद चयन प्रक्रिया में पक्षपात, पेपर लीक और रसूखदार परिवारों के अभ्यर्थियों को फायदा पहुंचाने के आरोप लगे। मामला सामने आने के बाद राज्य सरकार ने जांच सीबीआई को सौंप दी। अब ईडी इस पूरे प्रकरण में कथित मनी लॉन्ड्रिंग, अवैध लेन-देन और भर्ती घोटाले से जुड़े वित्तीय नेटवर्क की पड़ताल कर रही है। जांच एजेंसी का फोकस उन लोगों पर भी है, जिनकी भूमिका मनी ट्रेल में सामने आ सकती है। जल्द ही नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

पहले एयरपोर्ट के नाम एक...

लिए बहुत अहम है। उत्तर आंध्र की भूमि पर आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आज 18 हजार करोड़ की योजनाओं का शुभारंभ हुआ है। विकास कार्य इस बात के प्रतीक है कि आंध्र किस तरह आज आगे बढ़ रहा है। विकास के नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। आज का ये आयोजन नया इतिहास, नया रिकॉर्ड रचने का भी है।'

सीएमओ लिखी कार की...

घनश्याम वर्मा के जन्मदिन समारोह में शामिल होने के बाद तखतपुर नगर पालिका के सीएमओ अमरेश सिंह अपने एक साथी के साथ स्कोडा कार से लौट रहे थे।

शुक्रवार (31 जुलाई) रात करीब 11 बजे मुंगेली-पथरिया मोड़ के पास कार की सामने से आ रही बाइक से टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार सवार मौके से चले गए। पुलिस को घटनास्थल से 'सीएमओ' लिखी टूटी नंबर प्लेट मिली है। वहीं, संबंधित स्कोडा कार नगर पालिका परिसर में क्षतिग्रस्त हालत में खड़ी मिली। पुलिस कार और उससे जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। सीएमओ से संपर्क नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

घटनास्थल पर 'सीएमओ' लिखी नंबर प्लेट मिली

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय कार तेज रफ्तार में थी। टक्कर के दौरान कार के आगे लगी 'सीएमओ' लिखी नंबर प्लेट टूटकर सड़क पर गिर गई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि कार सीएमओ चला रहे थे। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है कि हादसे के समय गाड़ी कौन चला रहा था। वहीं, संबंधित स्कोडा कार नगर पालिका परिसर में क्षतिग्रस्त हालत में मिली है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

जीएसटी कलेक्शन में...

रहा है। रिफंड को समायोजित करने के बाद, शुद्ध (नेट) जीएसटी कलेक्शन सालाना आधार पर 15.8% बढ़कर 1.81 लाख करोड़ रुपये हो गया। जुलाई में घरेलू जीएसटी संग्रह 10.1% बढ़कर 1.44 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि आयात से मिलने वाला जीएसटी राजस्व 28.8% की छलांग लगाकर 66,511 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो स्वस्थ घरेलू मांग और मजबूत आयात गतिविधि को दर्शाता है।

हरियाणा और गुजरात आगे

प्रमुख राज्यों में, हरियाणा ने जुलाई में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की जहां राजस्व 25% बढ़कर 11,892 करोड़ रुपये हो गया। इसके बाद गुजरात में 19% की वृद्धि के साथ 12,923 करोड़ रुपये और तेलंगाना में भी 19% की बढ़ोतरी के साथ 5,819 करोड़ रुपये संग्रह हुआ। पंजाब और केरल ने 16% की वृद्धि दर्ज की, जबकि देश के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में 15% की तेजी के साथ 9,651 करोड़ रुपये का संग्रह हुआ। देश के सबसे बड़े जीएसटी योगदानकर्ता राज्य महाराष्ट्र में कलेक्शन 13% बढ़कर 32,210 करोड़ रुपये रहा, जबकि कर्नाटक में 12% की वृद्धि के साथ 13,854 करोड़ रुपये दर्ज किए गए।

तालाबों-जलाशयों पर तैरते हुए सोलर पैनल पैदा करेंगे बिजली...

नई दिल्ली/ए.। केंद्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है. प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना यानी पीएम-एसएसवाई के तहत फ्लोटिंग सोलर फोटोवोल्टिक प्रोजेक्ट के साथ एनर्जी स्टोरेज प्रणाली विकसित की जाएगी. इस योजना का कुल परिव्यय 5070 करोड़ रुपये रखा गया है।

यह कदम भारत की रीन्यूएबल एनर्जी कैपेसिटी को बढ़ाने और जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में बड़ा प्रयास माना जा रहा है. योजना का उद्देश्य जलाशयों और औद्योगिक तालाबों का बेहतर उपयोग करना है, ताकि भूमि की कमी की समस्या से बचा जा सके और स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन बढ़े। इस योजना के अंतर्गत 5,000 मेगावाट क्षमता की फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट स्थापित किए जाएंगे. इनके साथ कम से कम दो घंटे की एनर्जी स्टोरेज क्षमता यानी 10,000 मेगावाट का सिस्टम भी जोड़ा जाएगा. प्रोजेक्ट को वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 के बीच मंजूरी दी जाएगी. वित्तीय सहायता का भुगतान 2032-33 तक जारी रहेगा।

राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान के आकलन के अनुसार देश के जलाशयों और उपयुक्त जल निकायों में लगभग 102.18 गीगावाट पीक फ्लोटिंग सोलर क्षमता मौजूद है. वर्तमान में देश में फ्लोटिंग सोलर क्षमता केवल करीब 700 मेगावाट है, इसलिए यह योजना इसे कई गुना बढ़ाने का काम करेगी। इसके अलावा अध्ययन, बाथिमेट्री, हाइड्रोग्राफी, पर्यावरणीय अध्ययन और अन्य तैयारी कार्यों के लिए प्रति प्रोजेक्ट अधिकतम 50 लाख रुपये की सहायता उपलब्ध होगी. सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट का सबसे बड़ा फायदा यह है कि ये मौजूदा जलाशयों और तालाबों का उपयोग करती हैं. इससे दुर्लभ भूमि संसाधनों पर दबाव नहीं पड़ता. एनर्जी स्टोरेज प्रणाली के जुड़ने से ग्रिड की विश्वसनीयता मजबूत होगी, क्योंकि सौर ऊर्जा दिन के समय पैदा होती है. स्टोरेज से शाम या रात में भी बिजली उपलब्ध हो सकेगी। योजना से सालाना करीब 10 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम होने का अनुमान है. साथ ही प्रोजेक्ट सीरीज में लगभग 16,000 से 17,000 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। फ्लोटेशन सिस्टम, सोलर सेल, मॉड्यूल और एनर्जी स्टोरेज प्रणालियों की पूरी वैल्यू चेन में आत्मनिर्भरता को समर्थन मिलेगा. इससे आत्मनिर्भर भारत के विजन को बल मिलेगा. जल संसाधनों का इष्टतम उपयोग होने के साथ-साथ राष्ट्रीय ऊर्जा और जलवायु उद्देश्यों की प्राप्ति में मदद मिलेगी।

फ्यूचर में क्या होगा?

भारत सौर ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन भूमि की उपलब्धता हमेशा चुनौती रही है. फ्लोटिंग सोलर इस समस्या का समाधान पेश करता है. जलाशयों पर पैनल लगाने से भाप बनना भी कम होता है, जो जल संरक्षण में सहायक है. एनर्जी स्टोरेज का एकीकरण रीन्यूएबल एनर्जी की अनियमितता को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

हिमाचल को राहत, बिजली के रूप में मिलेगा बकाया

नई दिल्ली/शिमला। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) परियोजनाओं में हिमाचल प्रदेश के हिस्से को लेकर करीब छह दशक से चल रहे विवाद के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने एक नए कैशलेस सेटलमेंट का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत हिमाचल प्रदेश को उसके लंबित बिजली बकाये का भुगतान नकद के बजाय ऊर्जा (बिजली) के रूप में किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने सुनवाई के दौरान बताया कि हिमाचल प्रदेश और हरियाणा सरकारें केंद्र के प्रस्ताव से सिद्धांततः सहमत हैं, जबकि पंजाब सरकार ने इस पर आपत्ति जताई है। इस पर अदालत ने पंजाब को कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि उसे न्यायालय के आदेशों का पालन करना चाहिए और अपना स्पष्ट रुख दो सप्ताह के भीतर बताना होगा। मामले की अगली सुनवाई 12 अगस्त को होगी। जानकारी के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के 2011 के फैसले के बाद बीबीएमबी परियोजनाओं से हिमाचल को 7.19 प्रतिशत बिजली हिस्सा मिलना शुरू हो गया था, लेकिन 1966 से लेकर 2011 तक की अवधि का बकाया अभी तक नहीं मिला है। यह बकाया करीब 13,066 मिलियन यूनिट बिजली के बराबर है। केंद्र सरकार ने सुझाव दिया है कि पंजाब और हरियाणा यह बकाया राशि नकद देने के बजाय बिजली के रूप में चुकाएं।

प्रस्ताव के तहत 13,066 मिलियन यूनिट में से 12,000 मिलियन यूनिट से अधिक बिजली हिमाचल को देने की व्यवस्था की जा सकती है। पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के बाद बीबीएमबी परियोजनाओं में हिस्सेदारी को लेकर राज्यों के बीच विवाद बना रहा। समाधान नहीं निकलने पर हिमाचल प्रदेश ने 1996 में सुप्रीम कोर्ट में मूल वाद दायर किया था।

वाराणसी में राहुल गांधी, पप्पू यादव और सांसद अवधेश पर मुकदमा दर्ज

वाराणसी। पातालपुरी मठ, नरहरिपुरा के पीठाधीश्वर जगद्गुरु बालक देवाचार्य ने संसद परिसर में हुए एक राजनीतिक प्रदर्शन को लेकर थाना कोतवाली में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। इस मामले में पुलिस ने शनि?वार को दोपहर बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दिए गए प्रार्थना-पत्र में आरोप लगाया गया है कि 31 जुलाई 2026 को संसद परिसर में हुए सार्वजनिक राजनीतिक प्रदर्शन के दौरान हिन्दू संत परंपरा, भगवान श्रीराम मंदिर तथा श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित पवित्र दान का प्रतीकात्मक एवं नाटकीय प्रदर्शन कर करोड़ों हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत किया गया। तहरीर में राहुल गांधी, राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव तथा फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद का नाम लेते हुए आरोप लगाया गया है कि प्रदर्शन के दौरान भगवा वस्त्र और हिन्दू संतों के स्वरूप का राजनीतिक उद्देश्य से उपयोग किया गया और भगवान श्रीराम के मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित दान को प्रदर्शन का विषय बनाया गया।

बताया गया कि इससे हिन्दू आस्था, संत परंपरा और धार्मिक प्रतीकों का सार्वजनिक उपहास हुआ तथा समाज में धार्मिक तनाव और वैमनस्य फैलने की आशंका उत्पन्न हुई। इस संदर्भ में शि?कायत दर्ज कराते हुए मुकदमा दर्ज कराने की मांग की गई थी। अब मुकदमा दर्ज कर लि?या गया है। डीसीपी गौरव बंसवाल ने बताया कि इस संदर्भ में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

इस संदर्भ में प्रार्थी ने पुलिस से उपलब्ध वीडियो, समाचार प्रसारण और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का परीक्षण कर विधि के अनुसार प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने, निष्पक्ष विवेचना कराने तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

पप्पू यादव पर मुकदमा दर्ज कराने पहुंचे संत

वाराणसी। संसद परिसर में संत वेशभूषा धारण कर राजनीतिक प्रदर्शन का विरोध अब काशी तक पहुंच गया है। शनिवार को पातालपुरी मठ के पीठाधीश्वर महंत बालक दास के नेतृत्व में संत समाज का एक प्रतिनिधि मंडल कोतवाली थाने पहुंच कर सांसद पप्पू यादव समेत प्रदर्शन में शामिल अन्य नेताओं के खिलाफतहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। संतों का आरोप है कि संसद में संत का वेश धारण कर राम मंदिर के चढ़ावे को लेकर किए गए राजनीतिक स्वांग से संत समाज की गरिमा को ठेस पहुंची है। इससे करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक भावनाएं भी आहत हुई हैं। संतों ने कहा कि विरोध दर्ज कराने के लिए लोकतांत्रिक तरीके अपनाए जा सकते हैं, लेकिन संतों की वेशभूषा और धार्मिक परंपराओं का राजनीतिक मंच पर इस तरह इस्तेमाल करना निंदनीय है।

भाजपा का 'अहंकार' बनाम जनता का आक्रोश : अखिलेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजनीति में इन दिनों बयानों और आरोपों का दौर तेज़ हो गया है। नीट पेपर लीक और उसके बाद जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन और उसके बाद पुलिस की बर्बरता को लेकर पक्ष-विपक्ष में आरोपों का दौर तेज है। इस दौरान संसद कूच के लिए निकले छात्रों और प्रदर्शनकारियों के ऊपर लाठियां भांजी गईं और आंसू गैस के गोलों के साथ पैलेट गन चलाने के गंभीर आरोप लगे। इस विपक्ष एक सुर में बोल रहा है तो सत्ता पक्ष इसे देश के खिलाफ उठी आवाज बता रहा है। हालांकि, इन सबके बीच शुक्रवार की रात पीएम मोदी ने एक वीडियो संदेश में प्रदर्शन के दौरान कथित आपत्तिजनक स्टेटमेंट देने वाले बच्चों को माफ करने की बात कही। इस पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि अगर भाजपाई दंडवत् माफ़ी भी मांगेंगे तो जनता कभी माफ नहीं करेगी।

राजनीतिक अहंकार और माफी पर तल्ख टिप्पणी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में जंतर-मंतर पर कथित रूप से अपशब्द कहे जाने वाले मामले में माफ़ी से जुड़ी खबरों पर भी अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने भाजपा की 'माफ़ी' वाली राजनीति को पुरानी और आउटडेटेड चाल बताया। सपा अध्यक्ष ने कहा, भाजपाइयों का सबसे बड़ा संकट ये है कि वे अब अगर जनता से दंडवत् माफ़ी भी मांगेंगे, तो भी जनता उन्हें माफ़ नहीं करेगी, क्योंकि उन्होंने अपने वादे कभी नहीं निभाए।

'समाज के तौर पर फेल', कंगना की दो-टूक

सीजेपी प्रोटेस्ट में गाली-गलौज करने वाली टीनएजर की माफी पर दी प्रतिक्रिया

नई दिल्ली/ए.। अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत अपने मुखर विचारों के लिए जानी जाती हैं। वह सामाजिक, राजनीतिक मुद्दों पर खुलकर बोलती हैं। बीते दिनों उन्होंने नीट परीक्षा को लेकर किए गए सीजेपी प्रोटेस्ट के दौरान कही गई अभद्र बातों पर नाराजगी जताई थी। इस दौरान एक युवा लड़की ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गाली दी थी, अभद्र टिप्पणी की थीं। सोशल मीडिया ट्रोलिंग के बीच इस लड़की ने प्रधानमंत्री से माफी मांगी है। इस माफी पर कंगना ने भी प्रतिक्रिया दी है। एएनआई की खबर के मुताबिक नोएडा पुलिस ने प्रधानमंत्री के बारे में कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली लड़की के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की थी।

कंगना ने समाज को दिया कड़ा संदेश

अपने इंस्टाग्राम पेज पर टीनएज लड़की के माफी वीडियो का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए कंगना ने लिखा, 'वह मुश्किल से 15 साल की है, यह खुद बोल रही है उसने अपनी पूरी जिंदगी में मोदी जी के खिलाफकभी कुछ पोस्ट नहीं किया। लेकिन उस दिन दोस्त उसे वहां ले गए और उन लोगों ने उसे गाली देने के लिए उकसाया। आप अपने बच्चों को बुरी फेमिनाजी और राक्षसी प्रवृति के वामपंथियों से बचाओ। हमें अपने बच्चों को उनसे बचाने की जरूरत है। खुद नोटिस करो एक भी स्कार्फ/बुर्का वाली बेटी ने भोंडा प्रदर्शन नहीं किया। लेकिन हमारी बेटियों को आसानी से भ्रमित किया जाता है, ऐसा क्यों? हम एक समाज के तौर पर कहीं फेल हो रहे हैं। हमें आत्मनिरीक्षण करना चाहिए, हमें अपनी बेटियों को बचाना चाहिए।'

काइनेटिक वाट्स एंड वोल्ट्स ने छत्तीसगढ़ में अपनी उपस्थिति को किया मजबूत

रायपुर। छत्तीसगढ़, जुलाई 2026: काइनेटिक इंडिया की इलेक्ट्रिक वाहन इकाई, काइनेटिक वाट्स एंड वोल्ट्स लिमिटेड ने आज रायपुर में अपनी नई डीलरशिप के शुभारंभ की घोषणा की। इस विस्तार के साथ कंपनी ने छत्तीसगढ़ में अपनी रिटेल उपस्थिति को और मजबूत किया है। यह विस्तार भारत के उभरते और उच्च संभावनाओं वाले बाजारों में ग्राहकों तक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को और अधिक सुलभ बनाने की कंपनी की रणनीति का एक महत्वपूर्ण कदम है।

नई डीलरशिप, काइनेटिक ईवी - श्याम मोटर्स, रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित है। यह डीलरशिप ग्राहकों को बिक्री, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स की एकीकृत सुविधाओं के साथ सहज एवं व्यापक स्वामित्व अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित की गई है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)

संक्षिप्त ई-निविदा सूचना क्रमांक-13

क्रमांक / 1287 / वलेलि / ग्रायांसेवा/2026-27 — राजनांदगांव, दिनांक 29.07.2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	निविदा आमंत्रण	निविदा कार्यालय में पहुंचने कि अंतिम तिथि
विकास खण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2026-27 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग डोंगरगांव अंतर्गत विभिन्न मदो में स्वीकृत 30.00 लाख से कम लागत के भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य	40.00	चतुर्थ बार	05.08.2026

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक 30.07.2026 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 05.08.2026 सायं 5.30 तक है।

जी-262702467/4

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग-राजनांदगांव

दो दिनों में 'स्पाइडर मैन' के 100 करोड़ पार

मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' की धूम है। ओपनिंग डे पर इसने कमाल किया था। दूसरे दिन भी इस फिल्म ने अच्छी कमाई की है। दो दिनों में ही इसने 100 करोड़ क्लब में एंट्री ले ली है। वहीं 'भाई तेरा स्टार है' ने निराश किया है। 'जन नायकन' और 'द ओडिसी' का कलेक्शन भी ठीक-ठाक रहा है। नई रिलीज हुई फिल्म 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' ने दूसरे दिन 49.35 करोड़ रुपये कमाए हैं। पहले दिन इसने 60.60 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

।। ईश्तहार ।।

रा.प्र.क्र............ अ/6 वर्ष 2026-27
ग्राम- गोढी एसव प.ह.नं. 21 तह. भाटापारा

एतद द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक बालाराम वर्मा पिता दुखितराम वर्मा जाति कुर्मी निवासी ग्राम गोढी-एस तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा तहसील भाटापारा के द्वारा ग्राम गोढी-एस प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. निपनिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा में भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 65/2, 506/2920/2 रकबा 0.1400, 0.0160, 0.0510 हे. कुल खसरा नंबर 03 योग रकबा 0.2070 हे. लगान 1.24 रूपये कृषि भूमि को विक्रेता / अनावेदकगण पवन श्रीवास पिता रघुनाथ श्रीवास अन्य चार निवासी ग्राम गोढी तहसील भाटापारा से पंजीकृत बैनामा द्वारा दिनांक 06/08/2024 को बाजार बैनामा कीमति राशि 1,91,000/- अक्षरी एक लाख इंक्यानबे हजार रूपये में क्रय किये जाने से नामांतरण हेतु आवेदन पत्र मय पंजीकृत विक्रय-पत्र विलेख की छाया प्रति के साथ आवेदन पेश किया है। तत्संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है, तथा सुनवाई हेतु दिनांक 07/08/2026 को नियत है।

उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 07/08/2026 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18/7/26 को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के पद मुहर से जारी किया गया

मुहर

नायब तहसीलदार
निपनिया

कार्यालय कलेक्टर जिला गरियाबंद (छ.ग.)

// सार्वजनिक सूचना//

प्रकरण क्रमांक 202511220800011/अ-82/ 2063 — गरियाबंद, दिनांक 16/07/2026

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित ग्राम मोखागुड़ा प.ह.नं.09 तहसील देवभोग जिला गरियाबंद (छ.ग.) की निजी भूमि का सार्वजनिक प्रयोजन यथाः- उरमाल जलप्लावन योजनांतर्गत नहर निर्माण कार्य के लिये आवश्यकता है। अतएव राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की 'आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016' के प्रावधानों के तहत् अनुसूची में वर्णित भूमि को छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन संभाग, गरियाबंद के पक्ष में क्रय किये जाने हेतु विचार किया जा रहा है।

अनुसूची
(क्रय की जाने वाली भूमि/भू-धारकों का विवरण)

स. क्र.	भूमि स्वामी का नाम / पिता या पति का नाम	क्रय हेतु प्रस्तावित भूमि (हेक्टेयर में) खसरा	रकबा	प्रभावित रकबा	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
1	2	3	4	5	6
1	गुनधर, बेनुराम, लैखन, गणेश पिता लच्छी जाति माली सा.दे.भूमि स्वामी	77	1.470	0.212	उरमाल जलप्लावन योजनांतर्गत नहर निर्माण कार्य
2	डोमार पिता गोवर्धन, ललीतराम, विमलाय पिता गोवर्धन, तिरनाथ पिता दैतारी, जलोराम, राजिबो, परसूराम गोमती, रुकमणी पिता दैतारी डमरुधर पिता रुपधर, भुजबल विनोद, मकरध्वज पिता रुपधर, कन्तुला पति रूपधर, चरणसिंह पिता जयो सुन्दरसिंह पिता जयो, दिगो पिता अर्जुन गोड नि.ग्रा. भू.स्वा.	88	2.430	0.128	
3	गजेन्द्र पिता छिनूराम ना.बा. गोकुल पिता छिनूराम पालक छिनूराम माली नि.ग्रा. भू. स्वा.	105/9	0.080	0.08	
4	गोरेलाल पिता गिरधारी माली नि. ग्रा. भू. स्वा.	105/10	0.400	0.012	
5	कुमोराम पिता तुलसिंह माली नि.ग्रा. भू. स्वा.	105/21	0.180	0.020	
6	रजूला बेवा रामेश्वर विनोद पिता रामेश्वर सत्याकुमार, पघावती, जमुना, पिता रामेश्वर, सा. दे.	338/4	0.200	0.064	
7	करनो, खेमानिधी, विद्याधर पिता देवो, गजेन्द्र, गोकुल, बासमती नायक, घरमनी, चंचलाय पिता छिनु, हीरादी पति छिनु जाति माली नि. ग्रा. भू.स्वा.	105/14	3.900	0.180	
8	कुरसो पिता बुढ़ाराम, नाबा मितुला, नाबा झारण पिता तुलाराम जाति माली नि.ग्रा.भू. स्वामी	371	0.370	0.144	
9	चुमंधर, कौशल्या, सुमीधा, सावाना, सिशीला पिता मोहनो, सानो पति मोहनो माली नि. ग्रा. भू.स्वा.	456	0.360	0.012	
10	पूर्णचंद पिता श्यामसुन्दर माली नि. ग्रा. भू. स्वा	488/1	0.160	0.076	
11	जगतराम पिता धनसिंह जाति गोंड नि. ग्रा. भूमि स्वामी	507	0.120	0.016	
		508	0.240	0.012	
	योगः-	2	0.360	0.028	

क्रय हेतु प्रस्तावित भूमि :- कुल प्रभावित खसरा नंबर 12 कुल प्रभावित रकबा 0.96 हेक्टेयर

02/-यह भी सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के विषय में कोई दावा/आपत्ति हो, तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर आधार सहित लिखित में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) देवभोग के समक्ष स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है।

भू-अर्जन अधिकारी
देवभोग

जी- 262702495/1

कलेक्टर गरियाबंद
एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

कार्यालय नगर पालिका परिषद भाटापारा
जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)
TelePhone 07726-221068 Email Address - cmobhatapara@rediffmail.com

क./356/लोनि.वि./न.पा.प./2026 — भाटापारा, दिनांक 31/07/2026

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत राशि से कार्य कराये जाने के लिए सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मो से ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रित की जाती है :-

(बीड डालने की अंतिम तिथि -25/08/2026)

क्र.	सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का नाम	लागत राशि (लाख रु.में)	एस.ओ.आर.
1	196594	महावीर वार्ड क्र. 03 में भागवत किराना से रंगमंच तक एवं महेश ठाकुर गली में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	17.73	PWD ROAD 15.06.2026, BUILDING S.O.R. 10.06.2026
2	196595	स्व. ईश्वरी प्रसाद धुरंधर वार्ड क्र. 05 में सुरज भोई से घर से शंभू भाट के घर सी.सी.रोढ एवं आर.सी.सी. नाली एवं हनुमान मंदिर से जे.जे.चौक तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	11.03	PWD ROAD SOR 15.06.2026,
3	196596	नयापारा वार्ड क्र. 07 में कृष्णा कॉलोनी से रंजीत राणा के घर तक, दानी निहलानी के घर से संजय शाह के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	18.02	PWD ROAD SOR 15.06.2026,
4	196597	परशुराम वार्ड क्र. 08 में विभिन्न स्थानो में सी.सी. रोड निर्माण कार्य	23.04	PWD ROAD 15.06.2026, BUILDING S.O.R. 10.06.2026
5	196598	गांधी मंदिर वार्ड क्र. 10 में ललीत सिंह ठाकुर के घर से काशी ध्रुव के घर एवं बलराम सिंह के घर से हेमंत साहू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	9.09	PWD ROAD SOR 15.06.2026,
6	196599	शंकर वार्ड क्र. 11 में किरण हॉटल से दीप इंटरप्राईजेस तक आर.सी.सी.नाली एवं धनजी भाई जोशी के घर से राधाचरण तिवारी के घर तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	10.00	PWD ROAD 15.06.2026, BUILDING S.O.R. 10.06.2026
7	196600	नेहरू वार्ड क्र. 14 में जैन लोहा बाड़ा से बालाजी इंजिनियरिंग तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	16.00	PWD BUILDING S.O.R. 10.06.2026,
8	196601	भगतसिंह वार्ड क्र. 16 में पूर्व पार्षद वैशाली शैलेन्द्र के घर से कुमार गली तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	10.36	PWD ROAD 15.06.2026, BUILDING S.O.R. 10.06.2026
9	196602	संतमाता कर्मा वार्ड क्र.18 में विभिन्न स्थानो में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य	16.81	PWD ROAD 15.06.2026, BUILDING S.O.R. 10.06.2026
10	196603	बलभद्र वार्ड क्र. 19 में सुलेखा शर्मा के घर से नवधा मंडप तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	9.54	PWD ROAD 15.06.2026, BUILDING S.O.R. 10.06.2026
11	196604	श.वीरनारायण सिंह वार्ड क्र. 24 में विभिन्न स्थानो में सी.सी. रोड एवं आर. सी.सी. नाली निर्माण कार्य	21.33	PWD ROAD 15.06.2026, BUILDING S.O.R. 10.06.2026
12	196605	लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्र. 25 में विभिन्न स्थानो में सी.सी. रोड एवं आर. सी.सी. नाली निर्माण कार्य	33.46	PWD ROAD 15.06.2026, BUILDING S.O.R. 10.06.2026
13	196606	पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्र. 29 में विभिन्न स्थानो में सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	15.04	PWD ROAD 15.06.2026, BUILDING S.O.R. 10.06.2026
14	196608	संत कंवरराम वार्ड क्र. 30 में विभिन्न स्थानो में सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	20.13	PWD ROAD 15.06.2026, BUILDING S.O.R. 10.06.2026
15	196609	श. हेमू कल्याणी वार्ड क्र. 31 में जैतखाम से काली मंदिर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	9.30	PWD ROAD 15.06.2026,

टीप :- उपरोक्त निविदा से संबंधी अन्य एवं विस्तृत जानकारियां सम्बधित विभाग से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है, तथा निविदा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

जल ही जीवन है, पानी को व्यर्थ न बहाएं, खुले में शौच प्रथा बंदकर स्वछ भारत निर्माण में योगदान दे

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद भाटापारा

एनालॉग पनीर के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध, आदेश जारी

उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित डेयरी उत्पाद उपलब्ध होंगे और भ्रामक खाद्य उत्पादों की बिक्री पर लग सकेगी रोक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने आम उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा और खाद्य पदार्थों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बड़ा फैसला लिया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की घोषणा के बाद राज्य में अमानक पनीर एवं डेयरी एनालॉग उत्पादों के निर्माण, भंडारण, परिवहन, वितरण और बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी कर दिया गया है। भौगोलिक संदर्भ

जारी आदेश के अनुसार, ऐसे उत्पाद जिनमें दूध की जगह वनस्पति वसा या वनस्पति तेल का उपयोग कर उन्हें पनीर या डेयरी उत्पाद के रूप में भ्रामक तरीके से बेचा जाता है, उन पर अब रोक रहेगी। सरकार का कहना है कि ऐसे उत्पाद उपभोक्ताओं को भ्रमित करते हैं और खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं हैं।

भ्रामक खाद्य उत्पादों की बिक्री पर लगेगी रोक

खाद्य विभाग ने सख्ती से कार्रवाई करने के दिए निर्देश

आदेश के तहत राज्यभर में एनालॉग पनीर सहित प्रतिबंधित श्रेणी के डेयरी उत्पादों का निर्माण, भंडारण, परिवहन, वितरण और बिक्री तत्काल प्रभाव से बंद रहेगी। खाद्य सुरक्षा विभाग को इस संबंध में सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, आदेश में स्पष्ट किया गया है कि फ्रोजन डेजर्ट, प्रोसेस्ड चीज़ और मिक्स्ड फैट स्प्रेड जैसे उत्पाद इस प्रतिबंध के दायरे में नहीं आएंगे, क्योंकि इनके लिए अलग खाद्य मानक निर्धारित हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, यह आदेश एक वर्ष की अवधि तक अथवा भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा डेयरी एनालॉग उत्पादों को लेकर अंतिम नियम लागू होने तक प्रभावी रहेगा। राज्य सरकार का मानना है कि इस निर्णय से उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित डेयरी उत्पाद उपलब्ध होंगे तथा भ्रामक खाद्य उत्पादों की बिक्री पर प्रभावी रोक लग सकेगी।

न्यूज गैलरी

वित्त मंत्री ने पदक विजेता नीरज चोपड़ा एवं यशवीर सिंह को दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा तथा कांस्य पदक जीतने वाले यशवीर सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन, कठिन परिश्रम और अटूट समर्पण के बल पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का गौरव बढ़ाया है। उनकी उपलब्धि प्रत्येक देशवासी के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि नीरज चोपड़ा और यशवीर सिंह का उत्कृष्ट प्रदर्शन भारतीय एथलेटिक्स की बढ़ती शक्ति और देश के खिलाड़ियों की विश्वस्तरीय क्षमता का प्रमाण है। उनका संघर्ष, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण देश के युवाओं को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि समस्त देशवासियों को दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर गर्व है। उन्होंने नीरज चोपड़ा एवं यशवीर सिंह को पुनः हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य तथा आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित करने की शुभकामनाएं दीं।

डिजिटल न्याय व्यवस्था को सशक्त बनाने संबंधी होगी राज्य स्तरीय कार्यशाला

रायपुर/नवप्रदेश। न्याय व्यवस्था को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से अधिक सशक्त, सरल, सुगम एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से आगामी 2 अगस्त 2026 को रायपुर स्थित होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल, वीआईपी रोड में 'नवीन आपराधिक कानूनों के माध्यम से डिजिटल न्याय व्यवस्था को सशक्त बनाना' विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा न्याय प्रणाली में डिजिटल तकनीकों के समावेश के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया को अधिक दक्ष, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव तथा न्यायमूर्ति चंद्रवंशी की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के अन्य न्यायाधीशगण भी कार्यक्रम में सहभागी होंगे। राज्य स्तरीय कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य की न्यायिक सेवा के अधिकारीगण, सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस महानिदेशक सहित पुलिस एवं न्यायिक तंत्र के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। कार्यशाला न्यायपालिका, पुलिस एवं अभियोजन तंत्र के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के साथ-साथ नवीन तकनीकों के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

महतारी सदन से महिला स्व-सहायता समूहों को मिला स्थायी मंच

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले के केरसई में निर्मित महतारी सदन महिला स्व-सहायता समूहों के लिए सशक्तिकरण का प्रभावी केंद्र बनकर उभरा है। इस भवन के निर्माण से महिलाओं को समूह की नियमित बैठकों, आजीविका गतिविधियों तथा सामाजिक कार्यक्रमों के संचालन के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और स्थायी स्थान उपलब्ध हुआ है। महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य बबीता गुप्ता ने बताया कि पहले समूह की बैठक आयोजित करने के लिए उपयुक्त स्थान नहीं होने से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कभी किसी सदस्य के घर तो कभी खुले स्थान या पेड़ के नीचे बैठक करनी पड़ती थी। विशेष रूप से बारिश और गर्मी के मौसम में बैठकों का संचालन प्रभावित होता था, जिससे समूह की गतिविधियों पर भी असर पड़ता था।

व्याकरण ही नहीं, सत्यता और संतुलन ही भाषा की वास्तविक शुचिता : दयाल

■ **प्रेमचंद जयंती पर कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय में 'बौद्धिक विमर्श इकाई' का गठन**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के एकमात्र कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में हिंदी साहित्य के युगद्रष्टा मुंशी प्रेमचंद की जयंती 31 जुलाई के अवसर पर एक ऐतिहासिक पहल की गई। इस पावन अवसर पर विश्वविद्यालय में 'बौद्धिक विमर्श इकाई' की स्थापना की गई, जिसके तहत ÷सार्वजनिक जीवन में भाषा की शुचिता÷ विषय पर एक विशेष राष्ट्रीय विमर्श आयोजित हुआ।

आम आदमी की सहज-सरल बोली को साहित्य के उच्च शिखर पर स्थापित किया: इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. मनोज दयाल ने मुंशी प्रेमचंद के साहित्यिक एवं पत्रकारिता योगदान को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि ?प्रेमचंद ने अपनी धारदार लेखनी से समाज की विसंगतियों पर करारा प्रहार किया और आम आदमी की सहज-सरल बोली को साहित्य के उच्च शिखर पर स्थापित किया। आज के दौर में भाषा की शुचिता का दायरा केवल व्याकरणिक शुद्धता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सत्यता, वैचारिक संतुलन और वस्तुनिष्ठता का समाहित होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में संवाद का सकारात्मक प्रयोग समाज को जोड़ता है, जबकि मर्यादाहीन और कलुषित भाषा सामाजिक विभाजन को जन्म देती है।

डिजिटल युग में संवाद की मर्यादा सबसे बड़ी चुनौती

कुलसचिव सुनील शर्मा ने कहा कि सफल संवाद वही है जो श्रोता की समझ और गरिमा को ध्यान में रखकर किया जाए। सार्वजनिक जीवन में हमारी भाषा का स्तर ही हमारे व्यक्तित्व और विचारों का दर्पण होता है। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ आचार्यों ने रेखांकित किया कि आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया की अति-सक्रियता के बीच भाषा की मर्यादा, संयम और संतुलन बनाए रखना पत्रकारिता और समाज के सामने सबसे बड़ी चुनौती है।

नियमित रूप से होंगे समकालीन विषयों पर मंथन

विश्वविद्यालय में नवगठित 'बौद्धिक विमर्श इकाई' के माध्यम से अब नियमित रूप से ज्वलंत व समकालीन विषयों पर परिचर्चाएँ आयोजित की जाएँगी, जिससे विद्यार्थियों और प्राध्यापकों के बीच वैचारिक आदान-प्रदान की संस्कृति और मजबूत हो सके। इस अवसर पर डॉ. शैलेंद्र खंडेलवाल, डॉ. आशुतोष मंडावी, डॉ. नृपेंद्र शर्मा एवं डॉ. राजेंद्र मोहंती, पत्रकारिता विभागाध्यक्ष श्री पंकज नयन पांडेय उपस्थित थे।

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश, पहले जनसुनवाई फिर मंजूरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की गारे पेलमा सेक्टर-II कोयला खदान को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने साफकर दिया है कि नई पर्यावरण मंजूरी (EC) देने से पहले नई सार्वजनिक जनसुनवाई कराना अनिवार्य होगा। हालांकि, कोर्ट ने महागेन्को को राहत देते हुए फिलहाल खदान में चल रहे खनन कार्य पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि पुरानी जनसुनवाई की रिकॉर्डिंग या दस्तावेज देखकर नई मंजूरी नहीं दी जा सकती। अगर पर्यावरण मंजूरी दोबारा जारी करनी है, तो पूरी प्रक्रिया भी नए सिरे से करनी होगी।

चाय पर चर्चा : नगर पालिका में विकास या कमीशन का खेल? पार्षदों की नाराजगी बनी शहर की चर्चा सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के उस आदेश को भी खारिज कर दिया, जिसमें बिना नई जनसुनवाई के दी गई पर्यावरण मंजूरी को सही माना गया था। अब मामला दोबारा NGT के पास भेजा गया है, जहां 3 अगस्त से सुनवाई शुरू होगी और जनसुनवाई प्रक्रिया की निगरानी भी की जाएगी। कोर्ट ने कहा कि नए सिरे से का मतलब सिर्फ पुराने रिकॉर्ड देखना नहीं, बल्कि पूरी जनसुनवाई प्रक्रिया दोबारा कराना है। यही कानून की मंशा भी है।

हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी माना कि परियोजना की कई जरूरी शर्तों का पहले ही काफी हद तक पालन हो चुका है। इसलिए केवल जनसुनवाई लंबित होने के आधार पर खनन गतिविधियां रोकना उचित नहीं होगा। यानी नई मंजूरी की प्रक्रिया पूरी होने तक खनन जारी रहेगा। दरअसल, महागेन्को को जुलाई 2022 में इस परियोजना के लिए पर्यावरण मंजूरी मिली थी।

सांसद-विधायकों के लंबित मामलों में तेजी लाने आदेश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सांसदों, विधायकों, पूर्व सांसदों और पूर्व विधायकों के खिलाफ चल रहे आपराधिक मामलों को लेकर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने साफ कहा है कि ऐसे मामलों की सुनवाई अब तेजी से पूरी की जाए और बेवजह लंबित न रखी जाए।

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने राज्य की सभी संबंधित ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिए हैं कि जनप्रतिनिधियों से जुड़े लंबित मामलों का जल्द निपटारा सुनिश्चित करें। साथ ही हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार को भी आदेश दिया गया है कि सभी अदालतों से ताजा स्टेटस रिपोर्ट लेकर अगली सुनवाई में पेश करें।

सुनवाई के दौरान न्याय मित्र डॉ. एन.के. शुक्ला ने बताया कि पिछली रिपोर्ट की तुलना में दो मामलों का निपटारा हो चुका है। इनमें एक रायपुर और दूसरा कबीरधाम जिले का मामला शामिल है। हाईकोर्ट ने इस प्रगति को रिकॉर्ड में लेते हुए अगली सुनवाई 25 अगस्त 2026 तय की है। रिपोर्ट के मुताबिक बिलासपुर में विधायक अटल श्रीवास्तव से जुड़ा मामला लंबित है। बलौदाबाजार की अदालतों में विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा सहित अन्य मामलों की सुनवाई जारी है। जांजगीर-चांपा में विधायक बालेश्वर साहू से जुड़े मामले में अभियोजन पक्ष के साक्ष्य दर्ज किए जा रहे हैं।

रायपुर की विभिन्न अदालतों में भी कई चर्चित मामलों की सुनवाई चल रही है। पीएमएलए और ईडी की विशेष अदालत में देवेंद्र यादव, चंद्रदेव प्रसाद राय और कवासी लखमा से जुड़े मामलों पर सुनवाई जारी है।

डबल इंजन सरकार किसानों और युवाओं के हित में निरंतर ले रही ऐतिहासिक फैसले : वित्त मंत्री

रायपुर/नवप्रदेश। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि डबल इंजन सरकार अन्नदाताओं, युवाओं और देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर संकल्पबद्ध होकर ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण फैसले देश के किसानों, खिलाड़ियों और ऊर्जा क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।

चौधरी ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने को मंजूरी प्रदान की है। इसके लिए 3.15 लाख करोड़ रूपये के वित्तीय परिव्यय का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय करोड़ों किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करेगा तथा कृषि क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाएगा। उन्होंने इस किसान हितैषी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त किया। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 5,070 करोड़ रूपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना (च्ड-ैल) को भी स्वीकृति दी है। इस योजना के अंतर्गत देशभर में 5,000 मेगावाट क्षमता की फ्लोटिंग सोलर पीवी परियोजनाओं का विकास किया जाएगा। इससे स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, जलाशयों का बेहतर उपयोग होगा तथा देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को नई गति मिलेगी। चौधरी ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 36,441 करोड़ रूपये के परिव्यय के साथ नई खेलो इंडिया योजना को स्वीकृति देना देश के युवा खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी सौगात है।

सूरजपुर में 16 अगस्त से पहुंचेगी लाइफलाइन एक्सप्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने और जरूरतमंद नागरिकों को विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन की 256वीं लाइफलाइन एक्सप्रेस परियोजना के अंतर्गत सूरजपुर जिले के विश्रामपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म क्रमांक-02 पर 16 अगस्त से 5 सितंबर 2026 तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक ओपीडी सेवाएं संचालित होंगी तथा आवश्यकता अनुसार मरीजों की निःशुल्क जांच एवं सर्जरी भी की जाएगी।

इस विशेष शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद सर्जरी, कान की जांच एवं सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी (कटे-फटे होंठ तथा जलने के बाद उत्पन्न संकुचन), दांतों की जांच एवं उपचार तथा महिलाओं के लिए स्तन एवं गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की जांच और स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। विशेष रूप से 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के मुड़े हुए हाथ-पैर की जांच एवं सर्जरी निःशुल्क की जाएगी, जिससे दिव्यांगता अथवा जन्मजात विकृति से प्रभावित बच्चों को समय पर उपचार मिल सकेगा।

कलेक्टर रेना जमील के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा लाइफलाइन एक्सप्रेस के सफल संचालन के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

कोयला आवंटन मामला: पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को राहत के बाद राजनीतिक घमासान, कांग्रेस ने साधा निशाना

रायपुर/नवप्रदेश। कोयला ब्लॉक आवंटन मामले में सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही समाप्त करने और सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार किए जाने के फैसले के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस पार्टी ने इस फैसले का स्वागत करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा है। जहाँ एक ओर कांग्रेस इस निर्णय को डॉ. मनमोहन सिंह के सम्मान की पुनर्स्थापना और अपनी पुरानी नीतियों के सही होने का प्रमाण बता रही है, वहीं इस फैसले के बाद राजनीतिक गलियारों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है।

मामले की पृष्ठभूमि और परिप्रेक्ष्य

उल्लेखनीय है कि वर्षों पहले तत्कालीन यूपीए सरकार के दौरान कोयला ब्लॉक आवंटन प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोप लगे थे। सीबीआई की जांच: इस पूरे मामले में सीबीआई ने लंबी जांच प्रक्रिया चलाई, जिसके बाद अदालत के समक्ष अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। अदालत का निर्णय: सर्वोच्च न्यायालय ने साक्ष्यों और जांच रिपोर्ट के आधार पर पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ चल रही कार्यवाही को समाप्त करते हुए क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया।

फैसले पर कांग्रेस का पक्ष

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत के इस निर्णय से पूर्व प्रधानमंत्री की ईमानदारी और निष्ठा एक बार फिर साबित हुई है।

कांग्रेस प्रवक्ता के मुख्य बिंदु: सत्य की जीत: पार्टी का कहना है कि यह फैसला राजनीतिक दुष्प्रचार पर सत्य की जीत है।

भाजपा से माफी की मांग: कांग्रेस ने मांग की है कि भाजपा को वर्षों तक लगाए गए आरोपों और राजनीतिक प्रचार के लिए देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

छवि को नुकसान का आरोप: पार्टी का आरोप है कि राजनीतिक लाभ के लिए एक विद्वान और सम्मानित नेता की छवि को कटघरे में खड़ा करने का सुनियोजित प्रयास किया गया था।

कुलगाम आतंकी हमला: उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पीड़ित परिवारों से फोन पर की बात

कहा- 'कायराना कृत्य का मिलेगा मुंहतोड़ जवाब'

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दोनों पीड़ित परिवारों के लिए की 20-20 लाख की आर्थिक सहायता की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में हुए आतंकी हमले में छत्तीसगढ़ के दो निवासियों–दीपक रात्रे और भूपेन्द्र–की हत्या के बाद प्रदेश में शोक की लहर है। घटना की सूचना मिलते ही दिल्ली प्रवास पर मौजूद छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने शोकाकुल परिजनों से दूरभाष पर संपर्क कर उन्हें ढांढस बंधाया और राज्य सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस दर्दनाक हादसे के बाद राज्य सरकार ने पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़े रहने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

'आतंकियों को मिलेगी कड़ी से कड़ी सजा'- उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि निर्दोष नागरिकों की हत्या मानवता के विरुद्ध एक जघन्य अपराध है। उन्होंने कहा, देश आतंकवाद के खिलाफ पूरी मजबूती से खड़ा है। इस कायराना कृत्य में शामिल आतंकियों को उनके अपराध की सख्त सजा मिलेगी और इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

राज्य सरकार और प्रशासन की पहल

20-20 लाख की आर्थिक सहायता: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दोनों पीड़ित परिवारों को 20-20 लाख की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है। उप मुख्यमंत्री ने इस संवेदनशील फैसले के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

प्रशासनिक समन्वय: उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रभावित परिवारों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने और तुरंत सभी आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए हैं।

स्थानीय स्तर पर सहायता: जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा घटनास्थल पर मौजूद हैं। वे स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर पीड़ित परिवारों को आवश्यक सहायता पहुँचाने में जुटे हैं।

निगम जोन में सफाई अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम जोन 7 स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोन अंतर्गत शहीद मनमोहन बक्शी वार्ड क्रमांक 23 के क्षेत्र में 35 सफाई कामगारों के विशेष गैंग से सफाई अभियान चलाया गया. कामगारों ने वार्ड 23 के मोतीलाल नगर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया. प्रत्येक शनिवार को एक वार्ड की सफाई नगर निगम जोन 7 स्वास्थ्य विभाग द्वारा 35 सफाई कामगारों के विशेष गैंग से करवाई जाएगी. आज शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्रमांक 23 में 35 सफाई कामगारों के गैंग द्वारा की गयी विशेष सफाई के अभियान का वार्ड में प्रत्यक्ष निरीक्षण नगर निगम जोन 7 जोन कमिश्नर डॉ तृप्ति पाणीग्रही ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू एवं सहित अन्य सम्बंधित जोन स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों की उपस्थिति में किया।

न्यूज गैलरी

दुर्ग में अत्याधुनिक स्मार्ट पंजीयन कार्यालय का होगा शुभारंभ

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी 3 को करेंगे नवीन स्मार्ट पंजीयन कार्यालय का उद्घाटन

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रदेश में पंजीयन सेवाओं को अधिक अत्याधुनिक, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 3 अगस्त को दुर्ग में अत्याधुनिक स्मार्ट पंजीयन कार्यालय का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव करेंगे। जबकि वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री ओ.पी. चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे से मिली जानकारी अनुसार स्मार्ट पंजीयन कार्यालय के शुभारंभ के साथ दुर्ग संभाग के नागरिकों को तकनीक आधारित, त्वरित एवं पारदर्शी पंजीयन सेवाओं का लाभ मिलेगा। कार्यालय में संपूर्ण पंजीयन प्रक्रिया डिजिटल होगी, जिसके अंतर्गत ई-अपॉइंटमेंट, डिजिटल फोटोग्राफी, डिजिटल हस्ताक्षर, बायोमेट्रिक सत्यापन, उच्च गुणवत्ता की दस्तावेज़ स्कैनिंग तथा सुरक्षित डिजिटल अभिलेखीकरण जैसी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध रहेंगी। पंजीकृत दस्तावेज़ों की प्रमाणित प्रति सीधे व्हाट्?सएप पर प्राप्त होगी तथा स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन शुल्क का भुगतान यूपीआई, नेट बैंकिंग अथवा कार्ड के माध्यम से कैशलेस तरीके से किया जा सकेगा।

नशामुक्त युवा अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

दुर्ग/नवप्रदेश। भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा माई भारत के संयुक्त तत्वावधान में 2 अगस्त 2026 को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का राष्ट्रीय शुभारंभ किया जाना प्रस्तावित है। इस अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन रूंगटा डेंटल कॉलेज, सुपेला भिलाई में पूर्वाह्न 10 बजे से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा उपसंचालक, समाज कल्याण विभाग को संयुक्त रूप से नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्था हेतु विभिन्न अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

विभागीय परीक्षा 3 से 10 तक आयोजित, बीआईटी को बनाया गया परीक्षा केंद्र

दुर्ग/नवप्रदेश। गृह-सी विभाग (विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ) मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार विभागीय परीक्षा का आयोजन 3 अगस्त से 10 अगस्त तक किया जाएगा। विभागीय परीक्षा के लिए भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) दुर्ग को परीक्षा केंद्र नामांकित किया गया है। आयुक्त दुर्ग संभाग द्वारा विभागीय परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिए परीक्षा अवधि के दौरान आवश्यकतानुसार चार कक्ष आरक्षित रखने और परीक्षार्थियों के बैठने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं करने कहा गया है।

बीएसपी कर्मियों के मेधावी बच्चों को शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार योजना से मिलेगा सम्मान

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए संयंत्र कर्मियों के मेधावी बच्चों को मेधावी सम्मान पुरस्कार योजना के अंतर्गत सम्मानित किए जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना का उद्देश्य कर्मियों के प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करना तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। यह योजना बीएसपी के नियमित एवं सेवारत कर्मियों के प्रत्यक्ष आश्रित बच्चों के लिए लागू है। इसके अंतर्गत बीएसपी तथा गैर-बीएसपी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 8वीं, 10 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों में उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित किया जाएगा। योजना के अंतर्गत कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए श्रेणी-1 में सीबीएसई बोर्ड में न्यूनतम 90 प्रतिशत तथा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं अन्य बोर्डों में न्यूनतम 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सीबीएसई, छत्तीसगढ़ बोर्ड तथा अन्य बोर्डों के विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 20 हजार की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। श्रेणी-2 के अंतर्गत कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेरिट पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रथम से पाँचवें स्थान तक के विद्यार्थियों को 12 हजार, 10 हजार, 8 हजार, 6 हजार एवं 5 हजार एवं छठे से दसवें स्थान तक के विद्यार्थियों को 4 हजार प्रति विद्यार्थी प्रदान किए जाएंगे। श्रेणी-3 में सीनियर सेकंडरी स्कूल-10 में कक्षा नौवीं में प्रवेश के लिए आयोजित टेन क्रेस्ट टेस्ट (टीक्यूटी) के आधार पर पुरस्कार दिए जाएंगे। कक्षा आठवीं में अध्ययनरत बीएसपी एवं गैर-बीएसपी विद्यालयों के कर्मियों के आश्रित इस श्रेणी के लिए पात्र होंगे। प्रथम से पाँचवें स्थान तक के विद्यार्थियों को 8 हजार से 4 हजार तक तथा छठे से दसवें स्थान तक के विद्यार्थियों को 3 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। श्रेणी-4 में कक्षा बारहवीं के विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को 15 हजार की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। श्रेणी-5 में कक्षा दसवीं के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को क्रमशः 10 हजार एवं 8 हजार तथा श्रेणी-6 में टीक्यूटी के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को 7 एवं 6 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

बिजली बिल वृद्धि के विरोध में कांग्रेस का दो माह का आंदोलन शुरू

- **3 को दुर्ग बिजली ऑफिस का घेराव**
- **स्मार्ट मीटर की आड़ में राज्य सरकार महतारी वंदन योजना की वसूल रही है राशि : कांग्रेस**

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बिजली बिलों में बढ़ोतरी और स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस ने शनिवार से दो माह लंबे जनआंदोलन की शुरुआत कर दी है। आंदोलन के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर बिजली उपभोक्ताओं से संपर्क करेंगे तथा स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर लगाने की मांग को लेकर फॉर्म भरवाएंगे। आंदोलन के तहत 3 अगस्त को दुर्ग स्थित बिजली ऑफिस का घेराव किया जाएगा। राजीव भवन दुर्ग में आयोजित संयुक्त पत्रकारवार्ता में दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर और दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने आंदोलन की रूपरेखा की जानकारी दी। दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि अभियान के दौरान उपभोक्ताओं से निर्धारित प्रपत्र भरवाए जाएंगे। आंदोलन के अंतिम चरण में इन प्रपत्रों को जिला कलेक्टर को सौंपते हुए कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उन्होने आरोप लगाया कि प्रदेश में पर्याप्त बिजली उत्पादन होने के बावजूद उपभोक्ताओं को अत्यधिक बिजली बिल मिल रहे हैं, जिसका प्रमुख कारण स्मार्ट मीटर हैं। उनका कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद कई उपभोक्ताओं के बिजली बिल पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गए हैं, जिससे आम जनता आर्थिक रूप से प्रभावित हो रही है।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने राज्य सरकार से बिजली दरों में कमी करने, स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर पुनः लगाने तथा पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के समय संचालित 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना को फिर से लागू करने की मांग की। राकेश ठाकुर ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बिजली वितरण व्यवस्था के निजीकरण की दिशा में काम कर रही है और इसी उद्देश्य से स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं।

दुर्ग जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली उत्पादक राज्य होने के बावजूद उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि बिजली बिलों में बढ़ोतरी और स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों के विरोध में कांग्रेस आगामी दो माह तक चरणबद्ध आंदोलन चलाकर जनता की आवाज बुलंद करेगी। इस दौरान दुर्ग प्रभारी महामंत्री रायसिंह ढिकोला, मध्य ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद, आनंद कपूर ताम्रकार, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, नासिर खोखर, पालेश्वर ठाकुर, पार्षद मनीष बघेल, प्रकाश शिवणकर, राजू भाटिया, सुमीत घोष, संजय सिंह, पोषण साहू सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डीयू कुलपति के खिलाफ राज्यपाल ने दिए जांच के आदेश, 4 सदस्यीय जांच समिति गठित

- **वीके गोयल होंगे अध्यक्ष, कुलपति के आर्थिक अनियमितताओं की होगी जांच**

दुर्ग/नवप्रदेश। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. संजय तिवारी के खिलाफ वित्तीय, प्रशासनिक और शैक्षणिक अनियमितताओं की शिकायतों की जांच अब उच्च स्तरीय समिति करेगी। राज्यपाल और कुलाधिपति रमन डेका ने 4 सदस्यीय जांच समिति का गठन कर दिया है।

समिति की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार गोयल करेंगे। समिति को 30 दिन के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की शिकायत के बाद हुई है। विधायक ने 28 मई को राज्यपाल को पत्र लिखकर कुलपति के खिलाफ6 अलग-अलग मामलों में जांच कराने की मांग की थी। इससे पहले 14 मार्च को कुलपति प्रो. संजय तिवारी ने अगली परीक्षाओं के लिए उत्तरपुस्तिकाओं की खरीदी को लेकर एक पत्र जारी किया था।

इसमें उन्होंने पिछली बार खराब गुणवत्ता के कागज के कारण हुई परेशानियों का जिक्र करते हुए एम/एस श्रीराम प्रिंटर्स पर नियमों और प्रक्रिया के तहत विचार करने की अनुशंसा की थी। विधायक देवेंद्र ने इसे नियम विरुद्ध और मनमानी बताते हुए इसकी शिकायत राज्यपाल से की थी। राजभवन की ओर से जारी आदेश के अनुसार जांच समिति के अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार गोयल होंगे। समिति में राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, उप सचिव निधि साहू सदस्य बनाए गए हैं, जबकि अवर सचिव अनुभव शर्मा को संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। समिति को 30 दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्यपाल को सौंपनी होगी।

देवेंद्र बोले-जल्द जांच हो और कार्रवाई हो

विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि हेमचंद यादव विवि कुलपति डॉ. संजय तिवारी के खिलाफ वित्तीय, प्रशासनिक और शैक्षणिक अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जांच बिना किसी दबाव के हो और जो भी तथ्य सामने आएं, उनके आधार पर कार्रवाई की जाए। देवेंद्र ने कहा कि विवि को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। कई मामलों में नियमों की अनदेखी कर फैसले लिए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों के भविष्य और विश्वविद्यालय की साख पर असर पड़ा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि छात्रहित में राज्यपाल इस मामले में जल्द उचित निर्णय लेंगे।

मां-बेटे ने मिलकर की चेन स्नेचिंग

भिलाई/नवप्रदेश। मॉर्निंग वॉक के दौरान 70 साल की बुजुर्ग महिला से चेन लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस वारदात को किसी गैंग ने नहीं, बल्कि रिश्ते में मां-बेटे ने अंजाम दिया था। दोनों ने पहले बुजुर्ग महिला को बातों में उलझाया, फिर गले से करीब ढाई लाख रुपए की सोने की चेन झपटकर बाइक से फरार हो गए। पुलिस ने तकनीकी जांच और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया है। उनसे चेन और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक की बरामदगी की जा रही है। घटना 31 जुलाई की सुबह करीब 6:10 बजे की है। सेक्टर-1 सड़क नंबर-2 में रहने वाली उमा देवी रोज की तरह घर से कुछ दूर मॉर्निंग वॉक कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार महिला और युवक उनके पास पहुंचे। बाइक से उतरी महिला ने उमा देवी से कहा कि, लकड़ी की मदद से फूल तोड़ दीजिए। बुजुर्ग महिला जैसे ही उसकी बात में उलझीं, महिला ने उनके गले से करीब 20 ग्राम वजनी सोने की चेन झपट ली। चेन की कीमत करीब 2 लाख 50 हजार रुपए बताई गई है। वारदात के बाद दोनों आरोपी बाइक से मौके से भाग निकले।

मैत्री कॉलेज में विशेषज्ञ चिकित्सक ने दिए स्वस्थ जीवन के महत्वपूर्ण मंत्र

भिलाई। भिलाई मैत्री कॉलेज, रिसाली में छात्राओं एवं महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का प्रभावी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर महिला स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं बांझपन विशेषज्ञ डॉ. संगीता सिन्हा ने मासिक धर्म स्वच्छता, प्रजनन स्वास्थ्य, एनीमिया की रोकथाम, संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा किसी भी स्वास्थ्य समस्या को अनदेखा नहीं करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए स्वास्थ्य संबंधी अनेक भ्रांतियों को भी दूर किया।

डॉ. सिन्हा ने कहा कि स्वस्थ महिला ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज की आधारशिला होती है। उन्होंने छात्राओं से स्वच्छता संबंधी अच्छी आदतों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच कराने का आग्रह किया।

कॉलेज प्रबंधन सदस्य डॉ. बीना सजीव एवं प्राचार्या डॉ. सुरेखा विनोद पाटिल ने कार्यक्रम प्रभारी डॉ. प्रभा आर. कुरूप तथा आयोजन में सहयोग देने वाले समस्त प्राध्यापकगण की सराहना की। एमईसीए अध्यक्षा राजम सुधाकरन, प्रबंधकगण डॉ.सजीता थम्बी, एस. सजीव, एस. साजन एवं प्रबंधन सदस्य निशि साजन ने कार्यक्रम की सराहना की।

केंद्रीय जेल के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर उपजेल अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज केन्द्रीय जेल दुर्ग का आकस्मिक निरीक्षण किया। जेल परिसर भ्रमण के दौरान उन्होंने कल्याण शाखा, उद्योग शाखा, जेल अस्पताल, कम्प्यूटर प्रशिक्षण/एल.ई.डी. बल्ब उद्योग, नव निर्मित बैरक एवं अस्पताल भवन, पाकशाला, नवीन जेल, प्रिजनर कॉलिंग, एम.सी.यू. कक्ष, विडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, मुलाकात कक्ष, निर्वाह शाखा, विधि शाखा, वारंट शाखा, लेखा शाखा, सीसी टी.वी. कक्ष तथा महिला प्रकोष्ठ का बारीकी से अवलोकन किया। वारंट शाखा में विचाराधीन एवं कैदी वारंटों का जायजा लेते हुए उन्होंने विचाराधीन प्रकरणों में सुनवाई हेतु बंदियों की अधिक से अधिक पेशी वर्चुअल माध्यम से कराए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने पीड़ित पक्ष की लंबित राशि के भुगतान संबंधी जानकारी शीघ्र प्राप्त कर समिति में प्रस्तुत करने तथा भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं बंदियों द्वारा निर्मित बैरक को लोक निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित कर शीघ्र हैंडओवर करने के निर्देश भी दिए। जेल अधीक्षक मनीष संभाकर ने बताया कि बंदियों द्वारा निर्मित सामग्रियों को विभिन्न जेलों, न्यायालयों सहित अन्य विभागों को उनकी मांग के आधार पर निर्धारित दर पर उपलब्ध कराया जाता है। इस पर कलेक्टर ने बंदियों द्वारा निर्मित सामग्रियों की अधिकाधिक बिक्री सुनिश्चित करने हेतु अधीक्षक को आवश्यक सुझाव दिए। इस दौरान उप जेल अधीक्षक (उद्योग) अशोक कन्नौजिया निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं मिले, जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बीएसपी लोहा चोरी मामला : कारोबारी मुदलियार गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई स्टील प्लांट में लोहा चोरी के बहुचर्चित मामले में पुलिस ने शनिवार को एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए रसूखदार कारोबारी भास्कर मुदलियार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के दौरान भास्कर मुदलियार की भूमिका सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक वैशाली नगर निवासी भास्कर मुदलियार की गाड़ियां लंबे समय से भिलाई स्टील प्लांट के भीतर संचालित होती थीं। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर उसकी संलिप्तता स्पष्ट होने पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इसके बाद शनिवार को उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में अब तक कुल 17 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि लोहा चोरी के पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच की जा रही है। जांच में लगातार नए तथ्य सामने आ रहे हैं, जिसके आधार पर आगे भी अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। जांच अधिकारियों के अनुसार, यह सिर्फ लोहा चोरी का मामला नहीं है, बल्कि इसके पीछे काम कर रहे पूरे नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है। इसी वजह से पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और मामले से जुड़े लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है। पुलिस विभाग का कहना है कि जांच अभी जारी है और आने वाले दिनों में इस मामले में कुछ और अहम खुलासे हो सकते हैं। यदि जांच में अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। भिलाई स्टील प्लांट में लोहा चोरी का यह मामला पिछले कुछ समय से लगातार चर्चा में है। अब रसूखदार कारोबारी भास्कर मुदलियार की गिरफ्तारी के बाद इस पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पूरे गिरोह का पर्दाफाश होने तक कार्रवाई जारी रहेगी।

दुर्ग विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

दुर्ग/नवप्रदेश। हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों में शीघ्र ही स्नातकोत्तर कक्षाओं का संचालन प्रारंभ होने जा रहा है। इस संबंध में आवश्यक प्रशासनिक एवं शैक्षणिक प्रक्रियाएँ पूर्ण कर ली गई हैं। विवि में भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, प्राणीशास्त्र एवं वनस्पति विज्ञान विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएँ प्रारंभ किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। इसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रवेश प्रक्रिया 31 जुलाई 2026 से प्रारंभ हो चुकी है। मेरिट सूची में स्थान प्राप्त अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि में आवश्यक मूल दस्तावेजों एवं उनकी स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ विवि में उपस्थित होकर प्रवेश की औपचारिकताएँ पूर्ण कर सकते हैं। प्रवेश से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं मेरिट सूची विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। विवि प्रशासन ने सभी चयनित अभ्यर्थियों से समय-सीमा के भीतर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने का आग्रह किया है ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र का नियमित संचालन प्रारंभ किया जा सके।

नागरिकों ने किया अभिनंदन : बिना भेदभाव के हो रहा रिसाली में विकास: विधायक ललित

1.97 करोड़ के विकास कार्यों का विधायक व महापौर ने किया भूमिपूजन

रिसाली/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड क्र. 22 मैत्रीकुंज, 23 प्रगतिनगर रिसाली, 24 आजाद मार्केट, 25 आशीष नगर में विकास कार्य आरंभ कराने विधायक ललित चंद्राकर और महापौर शशि सिन्हा पहुंची। उन्होंने 01 करोड़ 97 लाख 08 हजार का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि रिसाली निगम क्षेत्र में बिना भेद भाव के कार्य स्वीकृत कराया गया और वें कार्य आरंभ कराने प्रत्येक वार्ड तक पहुंच रहे है।

उन्होंने कहा कि रिसाली में एक नई सोच और नया दिशा की कल्पना करके वें प्रत्येक वार्ड तक पहुंच रहे है। भूमिपूजन कार्यक्रम की शुरूआत पुरैना से शुरू कर शनिवार को चार पॉश कॉलोनी तक पहुंचे है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता सबसे बड़ी है। वे पार्षद से लेकर महापौर, विधायक व सांसद के रूप में प्रतिनिधि चुनते है। यही प्रतिनिधि विकास कार्य के लिए एक महज माध्यम बनते है। क्षेत्र में जितने भी विकास कार्य हो रहे है वो आमजनों की मांग रहती है। यही कारण है कि आज भूमिपूजन के अवसर पर सारे विकास कार्य जनता को समर्पित कर रहे है। महापौर सिन्हा ने कहा कि विधायक विकास कार्य करा रहे है। उन्हें रिसाली निगम बधाई देता है। उन्होंने आग्रह किया कि छुटे हुए कार्य को भी शासन स्तर पर जल्द स्वीकृत कराएं। कार्यक्रम को निगम के नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू ने भी संबोंधित किया। इस अवसर पर महापौर परिषद के सद्स्य जहीर अब्बास, पार्षद रमा साहू, मनीष यादव, धर्मेन्द्र भगत, शीला नारखेड़, माया यादव, गजेन्द्र कोठारी, ईश्वरी साहू, सरिता देवांगन, सीमा साहू, सविता ढवस समेत मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू व राजू जंघेल आदि उपस्थित थे।

वार्ड 25 आशीष नगर के सड़क 15 ए में नागरिकों ने विधायक व महापौर का अभिनंदन किया। नागरिकों ने 21 किलो वजनी गेंदे की माला पहना कर शाल भेंट की।

यहां होंगे विकास कार्य

वार्ड 22 मैत्रीकुंज में पॉथवे निर्माण, नाली निर्माण, सड़क चैड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए विधायक व महापौर ने 53.58 लाख का भूमिपूजन किया। इसी तरह वार्ड 23 प्रगतिनगर में 60.44 लाख, वार्ड 24 में 32.77 लाख तथा वार्ड 25 में 50.29 लाख का भूमिपूजन किया गया। वहीं 1.65 करोड़ से वार्ड क्र. 32 नेवई भाठा में नाली, सीसी रोड व सौंदर्यीकरण के तीन कार्यों के लिए कुल 19.48 लाख शासन ने स्वीकृत की है। इसी तरह वार्ड 33 नेवई बस्ती पूर्व में 45.48 लाख की राशि से कुल दस कार्य, वार्ड 34 नेवई बस्ती पश्चिम में 29.45 लाख से चार कार्य और वार्ड 21 सूर्या नगर में 71.53 लाख की राशि से कुल सात विकास कार्य होंगे।

डॉ. सीमा के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर समारोह

नंदिनी अहिवारा/ नवप्रदेश। शासकीय नागरिक कल्याण महाविद्यालय नंदिनीनगर अहिवारा के सभा कक्ष में आदरणीया प्राचार्य डॉ. सीमा गुप्ता के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मान एवं भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एके गुप्ता, पूर्व विभागाध्यक्ष, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिषेक सिंह अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण समारोह में सम्मिलित हुए।

समारोह के दौरान महाविद्यालय परिवार के सदस्यों ने डॉ. सीमा गुप्ता के सफल एवं प्रेरणादायी कार्यकाल, उनके कुशल नेतृत्व, प्रशासनिक दक्षता तथा महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास में दिए गए अमूल्य योगदान का स्मरण करते हुए अपने अनुभव साझा किए। सभी ने उनके स्वस्थ, सुखमय एवं यशस्वी भावी जीवन हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

इस अवसर पर डॉ. सीमा गुप्ता ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा महाविद्यालय परिवार की गरिमामयी उपस्थिति में प्राचार्य पद का कार्यभार श्रीमान राजुलाल कोसरे, सहायक प्राध्यापक, प्राणिशास्त्र, को विधिवत हस्तांतरित किया। समारोह के अंत में डॉ. सीमा गुप्ता को स्मृति-चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सौहार्दपूर्ण एवं भावनात्मक वातावरण में सम्पन्न हुआ।

करोड़ों का नकली पनीर पचा गए लोग

मानना पड़ेगा हम छत्तीसगढ़ के लोगों का हाजमा जबरदस्त है। करोड़ों रुपये का नकली पनीर पचा गए लेकिन किसी का बाल भी बांका नहीं हुआ। इसकी वजह यह है कि हम लंबे समय से नकली और मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों का सेवन करने के कारण इसके आदी हो गए हैं। हमारी सेहत पर इसका कोई असर ही नहीं पड़ता। जहर खा-खाकर हम इतने जहरीले हो गए हैं कि अगर हमें सांप भी काट ले हम नहीं मरेंगे, उल्टे सांप ही टैं बोल जाएगा। बहरहाल देर से ही सही प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जन स्वास्थ्य की चिंता की है। करोड़ों के नकली पनीर के कारोबार पर अंकुश लगाया है। अब प्रदेश में एनालॉग पनीर पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही मिलावट रोकने कड़ी कार्रवाई की घोषणा भी की गई है। पर लाख टके का सवाल यह है कि बिल्ली के गले में घंटी बांधेगा कौन? प्रदेश के दर्जन भर जिलों में तो लंबे समय से फूड सिक्योरिटी ऑफिसर के पद रिक्त पड़े हैं। जहां ये पदस्थ हैं उनमें से अधिकांश अवैध वसूली में मस्त हैं। फिर भी स्वास्थ्य मंत्री की बात पर भरोसा करना चाहिए कि वे मिलावटखोरों की नाक में नकेल कसेंगे। इस बीच मिलावटी चीजों का सेवन करने के आदी लोगों को शुद्ध खाद्य पदार्थ खाने की आदत डाल लेनी चाहिए। शुरू में अटपटा लगेगा फिर इसकी भी आदत पड़ जाएगी।

मानसून ने खोली ढोल की पोल

छत्तीसगढ़ में मानसून ने थोड़ी देर से दस्तक दी लेकिन कुछ ज्यादा ही दुरुस्त दस्तक दे दी। नदी-नाले सब उफान पर आ गए और बारिश राहत देने के साथ ही आम लोगों के लिए आफत बन गई। खास लोगों के लिए तो भारी मुसीबत बन गई क्योंकि बारिश की पहली फुहार ने ढोल की पोल खोल कर रख दी। करोड़ों का बजट पाने वाले नगरीय निकायों की अकर्मण्यता उस समय उजागर हो गई जब सड़कें नालों के रूप में तब्दील हो गईं और लोगों के घरों में घुटनों तक पानी भर गया। सरकारी विभागों का भ्रष्टाचार भी पानी में धुलकर उजागर हो गया। करोड़ों की लागत से बनी सड़कें बह गईं। पुल और पुलिया भरभरा कर औंधे मुंह गिर गए। जर्जर सरकारी शाला भवन खंडहर बन गए। सबसे बड़ी क्षति तो गरियाबंद जिले में हुई। वहां उदंती नदी पर नौ करोड़ की लागत से निर्माणाधीन पुल जमींदोज हो गया। यह पुल ओडिशा सरकार बना रही थी इसलिए छत्तीसगढ़ सरकार भ्रष्टाचार के आरोप से बच गई लेकिन छत्तीसगढ़ में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं जो साबित करती हैं कि यहां भी निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार का नंगा नाच चल रहा है।

अटल जी को भी नहीं बख्शा भ्रष्टासुरों ने

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, जिन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया, उनको भी भ्रष्टासुरों ने नहीं बख्शा। अटलजी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने प्रदेश में जगह-जगह अटल परिसर बनाए गए। जहां अटलजी की कांस्य प्रतिमा लगाई जानी थी। किंतु इसमें भी घोटालेबाज खेला करने से बाज नहीं आए। कोरबा जिले के कटघोरा के अटल परिसर में लगी अटलजी की कांस्य प्रतिमा पर जब मूसलाधार बारिश की बौछार पड़ी तो यह हकीकत सामने आ गई कि कांस्य प्रतिमा की जगह सीमेंट की प्रतिमा लगाई गई थी, जिस पर तांबा कलर चढ़ाकर लाखों रुपये डकार लिए गए। सोशल मीडिया में इस घटना पर बस्तर के एक कांग्रेसी ने चुटकी ली कि- अरे भाई अटलजी को तो छोड़ देते... तो इस पर गुस्से से भरे एक भाजपाई ने प्रतिक्रिया दी कि - इनका वश चले तो ये भगवान को भी न छोड़ें। वाकई अपनी मूर्ति के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार को देखकर अटलजी की आत्मा कलप रही होगी। अब तो पूरे प्रदेश में अटलजी की प्रतिमाओं की जांच कराई जानी चाहिए, ताकि पता चले कहां-कहां गड़बड़झाला हुआ है। पेपर लीक की तरह ही प्रतिमा लीक के इस मामले की पड़ताल जरूरी है।

सिस्टम का 'प्रसव मोड़'

वाह! क्या लाजवाब विकास है! सूरजपुर के धुरिया गांव में प्रशासन ने 'डिजिटल इंडिया' को सीधा 'खेत इंडिया' से जोड़ दिया। अतिक्रमणकारी ने रास्ता रोका, तो अफसरों ने अपनी आंखें मूँद लीं। आखिर काम का बंटवारा तो होना ही चाहिए ना! परिवार तीन महीने तक साहबों के दफ्तर के चक्कर लगाता रहा, लेकिन फाइलों का पेट इतना भरा हुआ था कि साहबों की 'संवेदनशीलता' नौ महीने में भी पैदा न हो सकी। बेचारी कुदरत को ही शर्म आ गई, सो उसने सरकारी अनुमति का इंतजार किए बिना खेत को ही 'मैटरनिटी वार्ड' बना दिया। अरे भाई, जब एम्बुलेंस दलदल में फंस सकती है, तो अस्पताल जाने का झंझट क्यों पालना? सीधे खेत में ही किलकारी गूंजवा दी! अब क्या? अब कागजों का प्रसव होगा–जांच कमेटियां बैठेंगी, रिपोर्टों की नाल काटी जाएगी और वादों का झुनझुना थमा दिया जाएगा। प्रशासन को इस नए 'खेत-प्रसूति मॉडल' के लिए शत-शत नमन! अगली बारिश तक शायद रास्ता खुल जाए, तब तक के लिए फाइलें सो रही हैं, आप भी सो जाइए।

बस्तर का सम्मान और कांग्रेसी 'एलर्जी'

वाह! बस्तर की समृद्ध संस्कृति जब राष्ट्रपति भवन की दहलीज़ लांघकर पूरे देश का दिल जीत रही थी, तब कुछ लोगों की 'राजनीतिक खुजली' चरम पर पहुँच गई। आखिर जिस आदिवासी समाज को दशकों तक सिर्फ चुनावी पोस्टरों, भावुक भाषणों और वोट बैंक के बक्से में बंद रखा गया, वह अचानक राष्ट्रीय मंच पर चमचमाने कैसे लगा? वनमंत्री केदार कश्यप का सवाल एकदम सटीक है–बस्तर का सम्मान कांग्रेस को इतना चुभ क्यों रहा है? शायद तकलीफ इस बात की है कि जो बस्तर कल तक सिर्फ हिंसा और पिछड़ेपन की खबरों से पहचाना जाता था, आज वह अपनी गौरवशाली परंपराओं के दम पर राष्ट्रपति के साथ फोटो खिंचवा रहा है। वर्षों तक बस्तर को विकास की मुख्यधारा से दूर रखने वाले अब 'बस्तर पंडुम' पर मुफ्त का ज्ञान बाँट रहे हैं। यह तो वही बात हो गई कि परीक्षा में फेल हुआ छात्र टॉपर को पढ़ाई का तरीका सिखा रहा हो! कांग्रेस उपहास उड़ाती रहे, लेकिन जनता सब देख रही है।

मैडम की 'संस्कार' पाठशाला!

अंबिकापुर के एक नामी प्राइवेट स्कूल ने शिक्षा क्षेत्र में क्रांति ही ला दी है! अब तक बच्चे 'राम एक अच्छा लड़का है' लिखते थे, लेकिन मैडम जी ने अनुशासन का नया 'डिजिटल अवतार' खोज निकाला–माँ की गाली हिंदी और अंग्रेजी में 100-100 बार लिखो, और हाँ, नीचे मम्मी-पापा के दस्तखत भी कराओ! वाह! इसे कहते हैं होम-वर्क का 'सत्यापित डिजिटल ज्ञान'। दो बच्चे लड़े, तो मैडम को लगा कि ज्ञान कहीं अधूरा न रह जाए, इसलिए 200 बार अभ्यास की सुलेख प्रतियोगिता करा दी। स्कूल प्रबंधन को तो अब नए विषय का श्रीगणेश कर देना चाहिए–'अपशब्द लेखन एवं अभिभावक सत्यापन'। बच्चे घर से संस्कार सीखने गए थे, मगर मैडम ने 'अपशब्दों की टाइपिंग स्पीड' बढ़ा दी। अब मामले की 'जांच' बिठाई गई है। देखना यह है कि मैडम पर कोई कार्रवाई होगी या इसे 'बच्चों का रचनात्मक एक्स्ट्रा-करिक्युलर असाइनमेंट' बताकर फाइल बंद कर दी जाएगी!

'लव-नेटवर्क' और टावर!

वाह! सूरजपुर के बिहारपुर थाने में पुलिस को अचानक अपना असली 'मिशन' समझ आ गया–अपराधियों को बाद में पकड़ेंगे, पहले 'भागे हुए मजनूं' को रिकवर करेंगे! विवाद क्या हुआ, मैडम सीधे थाने के मोबाइल टावर पर चढ़ गईं। मैसेज एकदम क्लियर था–प्रेमी लाओ, वरना मैं नीचे लैंड कर जाऊंगी! पुलिस बेचारी कानून की किताबें दिखाती रही, पर मोहब्बत को सरकारी 'प्रोसीजर' की धीमी स्पीड कहाँ समझ आती है? थाने में हड़कंप ऐसा मचा मानो प्रेमी नहीं, पूरी पुलिसिंग का वायरलेस सिस्टम ही हैक हो गया हो। अब साहबों की दो ही प्राथमिकताएं थीं–एक तो मजनूं को 'ट्रैक' करना और दूसरी मैडम को सुरक्षित 'डाउनलोड' करना। सही कहा है, प्यार में जब रिश्तों का नेटवर्क कमजोर पड़ता है, तो लोग सीधे टावर ही पकड़ लेते हैं! शुक्र है पुलिसकर्मियों ने समझदारी दिखाई और टावर पर चढ़कर मैडम को नीचे उतारा, वरना आशिकी के इस चक्कर में 'सिस्टम' का ही सिग्नल उड़ जाता!

हेडमास्टर साहब का 'अश्लील' ज्ञान!

जांजगीर-चांपा के इस सरकारी स्कूल में हेडमास्टर साहब ने शिक्षा का ऐसा 'नया पाठ्यक्रम' शुरू किया कि शर्म भी कोने में जाकर रोने लगी! विद्यालय में किताबें खुलनी थीं, पर साहब कुर्सी पर अर्धनग्न बैठकर अपनी तमाम मर्यादाएं खोल रहे थे। मासूम छात्राओं के सामने आपत्तिजनक हरकतें और बेशर्मी का प्रदर्शन! जब डरे-सहमे बच्चे घर पहुँचे और गुस्सैल अभिभावक स्कूल पहुँचे, तब भी साहब उसी 'शाही पोशाक' में ऐंठ रहे थे। लेकिन अहा! जैसे ही मोबाइल का कैमरा ऑन हुआ, साहब को झटके से कपड़े, पद और अपनी प्रतिष्ठा तीनों याद आ गए। कैमरे का जादू देखिए, उतरता हुआ नशा और ढोंग एक पल में रफूचक्कर हो गया! अब 'जांच' का वही पुराना सरकारी ढोल बजाया जा रहा है। पर सवाल यह है कि अफसर स्कूलों का दौरा करने जाते हैं या सिर्फ हाजिरी रजिस्टर की धूल झाड़ने? ऐसे गुरुजी को तो अब ऐसी सजा मिलनी चाहिए कि अगली बार कुर्सी भी 'मर्यादा' का पाठ खुद याद रखे!

सेंट्रल जेल में 'नशा मार्ट'

रायपुर सेंट्रल जेल के बाहर परिजनों ने 'होम डिलीवरी' का ऐसा क्रांतिकारी मॉडल खोज निकाला कि बड़ी-बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियां भी शर्म से पानी-पानी हो जाएं! कहीं प्याज को खोखला करके गांजा ठूंसा गया, तो कहीं साबुन की टिकिया में नशीली गोलियों का 'सरप्राइज पैक' छुपाया गया। बिस्किट के पैकेट की ऐसी री-पैकिंग की गई कि कंपनी का मालिक भी पहचान न पाए! जेल को सुधारगृह की जगह परिजनों ने 'ऑनलाइन नशा मार्ट' समझ लिया था–ऑर्डर अंदर बंद मजनूं का, कलाकारी बाहर परिजनों की! लेकिन वाह रे तलाशी दस्ता, जिन्होंने प्याज के साथ-साथ इन तस्करों की चालाकी भी छीलकर रख दी। अब बाहरी सामान बंद और कैंटीन से सस्ते में खरीदारी चालू। परिजनों की 'क्रिएटिविटी' भले ही बेकार हो गई हो, पर संदेश एकदम साफ़ है–अगर अब जेल में चालाकी का प्याज लेकर जाओगे, तो बिना काटे ही आँसू बहाओगे!

समय पर इलाज से टला बड़ा मानव-हाथी संघर्ष, जंगल में फिर सुरक्षित लौटा हाथी

मौत के मुंह से लौटा हाथी, वन अमले और डॉक्टरों की मुस्तैदी ने बचाई जान

गरियाबंद/नवप्रदेश। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन विभाग, हाथी मित्र दल और पशु चिकित्सकों की संयुक्त सतर्कता से एक युवा जंगली हाथी की जान बचा ली गई। समय पर इलाज और लगातार निगरानी के कारण न केवल हाथी स्वस्थ हुआ, बल्कि संभावित मानव-हाथी संघर्ष का खतरा भी टल गया।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व प्रशासन ने वरिष्ठ पशु चिकित्सकों की विशेष टीम गठित की। डॉ. पी.के. चंदन और डॉ. राकेश वर्मा ने मौके पर पहुंचकर हाथी की जांच की। उल्टी के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए और उपचार शुरू किया गया। तौरेंगा परिक्षेत्र में लगभग पांच से सात दिनों तक गहन उपचार और चौबीसों घंटे निगरानी की गई। इलाज का असर धीरे-धीरे दिखाई देने लगा। कुछ ही दिनों में हाथी ने नरम मक्का और अन्य आसानी से पचने वाला भोजन खाना शुरू कर दिया। बाद में जनवरी-फरवरी 2026 में ऑल इंडिया टाइगर एस्टीमेशन (AITE-2026) के दौरान कैमरा ट्रैप में हाथी स्वस्थ अवस्था में दिखाई दिया, जिससे उसके पूरी तरह ठीक होने की पुष्टि हुई। अप्रैल 2026 में यह युवा हाथी दोबारा सिकासार हाथी दल में शामिल हो गया। वन विभाग का कहना है कि यदि समय रहते उपचार नहीं किया जाता तो कमजोर और अकेला हाथी भोजन की तलाश में गांवों की ओर रुख कर सकता था, जिससे गंभीर मानव-हाथी संघर्ष की स्थिति पैदा हो सकती थी। वन विभाग ने इस सफलता का श्रेय हाथी मित्र दल, क्षेत्रीय वन कर्मचारियों तथा पशु चिकित्सकों की समर्पित टीम को दिया है।

डाक्टरों ने बचाई युवा हाथी की जान

जानकारी के अनुसार, करीब 6-7 वर्ष का यह नर हाथी नवंबर 2025 में ओडिशा से आए सिकासार हाथी दल से बिछड़ गया था। झुंड से अलग होने के बाद वह लंबे समय तक अकेला भटकता रहा, जिससे उसकी सेहत लगातार बिगड़ने लगी और आसपास के गांवों में मानव-हाथी संघर्ष की आशंका भी बढ़ गई। कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में निगरानी कर रहे हाथी मित्र दल ने सबसे पहले हाथी के असामान्य व्यवहार को देखा। जांच में पता चला कि हाथी मल त्याग नहीं कर पा रहा था और भोजन निगलने में भी उसे गंभीर परेशानी हो रही थी। वन अमले ने उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी और उसकी स्थिति की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी।

केराबहरा में केज ट्रैप में फंसा तेंदुआ स्वास्थ्य परीक्षण कर जंगल में छोड़ा

गरियाबंद/नवप्रदेश। वनमंडल गरियाबंद के अंतर्गत वन परिक्षेत्र गरियाबंद के ग्राम केराबहरा (ग्राम पंचायत जोबा) में पिछले कुछ समय से तेंदुए की लगातार गतिविधियां देखी जा रही थीं। ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये वन विभाग द्वारा लगाये गये केज ट्रैप (पिंजरे) में शुक्रवार को एक नर तेंदुआ सुरक्षित रूप से पकड़ लिया गया।

तेंदुए को पकड़ने के बाद तीन सदस्यीय पशु चिकित्सक दल ने उसका विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । इस दौरान उसकी शारीरिक स्थिति, किसी प्रकार की चोट अथवा बीमारी, शारीरिक क्षमता तथा प्राकृतिक आवास में छोड़ने की उपयुक्तता का आंकलन किया गया। वनमंडलाधिकारी ÷ ससिगानंद के, ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण में तेंदुआ पूरी तरह स्वस्थ पाया गया। विशेषज्ञों की रिपोर्ट के आधार पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) सह मुख्य वन्यजीव वार्डन, नवा रायपुर अटल नगर की अनुमति प्राप्त होने के बाद तेंदुए को सुरक्षित रूप से उसके उपयुक्त प्राकृतिक वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया है।

वन विभाग द्वारा बताया गया कि पूरी प्रक्रिया वन्यजीव संरक्षण के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न की गई, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति को नियंत्रित करने के साथ-साथ तेंदुए की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके।

सरकारी चावल की हेराफेरी का बड़ा भंडाफोड़ बस्तर में 378 बोरी फोर्टिफाइड चावल जब्त

गोदाम से ट्रक में लोड हो रहा था पीडीएस का चावल

- **गुप्त सूचना पर खाद्य विभाग की दबिश, मुख्य आरोपी व्यापारी पर होगी कड़ी कार्रवाई**

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के चावल की कालाबाजारी पर खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी चावल की हेराफेरी का पर्दाफाश किया है। खाद्य नियंत्रक घनश्याम सिंह राठौर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर विभाग की टीम ने शहर के एक गोदाम में छापा मारकर 378 बोरी फोर्टिफाइड राइस कर्नेल (एफआरके) चावल जब्त किया। कार्रवाई उस समय की गई, जब गोदाम से चावल ट्रक में लोड कर बाहर भेजने की तैयारी चल रही थी। विभाग ने ट्रक सहित पूरा माल जब्त कर लिया है। मामले को आगे की कार्रवाई के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

जांच के दौरान गोदाम संचालक ने अधिकारियों को यह कहकर गुमराह करने की कोशिश की कि गोदाम खाली है और वहां कोई नहीं रहता। लेकिन टीम ने सतर्कता दिखाते हुए मौके पर दबिश दी तो ट्रक में चावल लोड होते मिला। विभाग ने तत्काल परिवहन रुकवाकर पूरा माल जब्त कर लिया। जांच में 378 बोरी एफआरके चावल बरामद हुआ, जिसमें 88 बोरी सरकारी बारदाने में तथा 290 बोरी प्लास्टिक के बोरों में भरी हुई थी। प्रारंभिक जांच में मुख्य आरोपी व्यापारी मोहम्मद जिलानी का नाम सामने आया है। उस पर दुकान और साप्ताहिक बाजारों के माध्यम से अवैध रूप से चावल की खरीदी-बिक्री करने का आरोप है। जब्त ट्रक नागपुर के एक व्यक्ति का बताया जा रहा है, जिसे स्थानीय स्तर पर किराए पर लाया गया था। जब्त चावल को जवाहर नगर वार्ड में सुरक्षित सुपुर्दगी में रखा गया है, जबकि ट्रक को कोतवाली पुलिस की अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। कार्रवाई में अधिकारी दिव्या रानी, पायल वर्मा, उमेश चौधरी, तोरण नेताम और हेमंत ब्रह्मभट्ट शामिल रहे।

पीडीएस की कालाबाजारी पर फिर उठे सवाल

बस्तर में इससे पहले भी गरीबों के हिस्से के चावल की हेराफेरी तथा खराब गुणवत्ता वाले चावल वितरण के मामले सामने आ चुके हैं। ऐसे में 378 बोरी एफआरके चावल की बरामदगी ने एक बार फिर सार्वजनिक वितरण प्रणाली की निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक के लिए नियमित निरीक्षण, आपूर्ति श्रृंखला की सख्त निगरानी और दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं कठोर दंडात्मक कार्रवाई जरूरी है,ताकि राशन की कालाबाजारी पर स्थायी अंकुश लगाया जा सके।

जनप्रतिनिधियों के आपराधिक मामलों की जल्द सुनवाई हो, हाईकोर्ट ने सभी अदालतों से मांगी प्रगति रिपोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सांसदों, विधायकों, पूर्व सांसदों और पूर्व विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटारे पर जोर दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने संबंधित अदालतों को इन मामलों की सुनवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही रजिस्ट्रार (न्यायिक) को सभी अदालतों से अद्यतन रिपोर्ट लेकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा गया है। मामले की अगली सुनवाई 25 अगस्त को निर्धारित की गई है। सुनवाई के दौरान न्याय मित्र डॉ. एन.के. शुक्ला ने अदालत को बताया कि पिछली स्थिति रिपोर्ट की तुलना में जनप्रतिनिधियों से जुड़े लंबित आपराधिक मामलों में दो मामलों की कमी आई है। इनमें एक मामला रायपुर और दूसरा कबीरधाम जिले का है, जिनका इस अवधि में निराकरण हो चुका है।

बिलासपुर में विधायक अटल श्रीवास्तव से जुड़ा मामला लंबित: जून 2026 की स्थिति रिपोर्ट के अनुसार बिलासपुर जिले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) की अदालत में विधायक अटल श्रीवास्तव और अन्य के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला विचाराधीन है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत इस मामले की सुनवाई चल रही है, जिसकी अगली तारीख 4 अगस्त 2026 तय की गई है।

सावन उत्सव: बेमेतरा की अपराजिता शुक्ला बनीं 'सावन क्वीन'

- **पारंपरिक खेलों से सजा सावन मड़ई उत्सव**
- **छत्तीसगढ़ी संस्कृति झलकी, रस्सीकूद और खो-खो स्पर्धा आयोजित**

बेमेतरा/नवप्रदेश। रायपुर में सांस्कृतिक विवेकानंद उत्कर्ष परिषद द्वारा आयोजित 14वें सावन मड़ई उत्सव में बेमेतरा की अपराजिता शुक्ला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सावन क्वीन-2026 का खिताब अपने नाम किया। छत्तीसगढ़ी संस्कृति, पारंपरिक परिधानों और लोक परंपराओं से सजे आयोजन में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस सांस्कृतिक आयोजन की जमकर सराहना हो रही है।

परिषद की अध्यक्ष दीप्ति दुबे ने बताया कि संस्था पिछले 14 वर्षों से इस आयोजन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और पारंपरिक खेलों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भौरा, बांटी, गेड़ी, रस्सीकूद और खो-खो जैसे खेल हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं, जिन्हें संरक्षित करना जरूरी है। सावन क्वीन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का मूल्यांकन शिक्षा, व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, सौंदर्य और सामान्य ज्ञान के आधार पर तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल ने किया। सभी चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपराजिता शुक्ला विजेता बनीं। उत्सव में महिलाओं ने पारंपरिक खेलों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गेड़ी पर संतुलन, बांटी और भौंरा प्रतियोगिता, गिल्ली-डंडा,रस्सीकूद तथा खो-खो ने बचपन की यादें ताजा कर दीं। प्रतिभागियों ने कहा कि ऐसे आयोजन केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने प्रयास है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि.शेड नं.74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 फोन: 0771-3526755, 6262188999